फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 130 प्रभात जयपुर, रविवार 11 दिसम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.


जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com



**Average age dropping, but careers getting shorter: GM Anand**

The way I see it, I served as an inspiration. Made people excited about chess…

**Messi Joy After Brazilian Heartbreak**

South America's best team are heading home. The world's most adored player, however, is staying on.

# शपथ ग्रहण समारोह में खड़गे, प्रियंका व राहुल भी शामिल होंगे

## रविवार को प्रातः ग्यारह बजे आयोजित इस समारोह में सुक्खू को मु.मंत्री व वीरभद्र सिंह समर्थक मुकेश अग्निहोत्री को उप मु.मंत्री की शपथ दिलायी जायेगी

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर। सुखविंदर सुक्खु, वह व्यक्ति है जो तकनीकी रुप से शिमला के निकट मशोबरा में प्रियंका के घर के मालिक हैं, उन्हें हिमाचल प्रदेश का नया मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। हालिया चुनाव में राज्य की 68 सीटों में से कांग्रेस ने 40 सीटे जीतकर बहुमत प्राप्त किया है।

वीरभद्र सिंह के समर्थक और 5 बार के विधायक ब्राह्मण नेता मुकेश अग्निहोत्री को राज्य का उपमुख्यमंत्री बनाया गया है।

- **पूर्व मु.मंत्री, दिवंगत वीरभद्र सिंह के पुत्र विक्रमादित्य को भी मंत्रिमण्डल में महत्वपूर्ण विभाग मिलने की चर्चा है।**

राहुल और प्रियंका के करीबी माने जाने वाले सुखविंदर को इन दोनों ने स्व. वीरभद्र की पत्नी रानी प्रतिभा सिंह पर तवज्जो दी है। रानी प्रतिभा सिंह ने वीरभद्र की विरासत के नाम पर मुख्यमंत्री पद पर दावा किया था। प्रदेश अध्यक्ष के रुप में उन्होंने पार्टी का चुनाव अभियान चलाया था, वहीं सुखविंदर प्रचार अभियान कमेटी के प्रमुख थे।

गांधी परिवार ने पुराने सिस्टम को परे रखकर निष्ठावान को तरजीह दी है। एक रोड ट्रांसपोर्ट ड्राइवर के पुत्र 58 वर्षीया सुक्खु युवावस्था में दूध बेचते थे।

प्रतिभा सिंह ने सुक्खु को मुख्यमंत्री के रुप में स्वीकार करने से मना कर दिया क्योंकि सुक्खु के वीरभद्र सिंह से अच्छे सम्बंध नहीं थे और वे लगातार उन्हें चुनौती देते रहे।

अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या रानी सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करेंगी या फिर प्रदेश अध्यक्ष बनी रहेगी। उनके पुत्र विक्रमादित्य भी दौड़ में थे पर उन्हें अच्छा विभाग देकर मना लिया जाएगा।

निर्णय से पूर्व काफी नारेबाजी और प्रदर्शन हुए दावेदारों ने अपने समर्थको से शक्ति प्रदर्शन करवाया। पर सारा नाटक शाम को खत्म हो गया जब हाईकमान, जिन्हें मुख्यमंत्री का चयन करने का अधिकार दिया गया था, ने सुखविंदर को चुना जिनके पास आधे से ज्यादा विधायकों का समर्थन है।

शपथ ग्रहण समारोह रविवार को 11 बजे होगा जिसमें मल्लिकार्जुन खड़गे राहुल गांधी और प्रियंका के भाग लेने की संभावना है।



*भारतीय क्रिकेटर ईशान किशन ने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में शनिवार को 210 रन की तूफानी पारी खेली और वनडे क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक जमाने वाले बल्लेबाज बन गये। किशन ने चंटगांव (बांग्लादेश) में खेले गये मुकाबले में 131 गेंदों पर 24 चौके और 10 छक्कों के साथ 210 रन बनाये। उन्होंने 126 गेंदों पर अपना दोहरा शतक पूरा किया। इससे पहले क्रिस गेल ने 2015 में 138 गेंदों पर दोहरे शतक का आंकड़ा छुआ था। इसके साथ ही किशन एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाले सातवें बल्लेबाज भी बन गये। किशन के अलावा इस प्रारूप में रोहित शर्मा ने तीन बार, जबकि सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, गेल, फखर ज़मान और मार्टिन गप्टिल ने एक-एक दोहरा शतक जड़ा है। कप्तान रोहित शर्मा के अंगूठे में चोट लगने के बाद 24 वर्षीय किशन को टीम में मौका दिया गया था। झारखण्ड के 24 वर्षीय क्रिकेटर ने मौके का पूरा-पूरा फायदा उठाते हुए 210 रन बनाये और एकदिवसीय क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गये। मैच में भारत ने कुल 409 रन बनाये जिसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 182 रन पर ही ऑलआउट हो गई और भारत ने यह मैच 227 रन से जीत लिया।*

# सुक्खू का दावा: तीनों निर्दलीय विधायक कांग्रेस के समर्थन में हैं

## जैसा कि विदित ही है, ये तीनों विधायक भाजपा के बागी उम्मीदवार हैं

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर। कांग्रेस ने महारानी प्रतिभा सिंह के बजाए सुखविन्दर सिंह सुखू (58) को हिमाचल प्रदेश में पार्टी का नेता चुना है। सुखू चुनाव प्रचार मुहिम के प्रमुख थे। वह साढ़े छह वर्षों तक हिमाचल प्रदेश के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे हैं। प्रतिभा सिंह लोकसभा सांसद हैं। वह राज्य के सबसे बड़े कद के नेता एवं कई बार मुख्यमंत्री रहे स्व. वीरभद्र सिंह की विधवा हैं।

सुक्खू, जिन्हें शनिवार शाम कांग्रेस विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री घोषित किया गया था वे सोमवार को मुकेश अग्निहोत्री के साथ शपथ लेंगे। उना जिले के हारोली से 5वीं बार जीते अग्निहोत्री, मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे और पूर्व विधानसभा में विपक्ष के नेता थे, उन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया गया है।

हमीरपुर जिले के नादौन विधानसभा क्षेत्र से तीसरी बार निर्वाचित हुए और वीरभद्र सिंह के जीवनकाल में उनके प्रतिद्वंदी रहे सुखू ने शनिवार को कहा कि "हम वीरभद्र सिंह की विरासत साथ में लेकर चल रहे हैं।" उन्होंने दावा किया कि भाजपा के बागी रहे तीनों निर्दलीय विधायकों का उन्हें समर्थन प्राप्त है, जिससे उनके पक्ष के कुल विधायकों की संख्या 43 हो गई है। उन्होंने कांग्रेस की सबसे स्थिर सरकार देने का वादा करते हुए संकेत दिया कि विपक्षी भाजपा के 7 से 8 विधायक भी कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं।

- **सुक्खू का यह भी दावा है कि, भाजपा के 7-8 विधायक भी कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं।**
- **सुक्खू ने अपने गृह जिले में हमीरपुर की पांच सीटों में से चार सीटें कांग्रेस को दिलायीं तथा पांचों निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी सुक्खू को समर्थन देने का ऐलान किया। इस प्रकार सुक्खू ने हमीरपुर को "भाजपा मुक्त" करने का भी दावा किया।**
- **लोअर हिमाचल क्षेत्र से मु.मंत्री बनने वाले कांग्रेस के पहले विधायक हैं सुक्खू। इससे पूर्व भाजपा के प्रेम कुमार धूमल हिमाचल के मु.मंत्री रहे हैं।**

मजेदार बात ये है कि मुख्यमंत्री पद को लेकर चले संघर्ष के दौरान सुखू ने शुक्रवार को दावा किया था कि वे दौड़ में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि "पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया है और उसके आदेश का पालन करना मेरा कर्त्तव्य है।"

उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत छात्र राजनीति से की थी। वह वर्ष 1988 से 1995, सात वर्षों तक नैशनल स्टूडेण्ट यूनियन ऑफ इण्डिया (एन.एस.यू.आई.) के अध्यक्ष रहे।

सुखू पिछले 40 वर्षों से कांग्रेस की राजनीति में हैं। पार्टी नेतृत्व ने पर्यवेक्षकों की राय मानी, जिन्होंने बताया था कि बड़ी संख्या में विधायक सुखू के साथ हैं और प्रतिभा सिंह को उनके जितना समर्थन प्राप्त नहीं है और वह लोकसभा सदस्य भी हैं। यदि प्रतिभा सिंह को मुख्यमंत्री बनाया जाता है तो विधायकों के पाला बदलने का जोखिम पार्टी नहीं उठा सकती।

सुखू ने कांग्रेस में ऐसा सपोर्ट बेस तैयार किया, जिससे वह सर्वाधिक सशक्त पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का विरोध करना सुनिश्चित कर सके।

वीरभद्र सिंह के कड़े विरोध के बावजूद सुखू को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया था जिससे पता चलता है कि वह पार्टी में कितने लोकप्रिय थे। युवक कांग्रेस में 10 वर्ष बिताने के बाद उन्होंने नादौन विधानसभा क्षेत्र से चुनाव

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# डॉ. सतीश पूनिया का राहुल गांधी से छठा सवाल

जयपुर, 10 दिसम्बर (का.सं.)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से छठा सवाल किया कि अवैध खनन पर रोक कब लगेगी। उन्होंने कहा, "राहुल गांधी गुस्ताखी माफ, आज फिर आपको चेताने के लिए आया हूं, हमेशा की तरह आपका जवाब तो नहीं आया, पर मेरा धर्म है कि मैं आपकी कांग्रेस पार्टी जो यहां सरकार चला रही है, उस पार्टी के और सरकार के भीतर जो मुद्दे हैं, उन्हें आप तक ठीक तरीके से पहुंचाऊँ।"

उन्होंने कहा, मुद्दे आप तक पहुंचे या नहीं, मुझे पता नहीं, मेरा सवाल वही

- **राजस्थान के जनहित के मुद्दों को लेकर सतीश पूनिया ने राहुल गांधी से पूछा, अवैध खनन पर रोक कब लगेगी?**

है जो आपकी खुद की पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री भरत सिंह कुंदनपुर का है, वो अक्सर चिट्ठी पत्री करते हैं। भरत सिंह कुंदनपुर ने जिस बात को सबसे ज्यादा उठाया, दो मसले थे जिसमें खासतौर पर बड़ा मसला था वह था अवैध खनन का, उसमें इतना तक उन्होंने किया कि मुख्यमंत्री से मंत्री की बर्खास्तगी तक की मांग की। तो क्या भरत सिंह की उस मांग पर आप संज्ञान लेंगे, हमारी और जनता की भले ही आप ना सुनें, पर क्या आपकी अपनी पार्टी के हैं कम से कम भरत सिंह जी की जिज्ञासा

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# प्र.मंत्री मोदी राष्ट्रपति पुतिन से वन-टू-वन मीटिंग का बहिष्कार करेंगे

## जी-20 की अध्यक्षता संभालने के बाद, भारत का पहला निर्णय

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर। खबर है कि यूक्रेन युद्ध में परमाणु हथियारों का प्रयोग करने की पुतिन की धमकी को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस के राष्ट्रपति के साथ आमने-सामने की मुलाकात करने से बच रहे हैं।

प्रतिष्ठित एवं व्यापक प्रभाव रखने वाली ब्लूमबर्ग न्यूज़ एजेंसी ने विदेश मंत्रालय के अज्ञात सूत्रों का हवाला देकर इस घटनाक्रम की खबर दी।

यदि ऐसा होता है तो यूक्रेन के युद्ध के लिए यह एक स्पष्ट तोहमत होगी और भारत के इस रूख के लिए भी कि यह समय युद्ध का नहीं है।

मोदी ने समरकंद में आयोजित शंघाई को ऑपरेशन सम्मेलन के दौरान रूस के राष्ट्रपति के साथ हुई अपनी अंतिम बातचीत में स्पष्टत: कह दिया था कि भारत किसी मुद्दे का बल प्रयोग के माध्यम से समाधान करने के खिलाफ हे।

यदि द्विपक्षीय बातचीत निरस्त हो जाती है तो भारत के जी-20 देशों की अध्यक्षता ग्रहण करने के बाद जारी किए जाने वाला यह पहला स्टेटमैंट होगा। इसका मतलब होगा जी-20 की प्रक्रिया में इस रूख का विस्तार करना, जिसमें जी-20 शिखर सम्मेलनों के लिए रूस के राष्ट्रपति को दिए जाने वाले निमंत्रणों को रद्द करना भी शामिल होगा।

- **क्या बहिष्कार का मतलब होगा, भारत जी-20 की बैठकों में रूस को आमंत्रित नहीं करेगा?**
- **यह भारत का निर्णय काफी जोखिम भरा है, क्योंकि भारतीय सेना के अधिकांश हथियार व साज-सामान "रूसी ओरिजन" के हैं, अतः भारत को हथियारों के "स्पेयर पार्ट्स" की भारी दिक्कत हो सकती है।**
- **यह दिक्कत, भारत को अमेरिका व पाश्चात्य देशों की गोदी में और धकेलेगी, क्या रूस इस घटनाक्रम को स्वीकार करेगा?**

जी-20, दुनिया की सबसे बड़ी बीस अर्थव्यवस्थाओं का एक बेहद प्रभावी संगठन है, इसका पिछला शिखर सम्मेलन इस माह ही इंडोनेशिया में हुआ था। इस प्रकार के शिखर सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति का बहिष्कार करने का मतलब रूस के सैन्य अभियान की कटु आलोचना करना हो सकता है।

भारत संयुक्त राष्ट्र में पश्चिमी देशों के उन प्रस्तावों के लिए वोटिंग में भाग लेने से इंकार करता रहा है, जिनमें यूक्रेन में आक्रमण को लेकर रूस की निंदा की गई थी। भारत ने रूस के खिलाफ लगाए गए पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों का अनुसरण करने और रूस से तेल खरीदने को लेकर पश्चिमी देशों के उपदेश मानने से भी इंकार कर दिया था। तेल खरीद के बहिष्कार का उद्देश्य रूस की अर्थव्यवस्था का गला घोंटना था क्योंकि वह अपने राष्ट्रीय बजट के राजस्व के लिए तेल की बिक्री से प्राप्त होने वाली आय पर ही निर्भर है।

भारत द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों की और रूस का तेल खरीदने को लेकर अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# भारी सुरक्षा के बाद भी चोरियां हो रही हैं ताज महल में

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर। ताजमहल में गार्ड्स का पहरा चौबीसों घंटे रहता है, लेकिन इसके बावजूद इसमें जड़ित कीमती पत्थर और नक्काशियां प्रतिवर्ष गायब हो रहे हैं। आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया (ए.एस.आई.) ने इस ऐतिहासिक इमारत के सौंदर्य को बनाए रखने के लिए नए पत्थर लगवाने पर ढाई करोड़ रूपए खर्च किए हैं।

- **आर.टी.आई. के तहत पूछे गए एक सवाल के जवाब में बताया गया है कि, हर साल ताज महल से कई कीमती पत्थर और नक्काशियाँ चोरी हो जाती हैं।**

नक्काशीदार पत्थरों के गायब होने

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# कांग्रेस ने साफ मैसेज दिया, मेहनत व पार्टी के प्रति वफादारी पुरस्कृत होगी

## सुक्खू के पक्ष में यह बात भी रही कि, राहुल गांधी ने भी सुक्खू के इन दोनों गुणों को सराहा था

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर। पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को स्पष्ट संकेत देते हुए कांग्रेस ने पार्टी के साधारण कार्यकर्ता सुखविंदर सिंह सुक्खु को हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री पद के लिए चुना है। कार्यकर्ता के स्तर से उठे सुक्खु कांग्रेस की चुनाव अभियान समिति के प्रमुख थे।

मुकेश अग्निहोत्री, जो निवर्तमान विधानसभा में विपक्ष के नेता थे, को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। सभी 40 विधायकों ने सुक्खु को मुख्यमंत्री चुने जाने के पत्र पर हस्ताक्षर किए।

शनिवार को शिमला में हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह घोषणा की।

- **सुक्खू प्रदेशाध्यक्ष के पद पर छः साल रहे, 2013-2019 तक। हालांकि इस दौरान, छः बार मु.मंत्री रहे वीरभद्र सिंह से उनका संघर्ष व विरोध सर्वविदित था।**
- **सुक्खू के पिता एक सरकारी कर्मचारी थे तथा सुक्खू विद्यार्थी जीवन से ही राजनीति में सक्रिय थे और आर्थिक दृष्टि से उन्होंने काफी संघर्ष किया, न्यूज़ पेपर एजेंट के रूप में भी काम किया, जीविकापार्जन करने के लिये, पढ़ाई करते समय।**
- **सुक्खू के लिये सबसे बड़ी चुनौती होगी दिवंगत वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह को संभालना। प्रतिभा सिंह स्वयं मु.मंत्री पद की उम्मीदवार थीं तथा वीरभद्र सिंह के परिवार की पुरानी रंजिश रही है सुक्खू से।**

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के नए मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री रविवार को शपथ लेंगे।

केन्द्रीय पर्यवेक्षकों द्वारा सभी विधायकों से बातचीत किए जाने के बार निर्णय की घोषणा की गई और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को कर्नाटक फोन करके यह जानकारी दी गई। पार्टी हाईकमान आम कार्यकर्ता को यह संदेश देना चाहते हैं कि मेहनत और निष्ठा को पुरुस्कृत किया जाएगा। एक अन्य बात सुक्खु के पक्ष में गई वो यह थी कि राहुल गांधी पूर्व में उनकी तारीफ कर चुके हैं।

नादौन के विधायक सुखविंदर को पार्टी के अधिकांश विधायकों का समर्थन रहा है। उन्हें विधानसभा चुनावों का चुनाव प्रचार समिति को प्रमुख भी बनाया गया था।

छात्र नेता के रुप में शुरुआत करने वाले सुखविंदर जुझारु नेता है और 2013 से 2019 तक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे है हालांकि 6 बार पार्टी के मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह से उनकी कभी नहीं बनी।

उन्होंने पहली बार हमीरपुर की नादौन सीट से विधानसभा चुनाव जीता, 2007 में भी वे काबिज रहे पर 2012 में हार गए फिर 2017 और 2022 में वे पुनः यही से विजयी हुए।

निचले हिमाचल के वे पहले कांग्रेस नेता हैं जो सर्वोच्च पद पर पहुंचे है। हिमाचल का नालागढ़, उना, हमीरपुर कांगड़ा और कुलु की निचली पहाड़ियां "लोअर हिमाचल" का हिस्सा हैं। हमीरपुर से हिमाचल को दूसरा मुख्यमंत्री मिला है। भाजपा के प्रेम कुमार धूमल भी हमीरपुर के ही थे।

कांग्रेस ने 68 में से 40 सीटें जीतकर हिमाचल में भाजपा से सत्ता छीन ली है। यहां 12 नवम्बर को मतदान हुआ था और नतीजे 8 दिसम्बर को घोषित हुए थे। साधारण आदमी से मुख्यमंत्री बनने की सुखविंदर की कहानी किसी सपने से कम नहीं है जो किसी को भी प्रेरित कर सकती है। खासकर कांग्रेस के वे बिना किसी राजनैतिक विरासत के उच्च पद पर पहुंचे हैं। 27 मार्च 1964 को जन्मे सुक्खु हमीरपुर जिले के नादौन से चार बार विधायक रहे हैं, लेकिन आश्चर्यजनक बात यह है कि वह अपने तीन दशक लम्बे राजनीतिक करियर में कभी मंत्री, चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी (सी.पी.एस.) या यहां तक कि किसी

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तेलंगाना में वर्ष 2023 के अंत में होने जा रहे विधानसभा चुनावों की तैयारी को लेकर तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी की 40 सदस्यीय कार्यकारिणी का शनिवार को पुनर्गठन किया। ए. रैवन्त रेड्डी इसके अध्यक्ष बनाए गए हैं।

उन्होंने राज्य की एक 22 सदस्यीय पॉलीटिकल अफेयर्स कमेटी का भी गठन किया। तमिलनाडू से सांसद एवं ए.आई.सी.सी. में तेलंगाना के प्रभारी बी. मणिकम टैगोर को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा 24 प्रदेश उपाध्यक्षों, 84 महासचिवों और सभी जिला इकाइयों में अध्यक्षें की नियुक्तियां भी की गईं।

- **तेलंगाना में 2023 के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं और उसे देखते हुए कांग्रेस ने तेलंगाना इकाई का पुनर्गठन किया है।**

## विचार बिन्दु

**अज्ञान जैसा शत्रु दूसरा नहीं। –चाणक्य**

# वनों और शब्दों से परे जीवन का उत्कर्ष

कई मित्र और सहयोगी प्राय: मुझसे पूछते हैं कि भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्ति के बाद मैं क्या करूंगा। सेवानिवृत्ति से पहले पूरी की जाने वाली प्राथमिकताओं पर भी प्रश्न पूछे जाते हैं। इन सवालों के उत्तरों से मैं प्राय: बचता रहा हूं। अब मैं इन्हें यहाँ संबोधित कर रहा हूँ।

यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि बहुत लोग ऐसे पाए जाते हैं जो समान कुशलता से अनेक कार्य करने में सक्षम होते हैं। वे किसान, शिक्षक, प्रबंधक, नियामक, वैज्ञानिक, पत्रकार, लेखक, औषधि-विकासकर्ता,और भी बहुत कुछ एक साथ हो सकते हैं। असाधारण होने के लिए उन्हें सामान्य प्रयत्नों से आगे जाना होता है। ऐसा क्यों और कैसे होता है, इसे शब्दों में स्पष्ट कर पाना कठिन है। ऐसे लोगों की यात्रा पर स्पष्ट अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए उनके साथ रहना व काम करना पड़ता है। ऐसे लोगों का जीवन-संघर्ष न तो आश्चर्यजनक होता और न ही किसी से छुपा रहता। उनके दिल और अंतर्मन में एक सतत ज्वाला धधकती है। वे सम्पूर्ण जीवन के हर क्षण का श्रेष्ठ निवेश करते हैं। ऐसे लोग आय या धन पर केन्द्रित संकीर्ण मनोस्थिति में नहीं फंसते। मानव उत्कर्ष बहुत निवेश मांगता है और बदले में कल्पना से भी अधिक प्रचुर मात्रा में प्रतिफल देता है। इस सबके लिए उत्तम मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य आवश्यक होता है। एक सार्थक जीवन और अडिग उद्देश्य, चरित्र और सद्गुण, और लचीले सामाजिक संबंधों की भी आवश्यकता होती है। वस्तुत: इसके लिए प्रज्ञा की आवश्यकता होती है और जिसके परिणामस्वरूप खुशी, जीवन-संतुष्टि और कल्याण प्राप्त होते हैं।

हर व्यक्ति की तरह मुझे भी प्रज्ञा को विकसित करते रहना होगा, क्योंकि यह मानव उत्कर्ष का एक अति-महत्वपूर्ण निर्धारक है। प्रज्ञा से प्रसन्नता प्राप्त होने की प्रबल आशा होती है क्योंकि प्रज्ञा प्रसन्नता की जननी है। अंग्रेजी के शब्द विजडम को भारतीय दर्शन और विज्ञान में बुद्धिमत्ता, मनीषा, मतिमानता, प्रज्ञा, प्रज्ञता, बुद्धिमानी, ज्ञान, ज्ञान-परिपूर्णता, ज्ञानज्ञता-कर्मज्ञता और समझ आदि के रूप में जाना जा सकता है। प्राचीन काल से दुनिया भर की संस्कृति और सभ्यताओं के धार्मिक और दार्शनिक साहित्य में प्रज्ञा अध्ययनों का एक गंभीर विषय रहा है। पिछले पाँच दशकों के दौरान साइंस ऑफ़ विजडम पर अनुसंधान में भी भारी बढ़ोत्तरी हुई है। वस्तुत: प्रज्ञा एक समठा, बहुआयामी व्यक्तित्व विशेषता है जो उत्तम कल्याण, जीवन में संतुष्टि और समठा रूप से बेहतर स्वास्थ्य और प्रसन्नता से जुड़ी है। मैंने जीवन में प्रज्ञावान बनने के लिए कई तंत्रों की स्वयं खोज किया है और उनका पालन करता हूँ। विजडम, बुद्धिमत्ता या प्रज्ञा के कम से कम सात घटक पहचाने जा चुके हैं। सबसे पहले, समाजोन्मुखी व्यवहार या प्रोसोशल बिहेवियर जिसमें आत्म-नियंत्रण, दया, सहायता, करुणा, सहानुभूति, परोपकारिता, और सभी के लिए निष्पक्षता की भावना आदि हैं। दूसरा, भावनात्मक नियमन या इमोशनल रेगुलेशन, जिसमें आत्म-नियंत्रण और उकसाए जाने पर भी अविचलित रहना है। तीसरा, आत्म-चिंतन, आत्म-समीक्षा, व्यक्तिगत अंतर्दृष्टि और सीखने की क्षमता शामिल है। चौथा, वैचारिक विविधता व भिन्न दृष्टिकोणों के प्रति सहिष्णुता। पांचवां, अनिश्चितता के रहते हुये भी समय पर प्रभावी निर्णय लेने की क्षमता। छठा, उचित सलाह देने में तत्परता या सोशलएडवाइजिंग, जीवन और सामाजिक निर्णय लेने का सामान्य ज्ञान, और अंत में, एक ऐसी मनोस्थिति जो दैनिक जीवन में आध्यात्मिकता को गले लगाती है। इस बात पर मेरा दृढ़-विश्वास है और उसी के अनुसार कार्य भी करता हूं कि जिनके पास विद्वता, विचारशीलता, विज्ञान, स्मृति, तत्परता और क्रियात्मकता है, उनके लिए कुछ भी अप्राप्य नहीं है। मैं इस तथ्य की गहराई को भी समझता और पालन करता हूं कि वास्तव में प्रज्ञावान लोग शायद ही कभी ज्ञान के नशे में चूर होते हैं! छद्म-प्रज्ञा की बात अलग है। यह मनोस्थिति मेरे लिए सर्वोपरि है कि किसी के जीवन में मुस्कुराहट लाना जेब में लाखों डॉलर से कहीं अधिक बेहतर है। यहाँ वर्णित समग्र चिंतन ने मुझे वह बनाया, जो मैं हूं। इसने मुझे वह सब दिया, जो मेरे पास है।

मैं नदियों और पहाड़ियों के बीच बसे एक सुदूर गांव में पैदा हुआ था। स्वाभाविक है कि उस भू-परिदृश्य की कठिनाइयों और विशेषताओं का सामना करते हुए जीवित रहने की रणनीतियों को सीखना आवश्यक था। ऐसे गावों में आपको एक किसान, मजदूर, और साधारण इंसान होना पड़ता है जो जीवित रहने के लिए पारंपरिक कौशल सीखने के लिए तैयार हो। यहाँ का हर समाधान वैसा ही होता है जिसे विश्व आज प्रकृति-आधारित समाधानके नाम से जानता है। कोई आश्चर्य नहीं कि आवश्यकता हो तो मैं अपने खेतों में खेती कर सकता हूं। मैं अपने गाँव में तालाब बना सकता हूँ और आजीविका के लिए जलीय फसलों की खेती सकता हूँ। मैं अपनी बनाई हुई नाव में तेजी से बहने वाली नदी को पार करने में भी आपकी मदद कर सकता हूं। मैं मनुष्यों, पक्षियों, कीड़ों और अन्य प्राणियों की पीढ़ियों के कल्याणार्थ आम का बगीचा भी उगा सकता हूँ। मैं मिट्टी का घर बना सकता हूँ और बड़ी आसानी से पशुपालन कर सकता हूँ। और भी बहुत कुछ किया जा सकता है लेकिन यह सब इसलिए नहीं कि मैं नए सिरे से सब कुछ सीखने को तैयार हूं, बल्कि इसलिए कि वनों की ओर जाने से पहले मैंने अपने गांव में जीवित रहने के लिए ये सब किया था। अपने जीवन-काल में मैं यह कभी नहीं भूला कि कुछ जानना बड़ी बात है लेकिन कुछ करना उससे भी बड़ी बात है।

> **सेवानिवृत्ति सांसारिक निवृत्ति नहीं है। बाद के जीवन में भी सार्थक गतिविधियाँ महत्वपूर्ण हैं। सामंजस्यपूर्ण पारिवारिक और सामाजिक संबंध, लक्ष्यों को तय कर पूरा करना, व्यायाम व पसंदीदा खेल, प्रकृति-अनुभव, आध्यात्मिकता, बौद्धिक उपलब्धि, लोगों के चेहरे पर स्वास्थ्य की मुस्कान और धरती के चेहरे पर हरियाली की मुस्कान लाने जैसी व्यापक गतिविधियां वृद्धावस्था में भी जीवन की सार्थकता और उत्कर्ष को बनाये रखती हैं।**

आगे भी देखें तो मई 2023 में अपनी सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद मैं उस आयुर्वेद के शिक्षण पर ध्यान दे सकता हूँ जो मैंने स्वयं 18 साल की उम्र से पहले सीखा था। मैं नई पीढ़ी के युवाओं को यजुर्वेद का विधिवत सस्वर पाठन भी सिखा सकता हूं। दुनिया भर के कुछ सबसे प्रसिद्ध संस्थानों में वानिकी, पर्यावरण-शासन और सस्टेनेबिलिटी साइंस पढ़ाने का आमंत्रण मेरे लिए सदैव उपलब्ध है। यह सब इसलिए नहीं कि मैं नए सिरे से सीखकर कुछ भी करने को तैयार हूं, बल्कि इसलिए कि मैंने समय-समय पर भारतीय वन सेवा में रहते हुए भी ऐसे विविध कार्यों का आनंद लिया है। मैं पहले भी देश के महत्वपूर्ण संस्थान में प्राध्यापक रहा हूं, और आज भी राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में अतिथि प्राध्यापक हूं। ऐसी गतिविधियों से हम लोगों के कौशल को बढ़ा कर उनके चेहरे पर ऐसी मुस्कान ला सकते हैं जो उन्हें समाज के लिए अधिक उपयोगी बना सकती है।

ज्ञान के दान से बड़ा कोई दान नहीं है! वानिकी, वन और आजीविका, वन-सुशासन, पर्यावरण प्रबंध आदि पर काम करने वाली विश्व के श्रेष्ठ संस्थाओं में एक बार पुन: वैज्ञानिक के रूप में काम करना मुझे हमेशा अच्छा लगेगा। जमीनी स्तर पर काम करने के साथ-साथ अनुभव और विज्ञान के आधार पर विश्व की अनेक सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय समस्याओं के प्रकृति-आधारित समाधानपर नवीन ज्ञान उत्पन्न करना आज भी मेरा जुनून बना हुआ है। मैं अत्याधुनिक और सुप्रसिद्ध प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया घरानों में एक पत्रकार के रूप में भी काम करने का आनंद ले सकता हूं। असल में वर्ष 1975 के आसपास पत्रकारिता से मेरी पहली कमाई आई थी!

वन प्रबंधक के रूप में वनों और संरक्षित क्षेत्रों की रक्षा, प्रबंधन, पुनर्स्थापन और पुनर्वन्यकरण में योगदान तो मेरे लिए सहज है ही, क्योंकि सीखने और क्रियान्वयन की यह मनोहारी प्रक्रिया मेरे जीवन का एक प्रमुख हिस्सा रही है। पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य में सुधार के साथ ही प्रकृति-आधारित औषधियां और निवारक रणनीतियां विकसित कर लोगों के स्वास्थ्य में सुधार भी किया जा सकता है। ऐसा करके मानवता को कुछ सबसे कठिन बीमारियों से बचा सकते हैं।

हमारे पास जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने के लिए शमन और अनुकूलन विकल्पों की बहुतायत है लेकिन उन्हें लागू करने के लिए पर्याप्त राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी है। कॉर्पोरेट घरानों में पर्यावरण-शासन, पर्यावरण अनुपालन और नियामक वातावरण में सुधार करना, ताकि वे अनिवार्य नियमों का पालन करने में सक्षम हो सकें, भी मेरे लिए प्रसन्नतादायक कार्य होगा। इसमें कई ऐसे सक्रिय कदम शामिल होंगे जो एक ओर उद्योग को प्रतियोगियों के मध्य बढ़त प्रदान कर सकेंगे और दूसरी ओर जल, वायु, पर्यावरण और जैव-विविधता के संरक्षण में सहायक होंगे। जलवायु परिवर्तन की स्थिति से निपटने में औद्योगिक घरानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस कार्य में वानिकी और पर्यावरण प्रबंध दोनों का ही योगदान हो सकता है।

आइए अब प्राथमिकताओं पर चलते हैं। भारतीय वन सेवा में विभिन्न पदों पर एक परम संतुष्टिदायक कैरियर के साथ प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल के प्रमुख) के रूप में कार्यभार ठाहण करने के तुरंत बाद, निर्धारित नियमित कार्यों के अलावा, तय की गई पाँच प्राथमिकताएँ अब पूरी हो रही हैं। पहला, बड़ी संख्या में पद रिक्त होने के कारण वन विभाग जमीन पर लगभग आधे अधिकारियों के साथ कार्य कर रहा था। विभाग में भर्तियां हुई हैं और शीघ्र ही पूरी हो रही हैं। अगले दशक के दौरान पूरी क्षमता से कार्य करने के लिए सभी पदों पर नियुक्ति की जा रही है। दूसरा, फील्ड स्टाफ विभिन्न कारणों से 3-4 वर्षों तक अपनी पदोन्नितयों से वंचित रहा। अब यह प्रक्रिया पूरी हो रही है। एक रैंक जिसमें अभी पदोन्नित होना है, जल्द ही पूरी होने वाली है। तीन, नई बाह्य-सहायता प्राप्त परियोजनाओं के माध्यम से हमारे पास वनों, वन्य-जीवन और जैव-विविधता के संरक्षण, जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन, और स्थानीय समुदायों की आजीविका में सुधार के लिए निवेश हेतु 3600 से 4500 करोड़ रुपये का संसाधन होगा। चार, अच्छा कार्यक्रम कार्यान्वयन एक ज्ञान-गहन यात्रा है जिसके लिए मजबूत साक्ष्य-आधार की आवश्यकता होती है। हमने पूरे राज्य में अब पुनर्स्थापन और पुनर्वन्यकरण के लिए अत्याधुनिक वैज्ञानिक और अनुभवजन्य ज्ञान का एकीकरण कर सभी साथियों तक पहुँचाया और कियान्वयन प्रारंभ कराया है। इसी के साथ कम से कम 10 नए कंसर्वेशन रिजर्व, एक और लेपर्ड रिजर्व, और एक नया बाघ संरक्षित क्षेत्र अस्तित्व में आ चुके हैं। शीघ्र ही एक और बाघ संरक्षित क्षेत्र घोषित हो सकता है। इस प्रकार, वन विभाग के पास अगले 10 वर्षों के लिए कार्य करने हेतु वन बल, संसाधन और ज्ञान उपलब्ध होगा। उल्लेखनीय है कि यह वही समय होगा जिसे संयुक्त राष्ट्र के पारिस्थितिक तंत्र पुनर्स्थापन दशक (2021-2030) के रूप में घोषित किया गया है। पांचवीं प्राथमिकता पूरा होना शेष है, लेकिन उस पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अभी छह महीने हैं। आशा है कि राजस्थान सरकार के सहयोग और सरकार और वन विभाग में सहयोगियों की पूर्ववत् मदद से हम कर्मचारियों और अधिकारियों की लंबे समय से लंबित कई उचित मांगों को हल करने में सक्षम होंगे।

जीवन की सार्थकता एक जटिल अवधारणा है जिसमें जीवन के बोधगम्य और सुसंगत होने, उद्देश्य और दिशा तय होने, वैयक्तिक अस्तित्व समाज के लिए वांछित होने के साथ-साथ सामाजिक स्नेह और जीने-योग्य जीवन शामिल हैं। जीवन की सार्थकता शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से भी संबंधित है, जिसमें दीर्घायु में वृद्धि और रुग्णता में कमी शामिल है। सेवानिवृत्ति सांसारिक निवृत्ति नहीं है। बाद के जीवन में भी सार्थक गतिविधियाँ महत्वपूर्ण हैं। सामंजस्यपूर्ण पारिवारिक और सामाजिक संबंध, लक्ष्यों को तय कर पूरा करना, व्यायाम व पसंदीदा खेल, प्रकृति-अनुभव, आध्यात्मिकता, बौद्धिक उपलब्धि, मनोहारी स्थलों की यात्रा और प्रज्ञा सुदृढ़ करना, लोगों के चेहरे पर स्वास्थ्य की मुस्कान और धरती के चेहरे पर हरियाली की मुस्कान लाने जैसी व्यापक गतिविधियां वृद्धावस्था में भी जीवन की सार्थकता और उत्कर्ष को बनाये रखती हैं। यह लेखा-जोखा आपको वनों और शब्दों से परे जीवन का उत्कर्ष दर्शित करता है। इन चर्चाओं के लिए हम मिलते रहेंगे!

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी)**

**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

# देश के आदरणीय टोल फ्री

- **हर टोल नाके पर टैक्स नहीं देने वाले माननीय की सूची देखकर मन उद्वेलित हो उठता है**
- **प्राय: सभी सरकारी वाहनों को भी टोल फ्री गली से निकाला जा रहा है जो गलत है**
- **जनता में मैसेज यह जा रहा है कि टोल नहीं देना, देश में बड़े आदमी होने का सूचक है**



डॉ. कैलाश सोडाणी

मैं जब भी राष्ट्रीय राज मार्ग से यात्रा करता हूं तो सड़कों की क्वालिटी पर गर्व होना स्वाभाविक है। परन्तु टोल नाकों पर आदरणीय महानुभावों की एक टोल मुक्त सूची को देखकर मन व्यथित हो जाता है। श्री अटल बिहारी वाजपेयी जैसे राजनेता का विजन और श्री नितिन गडकरी जैसे मंत्रियों की मेहनत एवं लगन से आज देश में हजारों कि.मी. चमचमाती सडकों ने राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को जबरदस्त गति प्रदान की है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निर्मित फोर-लेन, सिक्स-लेन, एक्सप्रेस हाई-वे से यातायात, कृषि, उद्योग, पर्यटन, आदि सभी क्षेत्रों में क्रान्तिकारी परिवर्तन दिखाई दे रहा है। आधुनिक युग में विकास की गंगा का मार्ग नवनिर्मित सड़के ही हैं। पिछले दो दशकों में सड़कों और वाहनों की क्वालिटी एवं क्वांटिटि में जो सुधार हुआ है, उससे देश की ही नहीं अपितु प्रत्येक नागरिक की गति में भी उल्लेखनीय अभिवृद्धि हुई है । यात्रा सुखद, सुगम एवं सुरक्षित हुई है। सडक दुर्घटनाऐं तेजी से कम हो रही हैं।

टोल टेक्स के माध्यम से सड़क निर्माण का विचार बहुत सफल रहा है। सरकारों के बजट से सडकों का इतना बड़ा नेटवर्क खड़ा करना नामुमकिन था। एक अच्छी बात यह भी है कि इस व्यवस्था में प्राधिकरण टोल टेक्स केवल उन्ही से वसूल रहा है जो सड़क का उपयोग कर रहे हैं। जब कि प्राय: सरकारों को राजस्व देने वाले और उसके उपयोगकर्त्ता में कोई संबंध नहीं होता है। इसलिए इस प्रकार का कर देने में कर देने वाले को प्राय: सुखद अनुभुति नहीं होती है। हमारे देश में जिस प्रकार का प्रशासनिक सिस्टम है, लालफीताशाही है, कार्य करने के वातावरण का अभाव है फिर भी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने जो काम कर के दिखाया है, नि:सन्देह प्रशंसनीय है। प्राधिकरण के इंजिनियर्स को देशवासियों का सलाम।

परन्तु प्राधिकरण के एक महत्वपूर्ण निर्णय से हम सहमत नहीं हैं। हर टोल नाके पर ऐसे माननीय लोगों की सूची एक बड़े बोर्ड पर उल्लेखित है जिन्हें टोल टेक्स से मुक्त कर रखा है, उनमें महामहिम राष्ट्रपति, उप- राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, न्यायाधीश, सांसद, विधायक, बड़े प्रशासनिक अधिकारी सम्मिलित हैं। इन सभी आदरणीय महानुभावों को टोल फ्री करने के पीछे प्राधिकरण का मंतव्य समझ में नहीं आया। मेरा मानना है प्राधिकरण की इस व्यवस्था से समाज को अच्छा मैसेज नहीं जा रहा है। वैसे भी इन सभी के पास सरकारी वाहन ही होते हैं, टोल देने पर भी इनकी स्वयं की जेब से तो कुछ नहीं जाना है। यह भी सम्भव है कि इन आदरणीय महानुभावों को इस व्यवस्था की जानकारी भी नहीं हो। फिलहाल जनता में मैसेज यह जा रहा है कि टोल नहीं देना, देश में बड़े आदमी (वी.आई.पी.) होने का सूचक है। यह टोल देने वाले अनुशासित नागरिकों की इंसल्ट है। जिसके टोल देने से ही तो सड़के बन रही हैं, इस प्रकार का बोर्ड लगाकर उसे अपमानित करना न्यायसंगत नहीं है। अनेक महानुभाव बड़े आदमी बनने की लालसा में टोल नाकें पर झूठे-सच्चे विजिटिंग कार्ड दिखाकर टोल मुक्त होने का प्रयास करते हैं, हास्यास्पद स्थिति तो यह है कि यदि किसी कारण से वे सफल हो जाते हैं तो उन्हें अपनी इस कारस्तानी पर गर्व का भी अनुभव होता है।

विषय चल रहा है तो यह भी बताना चाहूँगा कि टोल मुक्त सूची के अतिरिक्त प्राय: सभी सरकारी वाहनों को भी टोल फ्री गली से निकाला जा रहा है जो गलत है। टोल चुकाने की स्थिति में नाके पर वाहन का इन्द्राज हो जाता है जिससे सरकारी वाहनों का दुरूपयोग रूकेगा। वाहन में विराजमान सरकारी अधिकारी को बड़े आदमी की गलतफहमी भी नहीं होगी। जब आयकर आम नागरिक से लेकर महामहिम तक सभी सरकारी खजानें में जमा करा रहे हैं तो फिर टोल से मुक्ति क्यों? यह अलग बात है कि सांसद एवं विधायकों ने आयकर से थोड़ी-बहुत मुक्ति के लिए वेतन में अभिवृद्धि के स्थान पर सुविधाओं में वृद्धि का द्वार खोल रखा है। वेतन आयकर की परिधि में है परन्तु सुविधाओं के लिए मिलने वाली राशि पर आयकर नहीं लगता है। सरकारी खजाने से सुविधाओं के नाम पर वेतन से अधिक राशि का भुगतान प्राप्त करने का गौरव राजनीतिज्ञों ने केवल अपने लिए ही आरक्षित कर रखा है। मेरा मानना है टोल फ्री की व्यवस्था से हमारे जनप्रतिनिधियों की समाज में प्रतिष्ठा घटती है उससे अन्तत: देश का प्रजातंत्र कमजोर होता है। प्राधिकरण के लिए यह बहुत छोटा सा काम है कि वह अपनी नियमावली में परिवर्तन करते हुए टोल फ्री की व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से समाप्त करें एवं अनुशासित भारत के निर्माण मे सहभागी बने।

**–डॉ. कैलाश सोडाणी,**
**कुलपति, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा**

## हाईकोर्ट : 'याचिकाकर्ता को नियुक्ति दें अन्यथा कॉलेज शिक्षा संयुक्त निदेशक हाजिर हों'

- **कॉलेज शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य के 34 पदों में से एक विशेष योग्यजन के लिए आरक्षित था**
- **आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा विभाग जयपुर ने उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होने पर नियुक्ति नहीं दी**
- **अगली सुनवाई 15 दिसम्बर को**

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मूल निवासी होने के आधार पर सहायक आचार्य (गणित) पद पर विशेष योग्यजन वर्ग में नियुक्ति नहीं दिए जाने के मामले को गंभीरता से लिया है। इसमें अब अगली सुनवाई 15 दिसम्बर को होगी। इटावा उत्तर प्रदेश के निवासी है याची मनीष चौहान।

याची मनीष चौहान की ओर से अधिवक्ता यशपाल ख़िलेरी ने रिट याचिका पेश कर बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर ने कॉलेज शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य के पदों के लिए विज्ञिप्त जारी कर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए। गणित विषय में कुल 34 पद विज्ञापित किए जिसमें एक पद हियरिंग इंपेयर्ड वर्ग एच 1 के विशेष योग्यजन के लिए आरक्षित किया।

याची एमएससी (गणित), पीएचडी, जेआरएफ, स्लेट परीक्षा पास की योग्यता रखते हुए अपना आवेदन वर्ग में किया। आयोग द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा में कुल 48.47 अंक हासिल किए और पास घोषित किया गया। तत्पश्चात आयोग ने याची को साक्षात्कार में बुलाया। याची के सभी दस्तावेज़ सत्यापन पश्चात् उसे अंतिम रुप से चयनित करते हुए आयोग ने कॉलेज शिक्षा विभाग को उसका नाम नियुक्ति के लिए भेजा गया। तत्पश्चात आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा विभाग, जयपुर द्वारा काउंसलिंग में बुलाया गया। याची ने समस्त मूल दस्तावेज़ जमा करवा दिए लेकिन अन्य सभी अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र जारी कर दिए लेकिन याची को बिना किसी कारण के नियुक्ति से यह कहते हुऐ मना कर दिया कि वह उत्तर प्रदेश का मूल निवासी है और विशेष योग्यजन वर्ग में नियुक्ति नहीं दी जा सकती है। जिस पर याची ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची की ओर से बताया गया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 और राजस्थान दिव्यांगजन अधिकार नियम, 2018 के प्रावधानों के अनुसार विशेष योग्यजन वर्ग में किसी अन्य राज्य का मूल निवासी होने के आधार पर नियुक्ति से वंचित नही किया जा सकता है। जबकि विज्ञिप्त में भी स्पष्ट लिखा गया था कि संपूर्ण भारत के किसी भी राज्य के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र मान्य होगा। नियमानुसार दिव्यांगजन व्यक्ति को मूल निवासी होने के आधार पर नियुक्ति से वंचित करना संविधान के प्रावधानों के विपरीत है।

## पापी पेट के लिए मासूम दिखा रही जोखिम भरा करतब



जान जोखिम में डालकर करतब दिखाती छोटी बच्ची।

**अजमेर, (कासं)।** अपना पेट भरने के लिए और परिवार का पेट भरने के लिए छोटी सी बच्ची ने केकड़ी में जगह-जगह करतब दिखाए। अपनी जान जोखिम में डालकर बच्ची एक पैर से रस्सी पर चल रही है। घूम-घूम कर यह बच्चे और परिवार जगह जगह करतब दिखाकर अपना पेट भरते हैं। जनता से जो पैसा मिलता है उसी से यह परिवार अपना पेट भरते हैं। क्या सरकार इन बच्चों को या इन परिवारों को कोई सुविधाएं नहीं देती है। जिस उम्र के बच्चों को पढ़ाई करनी चाहिए और वे सड़कों पर घूम रहे हैं। जिन्हें शिक्षा मिलनी चाहिए। वे रस्सी पर अपना करतब दिखा रहे हैं। ये बच्चे भी देश का भविष्य है। आखिर कौन सुनेगा इन बच्चों की पुकार।

# उदयपुर में जी-20 शेरपा बैठक के सफल आयोजन पर प्रधानमंत्री ने पीठ थपथपाई



पीएम की वर्चुअल बैठक में मौजूद सीएम अशोक गहलोत व अन्य।

**उदयपुर, (कासं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में उदयपुर में हुए जी-20 शेरपा बैठक के सफल आयोजन पर यहां की गई व्यवस्थाओं की सराहना की है और प्रशासन की पीठ थपथपाई है। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जी-20 से संबंधित पहलुओं पर चर्चा के लिए राज्यों के राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के उप-राज्यपालों के साथ वीडियो बैठक की अध्यक्षता करते हुए समीक्षा कर रहे थे। बैठक में राज्य के राज्यपाल कलराज मिश्र एवं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी उपस्थित थे।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने उदयपुर में आयोजित प्रथम जी-20 शेरपा बैठक का उदाहरण देते हुए सभी जी-20 आयोजनों को डॉक्युमेंटेशन करने के निर्देश दिए ताकि इसका आगे भी उपयोग किया जा सके। उदयपुर प्रशासन द्वारा यहाँ की गई व्यवस्थाओं का डॉक्युमेंटेशन भी उच्च स्तर पर भेज गया है। प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता पूरे देश से जुड़ी थी और यह देश की क्षमता व्यक्त करने का एक अनूठा अवसर था।

प्रधानमंत्री ने टीमवर्क के महत्व पर जोर दिया और विभिन्न जी-20 आयोजनों में राज्यों/संघ शासित प्रदेशों से सहयोग की अपील की।

भारत की जी 20 अध्यक्षता के दौरान बड़ी संख्या में भारत आने वाले आगंतुकों और विभिन्न आयोजनों पर अंतर्राष्ट्रीय मीडिया के केन्द्रित होने पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इस अवसर का उपयोग करते हुए स्वयं को आकर्षक व्यवसाय, निवेश और पर्यटन स्थलों के रूप में पुन: प्रस्तुत करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने संपूर्ण-सरकार और संपूर्ण-समाज दृष्टिकोण द्वारा जी-20 आयोजनों में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता को भी दोहराया। विदेश मंत्री ने भी इस बैठक के दौरान अपना संबोधन दिया और भारत के जी-20 शेरपा ने एक प्रस्तुति दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आजादी से लेकर आज तक सभी प्रधानमंत्रियों ने भारत के विकास में अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता देश के लिए गौरव की बात है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जी-20 देश की संस्कृति को वैश्विक स्तर पर दिखाने के लिए यह एक बड़ा मंच है। बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा जी-20 समिट के आयोजन पर दिए गए प्रस्तुतीकरण में राजस्थान सरकार द्वारा उदयपुर में जी-20 शेरपा बैठक के दौरान की गई व्यवस्थाओं, आतिथ्य, स्थानीय व्यंजनों तथा शेरपाओं के पारम्परिक राजस्थानी तौर-तरीकों से किए गए स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया गया।

आयोजन के दौरान शेरपाओं ने राजस्थान में डिजिटल लेन-देन में सूचना प्रौद्योगिकी के बेहतरीन प्रयोग की प्रशंसा की। बैठक में राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर एवं विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और लेफ्टीनेंट गवर्नर उपस्थित रहे।

## राशिफल रविवार 11 दिसम्बर, 2022



पंडित अनिल शर्मा

पौष मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2079, पुनर्वसु नक्षत्र रात्रि 8:36 तक, ब्रह्म योग सोमवार प्रात: 5:14 तक, विष्टि करण सांय 4:15 तक, चन्द्रमा दिन 1:52 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-वृष, बुध-धनु, गुरू-मीन, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवि पुष्य योग रात्रि 8:36 से सूर्योदय तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 8:36 से आरम्भ होगा। भद्रा सांय 4:15 तक रहेगी। आज सौभाग्य सुंदरी व्रत, चतुरथी व्रत है। चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 8:13 पर होगा।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:36 से 9:45 तक, लाभ-अमृत 9:45 से 12:20 तक, शुभ 1:37 से 2:55 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:09, सूर्यास्त 5:30

**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज नये-पुराने मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**वृष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव दूर होगा। अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क**
व्यक्तिगत कारणो से भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। धन प्राप्त होगा। महत्वपूण कार्यों में सफलता से मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**कन्या**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**तुला**
अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। महत्वपूण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।


**वृश्चिक**
अपनी योजना को सीमित रखें। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात शुभ कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

**धनु**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**मकर**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।

**कुंभ**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**मीन**
परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। महत्वपूण कार्यों में सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।



नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में मादा भालू झुमरी ने दो बच्चों को जन्म दिया। झुमरी के भोजन और सर्दी से बचाव का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। भालू के बच्चे 23 दिन के हो गए हैं, लेकिन झुमरी ने इनको एक पल के लिये भी अपने से दूर नहीं किया है। अब तक बच्चों की आंखें भी नहीं खुली हैं। इससे पहले झुमरी ने वर्ष 2020 में नर बच्चे को जन्म दिया था। फोटो : दिनेश भारद्वाज

# प्रदेश में शनिवार को 10 नए करोना संक्रमित मिले

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में शनिवार को 10 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं 6 मरीजों के रिकवर होने से एक्टिव केस बढ़कर 59 हो गए हैं। राज्य में पिछले 17 दिनों से करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में शनिवार को 4 जिलों में 10 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शुक्रवार को 6 रोगी पाए गए थे। इधर आज सबसे ज्यादा 5 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 3 तथा अजमेर और उदयपुर में 1-1 नया मरीज मिला है। इस बीच राज्य में 3704 जांचे की गई है।

■ जयपुर में 5 नए मरीज पाए गए हैं।

प्रदेश में शनिवार को फिर रिकवरी में कमी आई है। इस दौरान केवल 6 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 59 हो गए हैं। राजधानी जयपुर में आज 2 ही मरीजों के रिकवर होने से एक्टिव केस बढ़कर 33 हो गए हैं। प्रदेश में शनिवार को भी करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9653 लोगों की मौत हो चुकी है।

राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 4 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें तोपखाना में 2 तथा झोटवाड़ा, कालवाड़ और विद्याधर नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

## बी.एस.एफ. को निःशुल्क भूमि आवंटित

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जैसलमेर स्थित तनोट माता मंदिर क्षेत्र में पर्यटन विस्तार के लिए सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) को निःशुल्क भूमि आवंटित की है। अब बी.एस.एफ. द्वारा पर्यटन सुविधाओं में विस्तार के लिए विभिन्न निर्माण कार्य कराए जाएंगे।

गहलोत की इस स्वीकृति से पर्यटक मंदिर में दर्शन के साथ ही यहां बनने वाले इंटरप्रिटेशन सेंटर में सेना के अस्त्र-शस्त्र, स्थानीय कला व संस्कृति और गौरवशाली इतिहास को जान सकेंगे। इसके अलावा चित्र दीर्घा में सेना के शौर्य के साथ देश-विदेश की प्रमुख हस्तियों द्वारा की गई यात्राओं की झलक भी देखने को मिलेगी।

# न्यायिक अधिकारियों पर बेगार कराने का आरोप लगाया

**जयपुर, (का.सं.)।** न्यायिक सहायक कर्मचारी सुभाष मेहरा की न्यायिक अधिकारी के घर आत्मदाह से जुड़े मामले में अब सहायक न्यायिक कर्मचारी संघ भी खुलकर सामने आ गया है। कर्मचारी संघ ने सभी सहायक कर्मचारियों को पाबंद किया है कि रोजाना धरना स्थल पर पहुंचे। धरना स्थल पर सुबह और शाम के वक्त उनकी उपस्थिति दर्ज की जाएगी। यदि वे उपस्थित नहीं होते हैं या सामूहिक अवकाश की अवधि में उसका वेतन बनता है तो यह माना जाएगा कि संबंधित कोर्ट के पीठासीन अधिकारी उससे अपने घर बेगारी करा रहे हैं और मामले की हाईकोर्ट में शिकायत भेजी जाएगी।

सहायक कर्मचारी संघ की ओर से सुप्रीम कोर्ट को लिखे पत्र में कहा गया कि सहायक कर्मचारी सुभाष मेहरा न्यायिक अधिकारी के घर झाड़ू, पोछा और साफ सफाई करता था और इसके चलते उसकी हत्या हुई है। इसके बावजूद भी सहायक कर्मचारी कोर्ट के पीठासीन अधिकारियों के घरों में बेगार प्रथा से त्रस्त हैं। यहां उन पर विभिन्न तरीकों से दबाव डालते हुए प्रताड़ित कर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है और उसमें अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ है। गौरतलब है कि मामले में पुलिस की ओर से आत्मदाह की घटना बताने के बाद न्यायिक कर्मचारी संघ ने एनडीपीएस कोर्ट के पीठासीन अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कर्मचारी संघ का कहना है कि एनडीपीएस कोर्ट के न्यायाधीश कोर्ट के सहायक कर्मचारी सुभाष मेहरा को जबरन अपने घर रखते थे और उससे कपड़े-बर्तन धोना, खाना बनाना और शौचालय की सफाई आदि कराने का काम कराते थे। न्यायाधीश उसे घर पर बंधक बनाकर रखते थे और उसे कभी कोर्ट नहीं आने देते थे। न्यायिक कर्मचारी संघ ने कई बिन्दुओं पर पुलिस जांच पर भी सवाल उठाए हैं।

## बिना अनुमति तबादले पर रोक लगाई

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने विभाग की अनुमति लिए बिना एएनएम का सुदूर तबादला करने पर चिकित्सा विभाग से जवाब तलब किया है। इसके साथ ही अदालत ने तबादला आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश चमेली देवी की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता बाड़मेर में 14 साल की सेवा पूरी कर जुलाई 2018 में खेतड़ी में एएनएम नियुक्त हुई थी। वहीं अतिरिक्त स्वास्थ्य निदेशक ने पंचायती राज विभाग की अनुमति लिए बिना उसका तबादला यहां ये करीब 550 किलोमीटर दूर शेरगढ़, जोधपुर कर दिया। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता का पद पंचायती राज विभाग के अधीन आता है और उसका तबादला करने से पहले पंचायती राज विभाग की अनुमति नहीं ली गई। इसके साथ ही उसका तबादला करने के लिए उसे गलत तरीके से सरप्लस भी दर्शाया गया। ऐसे में तबादला आदेश को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने तबादला आदेश पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# नई पीढ़ी को यौगिक दिनचर्या से जोड़ा जाए : राज्यपाल

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने नई पीढ़ी को आधुनिक जीवन शैली से जुड़े दुष्प्रभावों से बचाने के लिए यौगिक दिनचर्या से जोड़ने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि योग आत्मविकास का सबसे बड़ा माध्यम है, भौतिकता के दौर में मानसिक शांति एवं संतोष के लिए योग सर्वथा उपयोगी है।

राज्यपाल मिश्र शनिवार को जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिलापट्टिकाओं का अनावरण कर योगसाधना भवन का लोकार्पण और संविधान पार्क एवं वैज्ञानिक आधार पर तैयार करवाई जा रही नवग्रह-नक्षत्र वाटिका का शिलान्यास किया।

राज्यपाल ने कहा कि संविधान से नई पीढ़ी जितना अधिक जुड़ेगी, उतना ही हमारा लोकतंत्र सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान आने के बाद प्रदेश के सभी वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में संविधान पार्क स्थापित करवाना उनकी प्राथमिकता रही है, ताकि भावी नागरिक संविधान प्रदत्त जीवन मूल्यों से जुड़ें और अधिकारों के साथ मौलिक कर्तव्यों का भी उन्हें भान रहे। उन्होंने कहा कि राजभवन में भी संविधान पार्क का शीघ्र लोकार्पण होगा। उन्होंने संविधान की संस्कृति की चर्चा करते हुए कहा कि संविधान की मूल प्रति की शुरुआत में ही भगवान राम, सीता और लक्ष्मण का चित्र है और नीति निर्देशक तत्वों से जुड़े अध्याय में भगवान श्रीकृष्ण के गीता उपदेश के चित्र हैं। इसी प्रकार संविधान के विभिन्न भागों में भी महापुरुषों के चित्र हैं।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय में नवनिर्मित योग साधना भवन को योग के शास्त्रीय अध्ययन केन्द्र के रूप में विकसित किया जाए, जहां योग से जुड़े शास्त्रों और योग की महान धरोहर से जुड़े आधुनिक ज्ञान को संस्कृत से अनुदित कर हिंदी और दूसरी भाषाओं में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यहां आधुनिक संदर्भों में योग संस्कृति से जुड़े व्याख्यान आयोजित किए जाने का सुझाव भी दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विश्वविद्यालय में बनने जा रही नवग्रह-नक्षत्र वाटिका ज्योतिष से जुड़े पौराणिक शोध और निष्कर्षों को सहज रूप में व्याख्यायित करेगी और पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति से भी विद्यार्थियों को जोड़ेगी।

संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने कहा कि विश्व में भारत देश की प्रतिष्ठा संस्कृत और हमारी संस्कृति से ही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में संस्कृत भाषा के उन्नयन के लिए राज्य सरकार व्यापक स्तर पर प्रयास कर रही है।

सांसद रामचरण बोहरा ने विश्वविद्यालय में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए सांसद निधि से पचास लाख रुपए देने की घोषणा की। विधायक गंगादेवी ने कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय परिसर की चारदीवारी के निर्माण के लिए विधायक निधि से बीस लाख रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की।



जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में शनिवार को योगसाधना भवन का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर बायें से सांसद रामचरण बोहरा, संस्कृत मंत्री बी.डी.कल्ला, राज्यपाल कलराज मिश्र, कुलपति डॉ.रामसेवक दुबे और स्थानीय विधायक गंगादेवी मौजूद थी।

# सीने की नाप अलग-अलग होने पर जवाब मांगा

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती-2021 की शारीरिक दक्षता परीक्षा में एक ही अभ्यर्थी की दो जिलों में अलग-अलग सीने की नाप आने और एक जिले में फेल करने के मामले में गृह सचिव, आईजी भर्ती और जीआरपी, अजमेर के एसपी से जवाब मांगा है। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश अजीत सिंह की याचिका पर दिए।

याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता ने कांस्टेबल भर्ती में अजमेर और भीलवाड़ा जिले से आवेदन किया था। अजमेर जिले में गत 29 अक्टूबर को हुई शारीरिक दक्षता परीक्षा में उसके सीने को गलत नापते हुए उसे अपात्र घोषित कर दिया। वहीं दो दिन बाद उसने भीलवाड़ा जिले में दक्षता परीक्षा दी तो उसे पास कर दिया गया। याचिका में कहा गया कि अजमेर में उसके सीने की गलत नाप की है और इसके चलते उसे फेल किया है। इसके अलावा केवल दो दिन के दौरान ही उसके सीने की नाप में अंतर नहीं आ सकता। इसलिए उसे शारीरिक दक्षता परीक्षा में पास कर नियुक्ति दी जाए। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

■ पुलिस कांस्टेबल भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा में दो जिलों अजमेर और भीलवाड़ा में अलग माप आई

## जिला कलेक्टर व तहसीलदार को अवमानना नोटिस

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के मामले में अदालती आदेश की पालना नहीं करने पर बूंदी कलेक्टर और तहसीलदार को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस वीके भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश थड़ी होल्डर्स यूनियन नैनवा की अवमानना याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता योगेश टेलर ने अदालत को बताया कि नैनवां में अतिक्रमण के संबंध में गत चार मार्च को हाईकोर्ट ने जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित पीएलपीसी को आदेश जारी कर दो माह में अतिक्रमण पर कार्रवाई करने को कहा था। अवमानना याचिका में कहा गया कि अदालती आदेश के बावजूद भी अतिक्रमण पर कार्रवाई नहीं की गई। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने कलेक्टर और तहसीलदार को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। गौरतलब है कि पूर्व में पेश जनहित याचिका में कहा गया था कि नैनवा तहसील में स्टेट हाईवे के पास नगरपालिका की करीब 42 बीघा जमीन पर भूमाफियाओं ने अतिक्रमण कर रखा है। इसे हटाने के लिए स्थानीय प्रशासन को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।


## खोया पाया

श्री छत्रपति शिवाजी गृह निर्माण सहकारी समिति लि.जयपुर द्वारा जारी प्लाट नं. 847, देवी नगर, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर का मूल आवंटन पत्र गुम गया। मिलने पर सम्पर्क करें-9828160512 चैन सिंह राठौड पुत्र श्री भंवर सिंह राठौड

## नाम परिवर्तन

मैंने विवाह पश्चात अपना नाम रिया हिसारिया से बदलकर रिया पारीक रख लिया है। भविष्य में मुझे रिया पारीक पत्नी श्री शोर्य पारीक, पता-22 नरेडा कॉलोनी, झारखण्ड मोड, खातीपुरा रोड, जयपुर के नाम से जाना जावे।

मैंने अपनी पुत्री का नाम आक्षिता से बदलकर आक्षिता बागरिया पुत्री भगवाना राम बागरिया रख लिया है भविष्य में इसे इसी नाम से जाना जाये। निवासी सी-115, हनुमान नगर, खातीपुरा, जयपुर

मैंने अपना नाम विमला देवी से बदलकर विमला बागरिया पत्नी भगवाना राम बागरिया रख लिया है भविष्य में इसे इसी नाम से जाना जाये। निवासी सी-115, हनुमान नगर, खातीपुरा, जयपुर

I have changed my name from Bhumika Phutela to Bhumika Jolly W/o Akshit Jolly for all purpose. R/o-D-503, Trimurty Ariana Appartment, Jagatpura, Jaipur.


## करों की अदायगी के सरलीकरण की मांग

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्य के आगामी बजट (वित्तीय वर्ष 2023-24) के लिए राज्य के प्रमुख औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों से प्रमुख शासन सचिव, वित्त अखिल अराड़ा की अध्यक्षता शनिवार को शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में सुझाव आमंत्रित किए गए। बैठक में राज्य के उद्योगों एवं व्यवसायियों को आगामी बजट में राहत प्रदान करने के लिए उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में अरोड़ा ने कहा कि आगामी बजट को अधिक समावेशी, समयानुकूल और जनकल्याणकारी बनाने की दिशा में समाज के विभिन्न वर्गों से जो सुझाव लिए जा रहें है, उन सभी पर गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श कर उन्हें बजट में शामिल करने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

बैठक में प्रमुख शासन सचिव के समक्ष विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने अपने संगठन में वर्तमान में आ रही समस्याओं का जिक्र करते हुए राज्य सरकार से विभिन्न पहलुओं पर वित्तीय राहत एवं करों की अदायगी के सरलीकरण की मांग की।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



# मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बेनामी संपत्ति को जल्द ही उजागर किया जाएगा : डॉ.किरोड़ी

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने भाजपा मुख्यालय पर पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बेनामी संपत्ति को जल्द ही उजागर किया जाएगा। मीणा ने कहा कि इसके लिए पूरी तैयारी की जा चुकी है। जल्दी ही आलाकमान से सलाह मशवरा की बाद पत्रकार वार्ता करके सभी को जानकारी दी जाएगी।

वही भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश में चल रही भाजपा की जन आक्रोश यात्रा के अंतर्गत कांग्रेस सरकार की तुष्टीकरण की नीति के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार कई आश्वासनों के साथ सत्ता में आई, लेकिन उन पर खरी नहीं उतरी, 2018 के घोषणापत्र में पेज संख्या 36 के पेरा 23 में घोषणा की गई कि प्रदेश सरकार प्रदेश में सांप्रदायिक सद्भाव को बनाए रखते हुए असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करेगी लेकिन पिछले 4 सालों में इसके उलट ही देखने को मिला, तुष्टीकरण की नीति के चलते प्रदेश सरकार ने करौली में नवसंवत्सर की रैली में हुई हिंसा के मुख्य आरोपी कांग्रेस पार्षद मजलूफ अहमद जोकि गंभीर धाराओं में वांछित है उस पर सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने व आतंकी संगठन पीएफआई से जुड़ाव के बावजूद भी गिरफ्तार नहीं किया।

प्रदेश में पिछले 4 सालों से जब से कांग्रेस सत्ता में आई है तब से बहुसंख्यक लोगों पर अत्याचार और हिंसा के मामलों की पराकाष्ठा हो चुकी है, डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने कांग्रेस सरकार के पीएफआई जैसे संगठन को संरक्षण देने के आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को करौली हिंसा में पीएफआई की भूमिका की जांच करनी चाहिए क्योंकि करौली हिंसा से पूर्व पीएफआई के द्वारा एक पत्र पुलिस प्रशासन को भेजा गया जिसमें लिखा था कि करौली में हिंसा हो सकती है। ऐसे में उसकी पूर्व नियोजित हिंसा कराने की भूमिका गंभीर और संदेहास्पद रही, लेकिन राज्य सरकार द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। यह बात सरकार द्वारा उसे प्राप्त संरक्षण पर मुहर लगाती है, इसी प्रकार प्रदेश में पूर्व नियोजित तरीके से बहुसंख्यकों पर लगातार हमले हो रहे हैं किरोड़ी लाल मीणा ने उदयपुर में आतंकियों द्वारा कन्हैयालाल की निर्मम हत्या, झालावाड़ में कृष्णा वाल्मीकि, अलवर में योगेश जाटव की हत्या, जैसे कई मॉब लिंचिंग के मामलों पर सरकार को असंवेदनशीलकरार दिया, वहीं दूसरी ओर करौली में हिंसा, जयपुर में कावड़ यात्रा पर हमला, टोंक मालपुरा में भगवा रैली हमला, टोंक में ही दशहरा कार्यक्रम में हिंसा, कोटा के छबड़ा में कमल सिंह व्यापारी की चाकू मारकर हत्या व उसकी दुकान को आग लगाना, अलवर में एक युवती के साथ अपहरण कर जबरन धर्म परिवर्तन कराना, रामगढ़ में विशेष समुदाय के लोगों द्वारा युवती का बलात्कार कर जंगल में फेंकना, जालौर में आदिवासी महिला का अपहरण कर बलात्कार, सवाई माधोपुर में एक महिला का अपहरण हुआ जिससे मेरे द्वारा दिए गए धरने के बाद पुलिस दवा बनाकर दस्तयाब कराया गया। जैसी तमाम घटनाओं से बहुसंख्यक में भय का ऐसा माहौल व्याप्त हो चुका है कि वह अब सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन तक करने को मजबूर हो चुके हैं। डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि प्रदेश में 4 सालों से भाजपा बहुसंख्यक पर हो रहे अत्याचारों की आवाज उठा रही है लेकिन सरकार पूर्ण रूप से लापरवाह है। कांग्रेस सरकार की नीति का कड़े शब्दों में निंदा करते हुए सरकार पर आरोप लगाया कि राजस्थान में बहुसंख्यक समाज प्रतिदिन प्रताड़ित हो रहा है। गहलोत सरकार की कथनी और करनी में अंतर इससे साफ स्पष्ट होता है। घोषणापत्र में सांप्रदायिक सद्भाव बनाने की बात करने वाली कांग्रेस ने सत्ता में आने पर इसका उल्टा किया और प्रदेश का बहुसंख्यक अपने आप को शोषित और हिंसा से पीड़ित ग्रसित महसूस कर रहा है और इसकी मुख्य वजह सरकार की तुष्टीकरण की नीति पर बड़े पैमाने पर अपनाना रहा। डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने राजस्थान सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि तुरंत प्रभाव से इस भेदभाव पूर्ण नीति को खत्म कर और कानून व्यवस्था को सुधारते हुए बहुसंख्य को पर हो रहे अत्याचारों से सख्ती से निपटें।

समान नागरिक संहिता बिल पर बोलते हुए डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि केंद्र सरकार नागरिकों के समान नागरिक संहिता को लेकर गंभीर है और समान नागरिक संहिता से देश के सर्वांगीण विकास, और देश के प्रत्येक व्यक्ति को समानता का अधिकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है और भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र व विचारधारा में प्रारंभ से ही समान नागरिक संहिता की प्रबल पक्षधर रही है और हम इस को लागू करने को लेकर गंभीर हैं जिस पर केंद्र सरकार द्वारा काम शुरू कर दिया गया है। कांग्रेस द्वारा सॉफ्ट हिंदुत्व अपनाने के सवालों का जवाब देते हुए डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि भाजपा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पार्टी है और इसी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद ने कांग्रेस को मजबूर किया कि वह हिंदुत्व की शरण में गई वरना पहले तो कांग्रेस का हिंदुत्व और देश की संस्कृति से कोई लेना-देना नहीं था क्योंकि यह वही कांग्रेस है जिसने भगवान राम और राम सेतु को कोर्ट में शपथ पत्र देकर काल्पनिक बताया था। इस प्रेस वार्ता के मौके पर प्रदेश मंत्री लक्ष्मीकांत भारद्वाज, प्रदेश मीडिया संयोजक पंकज जोशी व प्रदेश मीडिया सह-संयोजक पंकज मीणा व अशोक सिंह शेखावत मौजूद रहे।




भाजपा नेता डॉ.किरोड़ी लाल मीणा शनिवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस से रूबरू हुए।

■ 'गहलोत सरकार की हिन्दू विरोधी और तुष्टीकरण की नीति के चलते 4 सालों से प्रदेश का बहुसंख्यक प्रताड़ित'

■ 'भगवान राम को काल्पनिक बताने वाली कांग्रेस का हिंदुत्व और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से कोई नाता नहीं'


**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक- 12640 जाहिर आम सूचना दि. 09.12.2022
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 77/96 (MIG-A), (एरिया 85.200 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री अब्दुल करीम पुत्र श्री अब्दुल रहीम को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2387 दिनांक 26.06.2021 को जारी किया गया। श्री अब्दुल करीम की मृत्यु दिनांक 28.06.2015 को हो जाने के कारण वसीयतनामा के आधार पर श्रीमती शिखा जैन पत्नी श्री मुकेश कुमार जैन द्वारा उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्रीमती शिखा जैन पत्नी श्री मुकेश कुमार जैन का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
भवदीय
सम्पदा प्रबंधक, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमति रीना शर्मा पत्नि श्री शिवदत्त शर्मा निवासी- 151 एफ/ 1, निलय कुंज, संतोष नगर, जयपुर तथा श्रीमति नीतू वार्ष्णेय पत्नि श्री सुबोध कुमार वार्ष्णेय निवासी -15/56, ब्रह्मणपुरी चौक, अलीगढ द्वारा अपने भाई नीरज शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री सुरेशचंद शर्मा एवं उसकी पत्नि शिखा शर्मा पुत्री श्री राजीव शर्मा निवासी जी-46ए, तिरूपति बालाजी मंदिर, चीलगाडी रेस्टोरेन्ट के पास, सांगानेर, जयपुर/ प्लॉट नं. 144, पार्श्वनाथ कॉलोनी, चीलगाडी रेस्टोरेन्ट के पास, सांगानेर, जयपुर को, उनके बीच उत्पन्न रोजाना के गृह- क्लेश, बुरे व्यसनों तथा मेरे अभिभाष्यगण एवं उनके परिवारजन के साथ किये जा रहे दुर्व्यहार व अमर्यादित आचरण के कारण अपने परिवार से रिश्ता खत्म कर दिया गया है। मेरे अभिभाष्यगण एवं उनके परिवारजन का भविष्य में नीरज शर्मा एवं उसकी पत्नि शिखा शर्मा से किसी तरह का कोई रिश्ता नहीं रहेगा और ना ही भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य एवं उनके मध्य उत्पन्न विवाद के लिये मेरे अभिभाष्यगण एवं उनका परिवार किसी भी प्रकार उत्तरदायी नहीं रहेगा। सूचित रहे।
भवदीय
एल.पी. सिंघल एडवोकेट मो. 9314521489

**आम-सूचना-**
र्स्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि एक प्लाट न.12,फ्लैट न एफ.2,शुभम एनक्लेव,भुवनेश्वर वाटिका-ई,बजरी मण्डी रोड,ग्राम-पांच्यावाला,जिला-जयपुर,राजस्थान-302023 में स्थित है,जिस पर मेरी/मेरे पति स्व.श्री अनिल कुमार भटनागर ने एचडीएफसी लिमिटेड मे ऋण लिया हुआ था, तथा उक्त फ्लेट के समस्त असल दस्तावेज एचडीएफसी लिमिटेड मे रहन(MORTGAGE) कर रखे है,यह कि मेरे पति स्व.श्री अनिल कुमार भटनागर का दिनांक 22/04/2022 को स्वर्गवास हो चुका है,तथा उक्त फ्लेट के पेटे लिये हुऐ ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी लिमिटेड को की जा चुकी है,इसलिये अब उक्त फ्लेट के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहती हूँ,यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति,संस्था,फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती है,तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथी से सात दिवस तक की अवधी में एचडीएफसी लिमिटेड,सी-25,भगवान दास रोड, सेन्ट जेवियर्स स्कूल के सामने,सी-स्कीम,जयपुर,राजस्थान 302001, (फाने न.0141.6480799) में सम्पर्क करें ।
सीमा भटनागर पत्नि स्व.श्री अनिल कुमार भटनागर-8955613065

## सम्पत्ति-क्रय-विक्रय

इंद्रागांधीनगर/मालवीयनगर/सिद्धार्थ नगर/प्रतापनगर, (JLN-रोड/ रिंगरोड़), जगतपुरा/मॉडलटाउन आसपास सभी हाउसिंगबोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-रेजिडेंशियल/कमर्शियल/एग्रीकल्चर/ इण्ड्स्ट्रियल/ हॉस्पिटल/इन्स्टीट्यूशन्स/ फार्महाउसेस/रिसोर्ट, लेण्डस -(बेचने-खरीदने) हेतुः-भावना एंटरप्राइजेज, रियलिटी चेम्बरः-7599912345

## उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

पत्र सं. WB-74-W-O/Works/NIT/X दिनांक : 09.12.2022
मंडल रेल प्रबन्धक, इंजीनियरिंग, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। 1. ई-निविदा सूचना सं. **2022-23/141** कार्य का नाम व स्थान : Essential infrastructure facilities for maintenance of DMT rakes at Merta Road station of Jodhpur division. अनुमानित लागत : ₹27,35,147.49 बयाने की राशि : ₹54,700.00 2. ई-निविदा सूचना सं. **2022-23/142** कार्य का नाम व स्थान : Removal PSR of curve no. 17,72,75,79 & 92 on Samdari - Munabao Section under ADEN/Barmer of Jodhpur division. अनुमानित लागत : ₹1,74,86,525.17 बयाने की राशि : ₹2,37,400.00 3. ई-निविदा सूचना सं. **2022-23/143** कार्य का नाम व स्थान : Rail Renewal on Steel Girder bridges, Rail Renewal on Major/Important bridges, Conversion of loop lines in to LWR on LN (Ex.) - SMR (inc.) section, Renewal of Turn out Sleeper renewal & Rail Replacement, Weld & Fitting in Turn Out X-ing Portion on main line under ADEN/Samdari on Samdari-Bhildi Section. अनुमानित लागत : ₹2,68,29,387.36 बयाने की राशि : ₹2,84,200.00 4. ई-निविदा सूचना सं. **2022-23/144** कार्य का नाम व स्थान : Proposed pipe line connection from PHED over head tank to railway station Gotan under ADEN/Merta Road of jodhpur division. अनुमानित लागत : ₹17,33,371.06 बयाने की राशि : ₹34,700.00 निविदा सूचना संख्या 141 to 144 of 2022-23 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 27/12/2022 & 30/12/2022 को 15.00 बजे तक है। वेबसाईट का विवरण जहाँ पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती है-www.ireps.gov.in
1037-DP/22
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# लॉरेंस गैंग ने व्यापारी की दुकान पर अंधाधुंध फायरिंग की

## बाइक पर आए थे तीन नकाबपोश, दो करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी

**हनुमानगढ़,** (निसं)। बाइक पर आए 3 नकाबपोश बदमाशों ने शनिवार सुबह हनुमानगढ़ में पिस्तौल से एक व्यापारी की दुकान पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। करीब 30 सेकेंड तक गोलियां चलाने के बाद बदमाश बाइक पर बैठकर फरार हो गए। इस घटना का सीसीटीवी सामने आया है, जिसमें 2 नकाबपोश फायरिंग करते दिख रहे हैं। उनका तीसरा साथी बाइक स्टार्ट किए खड़ा रहा।

इस घटना की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग के रितिक बॉक्सर ने ली है। उसने फेसबुक पोस्ट कर ये फायरिंग करवाने का दावा किया है। व्यापारी से कुछ बदमाशों ने लॉरेंस गैंग के नाम पर 2 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। डीएसपी रमेश माचरा ने बताया कि हनुमानगढ़ की धान मंडी में सुबह करीब 8.55 बजे बिना नंबर की बाइक पर आए 3 नकाबपोश बदमाशों ने व्यापारी इंद्र हिसारिया की दुकान पर फायरिंग की। दुकान को सफाईकर्मी ने जैसे ही खोला, उसी समय बदमाशों ने 6 राउंड ताबड़तोड़ फायरिंग की। इससे दुकान के शीशे टूट गए। हालांकि सुबह के समय दुकान तथा मंडी में लोग कम थे, इसलिए कोई हताहत नहीं हुआ।

फायरिंग की सूचना मिलने पर एसपी डॉ. अजय सिंह, डीएसपी रमेश माचरा मौके पर पहुंचे। दुकान के आस-पास भारी संख्या में पुलिस अमला तैनात कर पुलिस अफसरों ने घटना के बारे में जानकारी ली। पुलिस

■ पंजाब एवं हरियाणा के पुलिस अधिकारियों को अलर्ट रहने को कहा

ने दुकान और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों से घटना के फुटेज जारी किए। धानमंडी के व्यापारियों ने कहा कि क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। नगर परिषद सभापति गणेशराज बंसल, पूर्व मंत्री डॉ. रामप्रताप सहित कई जनप्रतिनिधि भी घटनास्थल पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

डीएसपी रमेश माचरा ने बताया कि शहर के प्रमुख स्थलों से लगे सीसीटीवी कैमरों, टोल नाकों के कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। साथ ही, सीमावर्ती पंजाब एवं हरियाणा के थाना प्रभारियों और अधिकारियों को घटना की जानकारी देकर अलर्ट रहने को कहा गया है। व्यापारी इंद्र हिसारिया को धमकी देकर फिरौती मांगने के पुराने प्रकरण में जेल में बंद आरोपियों से भी इस घटना के संबंध में पूछताछ की जाएगी, ताकि कुछ सुराग मिल सके।

डीएसपी रमेश माचरा ने बताया कि जिस तरह से घटना को अंजाम दिया गया, उससे यही लग रहा है कि बदमाशों का उद्देश्य व्यापारी को डराना था। दुकान के बाहर काफी दूरी से फायरिंग की गई है। बाकी जांच में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

मुनीम रवि कुमार धानका को 25 जनवरी को वॉट्सऐप कॉल पर बदमाशों ने धमकी दी। इस मामले में फिरौती के लिए धमकी देने वाले गैंग के लीडर, महाराष्ट्र के शूटर सहित आठ लोगों को श्रीगंगानगर पुलिस ने दो फरवरी को गिरफ्तार किया था। व्यापार संघ के अध्यक्ष प्यारेलाल ने बताया कि रविवार को धान मंडी बंद रखी गई है। सोमवार को व्यापारियों के चारों अध्यक्ष और व्यापारी मिलकर बैठक करेंगे और उसके बाद आगामी निर्णय लिया जाएगा।

## भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने अजमेर से दल रवाना

**अजमेर,** (कासं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव, पीसीसी सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी महेन्द्र सिंह रलावता के नेतृत्व में अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के 300 से अधिक कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शनिवार को बूंदी जिले के केशवराय पाटन रवाना हुए, जहां वे

■ उत्तर विधानसभा क्षेत्र के 300 से अधिक कार्यकर्ता केशवराय पाटन पहुंचे

राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा में शामिल होंगे। इससे पहले जयपुर रोड स्थित रलावता के कार्यालय पर सभी कांग्रेसजन एकत्रित हुए, जहां से बस, मिनी बस, कार आदि साधनों से दोपहर 12 बजे कांग्रेसजन रवाना हुए। जिसमें राजेन्द्र नरचल, राजनारायण आसोपा, शक्ति सिंह रलावता, मुकेश सिंह राठौड, राजेन्द्र वर्मा, अहमद हुसैन, चन्द्रप्रकाश शर्मा, पप्पू कुरैशी, अकरम कुरैशी, प्रमोद भाटी, मनीष कश्यप, जय गोयल सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल है।

# हैण्डीक्राफ्ट फैक्ट्री में लगी भीषण आग

## आठ दमकलों ने आग पर काबू पाया

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के निकटवर्ती पाली रोड स्थित कांकाणी मार्ग पर आई एक हैण्डीक्राफ्ट इकाई में शनिवार की तडक़े भीषण आग लग गई। आग लगने का कारण पता नहीं चला। मगर उसे बुझाने के लिए दमकल कर्मियों को काफी पसीना बहाना पड़ा। आठ दमकलों ने कई फे फैरों के बाद आग पर काबू पाया। मगर शाम तक मलबे से धुंआ उठता रहा। जिस पर दमकल की गाडिय़ां पानी डालती रही। इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

एएफओ हेमराज शर्मा ने बताया कि पाली रोड स्थित कांकाणी मार्ग पर संभव नाम से हैण्डीक्राफ्ट इकाई आई हुई है। तडक़े चार बजे आग लगने की सूचना पर बासनी से दमकल की गाड़ी भेजी गई। मगर आग की तीव्रता ज्यादा होने पर शास्त्रीनगर, नागौरी गेट एवं बोरानाड़ा से दमकलों को बुलाया गया। उन्होंने बताया कि आग से फैक्ट्री में

■ पाली रोड कांकाणी मार्ग पर हैण्डीक्राफ्ट फैक्ट्री में शनिवार सुबह लगी आग

लाखों का नुकसान हो गया। तैयार एवं कच्चा मटेरियल जलकर नष्ट हुआ है। आग पर हालांकि काबू पाया लिया गया है। मगर मलबे से अब तक धुंआ उठ रहा है। ऐसे में दमकल की गाडियां आग को पूर्ण रूप से बुझाने के लिए लगा रखी है। इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। फैक्ट्री मालिक के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। फायर ऑफिसर प्रशांत सिंह, बासनी प्रभारी बंशीदास भी समाचार मिलते ही मौके पर पहुंचे तथा भीडभाड़ को नियंत्रित किया।

# नहर में अधिक पानी छोड़ने से चूली रपट पर पानी की चादर चली



टोडारायसिंह-टोंक क्षेत्र के मध्य बनी चूली रपट पर व्यर्थ बहता बीसलपुर की नहरों से आया पानी।

**टोंक,** (निसं)। बीसलपुर परियोजना की बांयी मुख्य नहर से खेतों में सिंचाई के लिए छोड़ा गया पानी अभी तक टेल पर भी नही पहुंचा है, वहीं नहर में अधिक पानी ने बनास नदी में एक बार फिर वर्षा के मौसम की याद दिला दी है। जिससे टोडारायसिंह-टोंक क्षेत्र के मध्य बने चूली रपट पर पानी की चादर चल रही है। जिससे बीसलपुर का मीठा पानी अधिकारियों की अनदेखी व लापरवाही से व्यर्थ बह रहा है। बीसलपुर की नहरों से नदी में आए पानी से बनास में खेती करने वाले किसानों की फसल भी खराब हो रही है ।

जानकारी के अनुसार बीसलपुर बांध परियोजना द्वारा 22 नवम्बर को

■ खेतों में सिंचाई के लिए छोड़ा पानी नदी में व्यर्थ बह गया

■ बांयी मुख्य नहर के टेल के गांवों में सिंचाई का पानी नहीं पहुंचा

■ टोडारायसिंह-टोंक क्षेत्र के मध्य बने चूली रपट पर पानी की चादर चल रही है

बांयी मुख्य नहर में जिला प्रशासन की अनुमति से सिंचाई के लिए कमांड क्षेत्र में पानी छोड़ा गया था। बांयी मुख्य नहर के टेल के ग्रामों में अभी पूरी तरह सिंचाई का पानी नहीं पहुंचा। बांध परियोजना के अधिकारियों कर्मचारियों की लापरवाही के चलते बांयी नहर में क्षमता से अधिक पानी छोड़े जाने के कारण नहर ओवरफ्लो हो गई। ओवर फ्लो पानी बनास नदी में पहुंच गया। जिससे नदी में पेटा काश्त करने वाले काश्तकारों की फसले नष्ट हो गई है। बनास नदी में पानी की अचानक आवक बढ़ने से चूली रपट पर पानी बहने लगा। बीसलपुर परियोजना के अधिकारियों की लापरवाही के चलते सिंचाई का पानी तो व्यर्थ बह ही रहा है, वहीं बनास नदी में किसानों द्वारा बोई फसले भी नष्ट हो गई।

## 'प्रदेश में चल रहा जंगल राज'

**जोधपुर,** (कासं) । जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने कहा कि प्रदेश में जंगलराज चल रहा है। प्रदेश की जनता गहलोत सरकार के प्रति आक्रोशित है। यहां पर लॉ एंड ऑर्डर गिर गया है और भ्रष्टाचार बढ़ गया है। अरूण सिंह आज जोधपुर प्रवास पर रहे और संभाग दौरे पर है।

■ भाजपा के महामंत्री अरूण सिंह ने की प्रेसवार्ता

भाजपा की तरफ से निकाली जा रही जनाक्रोश यात्रा में शामिल होने जोधपुर आए और पत्रकारों से बात की। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरूणसिंह ने जन आक्रोश यात्रा को संबोधित भी किया। उहोंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह जनाक्रोश यात्रा है और सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में निकल रही है। जनता का बहुत बड़ा समर्थन मिल रहा है। जनता गहलोत सरकार से आक्रोशित है। सरकार में जंगलराज चल रहा है। उन्होंने राजस्थान में लॉ एंड ऑर्डर पर सवाल खड़े किए और कहा राजस्थान में भ्रष्टाचार बढ़ा है। किसानों भी बेहाल है। गहलोत सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

# कोठारी नदी पुलिया की जांच करने पहुंची एमएनआईटी की टीम

## भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण की जांच के लिए पहुंची टीम

**भीलवाड़ा,** (निसं)। बहुचर्चित रही भीलवाड़ा के कोठारी नदी पर बनी पालडी पुलिया के निर्माण में हुए भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण की जांच के लिए एमएनआईटी जयपुर की एक टीम भीलवाड़ा पहुंची तथा टीम ने गहनता से जांच की। एमएनआईटी एसोसिएट डीन डॉ. अरुण गौड, एमएनआईटी

■ टीम अपनी रिपोर्ट जिला कलक्टर, न्यास अध्यक्ष को जल्द ही सौंपेगी

डायरेक्टर गुणवंत शर्मा के नेतृत्व में यह जांच टीम शनिवार को भीलवाड़ा पहुंची।

टीम ने पुलिया पर डाले गए स्लैब की मोटाई और सरियों की भी जांच की, वहीं मौके पर मौजूद न्यास के अधीक्षण अभियंता विनीत सक्सेना, एक्सईएन जगदीश पल्सानिया व अन्य अधिकारियों से दस्तावेजों के आधार पर



एनएनआईटी के अधिकारियों ने पुलिस के निर्माण कार्य की जांच की।

भी चर्चा की। टीम ने पुलिया की मजबूती की जांच रिमोड हैमर और कोर कटिंग से ड्रिलिंग कर मजबूती को परखा। अब यह टीम अपनी रिपोर्ट जिला कलक्टर, न्यास अध्यक्ष को जल्द ही सौंपेगी। इसके बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी की गत दिनो 13 करोड करीब 9 लाख के लागत से बन रही इस पुलिया में बीचों बीच एक बडा सा हॉल कैसे हुआ था।

# डॉ. सतीश पूनिया दोस्त के बेटे की शादी में पहुंचे

**चिड़ावा,** (निसं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां अपने साथियों को कभी नहीं भूलते। यह साबित किया उन्होंने झुंझुनूं के चिड़ावा में। दरअसल डॉ. पूनियां दो दिन की जन आक्रोश यात्रा के तहत झुंझुनूं के दौरे पर थे। इसी दरमियान उन्हें मालूम चला कि उनके विद्यार्थी जीवन के साथी सूरजगढ़ निवासी व सूरत प्रवासी विश्वनाथ पचेरिया के परिवार में शादी है। तो वे शादी समारोह में पहुंचे। बिना कोई पूर्व के निर्धारित कार्यक्रम के बावजूद शादी समारोह में पहुंचे और वर-वधु को आशीर्वाद दिया। यही नहीं इस दौरान उन्होंने विश्वनाथ पचेरिया की पोती को भी गोद में खिलाया और आशीर्वाद दिया।

अचानक प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम में पहुंचने पर लोगों में उनके प्रति खासा क्रेज देखा गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनके साथ सेल्फी ली। इस मौके पर उनके साथ सूरजगढ़ विधायक सुभाष पूनियां, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया, सीकर भाजपा के संगठन प्रभारी दिनेश धाबाई, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष शर्मा, भाजपा नेता सेवाराम गुप्ता, भाजयुमो नेता महेंद्र मोदी, पूर्व



विद्यार्थी जीवन के साथी सूरत प्रवासी विश्वनाथ पचेरिया के यहां शादी में पहुंचे पूनिया।

प्रधान कैलाश मेघवाल आदि भी मौजूद थे। यह शादी चिड़ावा के युवा व्यवसायी अरूण-अनिता रामभरोसा के सुपुत्र पारस की शादी थी। जो विश्वनाथ पचेरिया के ससुराल पक्ष से आते है। जानकारी के अनुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां जब एबीवीपी के प्रदेश मंत्री के तौर पर जिम्मेदारी संभाले हुए थे। तब विश्वनाथ पचेरिया उनके साथ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य थे। करीब 32 सालों से दोनों के बीच गहरा दोस्ताना है।

युवा व्यवसायी अरूण रामभरोसा के पुत्र पारस की शादी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अलावा बड़ी संख्या में अधिकारी भी पहुंचे। जिनमें झुंझुनूं एडीएम जेपी गौड़, राजस्थान पुलिस में एएसपी भरतराज, एसीबी में डीएसपी शब्बीर खान, तहसीलदार गंभीर सिंह, ज्वालासहाय मीणा, महेंद्र मूंड, संजय खेदड़, लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के जिला प्रभारी राधेश्याम सुखाड़िया, तहसील प्रभारी रजनीकांत मिश्रा, कोविड रिलिफ सोसायटी से रजनीकांत ककरानिया, अठावाल महासभा चिड़ावा के अध्यक्ष देवानंद चौधरी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी कैलाश कविया, भाजपा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अशोक शर्मा, कैलाशचंद्र-मनोज-निशा फतेहपुरिया आदि प्रमुख है। जिनका स्वागत संतोष रामभरोसा, अरूण रामभरोसा, अनिल रामभरोसा, अनिता रामभरोसा, रेणू रामभरोसा एवं समस्त रामभरोसा परिवार ने किया।

## ट्रेन से उतरते समय हादसा, एक की मौत

**राजगढ़,** (निसं)। राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर शाम जैसलमेर जम्मू तवी पूजा एक्सप्रेस ट्रेन से उतरते समय हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस हादसे में मृतक की पुत्रवधू घायल हो गई जिसे राजगढ़ चिकित्सालय से प्राथमिक उपचार के बाद रैफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार केकड़ी अजमेर निवासी रामरतन विजय 65 वर्ष अपनी पुत्रवधू गोमती देवी के साथ राजगढ़ रिश्तेदार के अंतिम दिन पर आयोजित कार्यक्रम में आ रहे थे। इस हादसे की सूचना पर आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई वहीं परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक का शव राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर रखा गया है। इधर इस हादसे में घायल गोमती देवी पत्नी मुकेश विजय उम्र 45 वर्ष निवासी केकडी अजमेर को गंभीर हालत में राजगढ़ चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया।

## अधेड़ को गोली मारी

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर जिले के दिहौली थाना क्षेत्र के कठूमरी गांव में खेत के विवाद को लेकर एक अधेड़ को गोली मारने का मामला सामने आया है। जिसमें हाथ में गोली लगने से अधेड़ घायल हो गया । घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया गया है।

■ दिहौली थाने के कठूमरी गांव में खेत के विवाद को लेकर हुआ झगड़ा

घायल 50 वर्षीय सोवरन पुत्र कोक सिंह निवासी कठूमरी ने बताया कि उसका ढ़ाई बीघा खेत घुरैया खेड़ा गांव में मौजूद है। जिस पर घुरैया खेड़ा गांव के पप्पू पुत्र निहाल सिंह और गब्बर कब्जा करना चाहते है। जिसको लेकर उनका कई दिनों से विवाद चला आ रहा है। घायल ने बताया कि शुक्रवार शाम को वह गाय भगाने के लिए खेत पर गया। जहां बाइक पर पप्पू और उसके



जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती घायल।

2 साथी आ गए। जिन्होंने गोली मार दी। इसी दौरान मौके से निकल रही गायों के बीच होकर अधेड़ जैसे- तैसे घर पहुंच गया। जहां से परिजनों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती करा दिया। घटना को लेकर दिहोली थाना पुलिस ने घायल के पर्चा बयान के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# राजे के हाथों में होगी कमान तो ही प्रचण्ड बहुमत से जितेगी भाजपा: शर्मा

## सरदार शहर उपचुनाव में भाजपा की करारी हार के बाद वसुंधरा राजे समर्थक राजस्थान मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष व राजस्थान सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष पं. बृजमोहन शर्मा ने प्रतिक्रिया दी

**कोटपूतली/जयपुर,** (निसं)। सरदार शहर उपचुनाव में मिली करारी हार पर वसुंधरा समर्थकों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। इस सम्बंध में प्रेस से बातचीत करते हुए वसुंधरा राजे समर्थक राजस्थान मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष व राजस्थान सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष पं. बृजमोहन शर्मा ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. पूनिया की घरेलू सरदार शहर सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा को मिली करारी हार ने उस दावे की धज्जियां उड़ा दी हैं जिसके बल बूते पर आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा जीत के सपने देख रही है। इस चुनाव में डॉ. पूनिया ना तो प्रचार के लिए सरदार शहर पहुंचे एवं ना ही अपने स्वजातिय 5 प्रतिशत वोट भी भाजपा को दिला पाये जबकि उनकी नियुक्ति जाट वोट बैंक को भाजपा की ओर करने के लिए हुई थी।

पं. शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, अभी तक के उपचुनावों में भाजपा की एक के बाद एक हुई करारी हार पर नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्हें अविलम्ब त्याग पत्र दे देना चाहिये। साथ ही दिल्ली में बैठे आलाकमान को भी राजस्थान भाजपा की कमान राजे के हाथों में सौंप देनी चाहिये, क्योंकि वे ही एक मात्र सर्वमान्य नेता है। जिनके नेतृत्व में भाजपा वर्ष 2013 के चुनाव परिणाम से भी अधिक प्रचण्ड बहुमत दिला सकती है। राजे सरकार योजनाओं के चलते प्रदेश की जनता राजे को ऐतिहासिक जीत देने के लिए तत्पर है। कांग्रेस शासन में आमजन व्यथित है। भाजपा जन आक्रोश यात्रा शुभारम्भ में राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की उपस्थिति में कुर्सियों का खाली रह जाना भी प्रदेश नेतृत्व की कमजोरी को प्रमाणित करता है।

राजस्थान के सेवानिवृत कर्मचारी सभी 200 विधानसभा सीटों में अपना जादुई असर रखते हैं। शर्मा ने उन्हीं के बल पर दावा किया कि प्रदेश में राजे को नेतृत्व सौंपा जाये तो आने वाले चुनाव में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बन सकती है। इन्हीं जन भावना को ध्यान में रखते हुए जल्द ही भाजपा की कमान पूर्व मुख्यमंत्री को सौंपनी चाहिये। वहीं वसुंधरा राजे समर्थक मंच युवा मोर्चा के प्रदेश संगठन मंत्री विकास डोई ने प्रेस को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, यह प्रदेश भाजपा के संगठन व नेतृत्व की कमजोरी एवं विफलता है, जिसके चलते भाजपा को राजस्थान में बार-बार हार का मुंह देखना पड़ रहा है। शीर्ष नेतृत्व को पूर्व सीएम वसुंधरा राजे जैसी जनआधार वाली नेता को ही चेहरा बनाना चाहिये जिससे वर्ष 2023 में 180 से ऊपर सीटें जीती जा सके।

# भारत जोड़ो यात्रा पर खर्च हो रहे करोड़ों का भार जनता पर पड़ेगा : जसकौर मीना

## 'कुर्सियों की लड़ाई में राजस्थान की जनता पिस रही है'

**रामगढ़ पचवारा/ लालसोट,** (निसं)। स्थानीय सांसद जसकौर मीणा ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि, कांग्रेसी राजकुमार द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा पर हो रहे करोड़ों खर्च का सीधा भार जनता पर पड़ेगा।

सांसद मीणा ने भारत जोड़ो यात्रा पर सीधा हमला बोला एवं कहा कि, विधानसभा चुनाव नजदीक होने के कारण क्षेत्र की पेयजल, सड़क, बिजली आदि मूलभूत समस्याओं का समाधान करने की बजाय लोगों का इस यात्रा के माध्यम से ध्यान भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। जन आक्रोश रथयात्रा लालसोट विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ पचवारा उपखंड के एक रालावास के गणेश धाम से रवाना होकर सलेमपुरा, निजामपुरा, गोपालपुरा, कालुवास, कल्लावास, जीतपुर, कल्लावास, तिब्बारा, नयावास, हामावास, भांवता,



सांसद जसकोर मीणा ने भाजपा की जन आक्रोश यात्रा को संबोधित किया।

पालुन्दा, लाहड़ीकाबास आदि गांवों में पहुंची। जहां कांग्रेस सरकार की विफलताएं और केन्द्र सरकार की उपल्बधियां को भाजपा नेताओं ने जन-जन तक पहुंचाया।

भाजपा नेता रामबिलास डूंगरपुर ने सम्बोधित करते हुऐ कहा कि कुर्सियों की लड़ाई में राजस्थान की जनता पिस रही है। सरकार होटलों में बंद हो जाती हैं सरकार को बहिन-बेटियों की सुरक्षा की भी परवाह नहीं है। पूर्व आईएएस व भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन मीणा महारिया ने कहा की खाद में कालाबजारी हो रही है, सरकार बेरोजगारों को रोजगार देने का वादा कर शासन में आई लेकिन अब तक नौकरियों का कोई अता पता नहीं है। यात्रा संयोजक सतपाल मीणा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार खुद को बचाने के चक्कर में प्रदेश में भूख भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है।

इस यात्रा के दौरान राहुवास मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह झूपडिया, देहांत मंडल अध्यक्ष रूपसिंह सुरतपुरा, दौलतपुरा मंडल अध्यक्ष रामखिलाडी मीणा, रामगढ़ पचवारा मंडल अध्यक्ष लड्डूराम मीणा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा गुप्ता, सलेमपुरा सरपंच लाली देवी, डूंगरपुर सरपंच दीनदयाल मीणा, हरसहाय सलेमपुरा कन्हैयालाल डीलर आदि भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

# सी-स्कीम की मस्जिद कमेटी का विवाद मुख्यमंत्री आवास के घेराव तक पहुंचा

## वक्फ बोर्ड से नाराज मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर विरोध करने उतरे तो पुलिस-प्रशासन ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें मुख्यमंत्री निवास तक जाने से रोका

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में सी-स्कीम स्थित मस्जिद रेजीडेंसी राईयान की कमेटी का विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। मुस्लिम समुदाय के 50 से ज्यादा महिला-पुरूषों ने वक्फ बोर्ड के चेयरमैन खानू खां बुधवाली पर भ्रष्टाचार और तानाशाही का आरोप लगाते हुए सड़क पर बैठकर विरोध जताया। इससे पहले प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने निकले थे, लेकिन उन्हें पुलिस ने सड़क पर ही बैरिकेड्स लगाकर रोक दिया। हालांकि बाद में चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से सीएमओ में वार्ता हुई, जहां उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया है।




**सी-स्कीम स्थित मस्जिद रेजीडेंसी राईयान की कमेटी के विरोध में मुस्लिम समुदाय के महिला-पुरुषों ने सीएम हाऊस के नजदीक सड़क पर बैठक विरोध जताया। उनका आरोप था कि कमेटी में भूमाफिया व मॉडलिंग-शूटिंग करने वाले भी शामिल है।**

- **पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद उग्र हुए महिला-पुरूषों ने सड़क पर बैठकर वक्फ बोर्ड चेयरमैन खानू खां के खिलाफ नारेबाजी की और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए**
- **काफी देर के हंगामे के बाद पुलिस ने चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को सीएमओ ले जाकर अधिकारियों से वार्ता कराई, जहां आगामी एक सप्ताह में मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है।**

उधर प्रदर्शनकारियों ने अगले एक सप्ताह में मस्जिद की विवादित कमेटी को खारिज करने की चेतावनी दी है। लोगों का आरोप था कि कमेटी में भूमाफियाओं और मॉडलिंग-शूटिंग करने वालों तक को शामिल कर दिया।

आंदोलनकारियों में से एक मोहम्मद सलीम सिद्दीकी ने कहा कि अगर मांगे नहीं मानी गई तो अगले सप्ताह इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इससे पिछले सप्ताह वक्फ बोर्ड के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ था वक्फ बोर्ड पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए लोगों ने वक्फ बोर्ड मुख्यालय पर ही ताला जड़ दिया था। पिछले सप्ताह पूर्व अजमेर दरगाह कमेटी सदर अमीन पठान के नेतृत्व में वक्फ बोर्ड मुख्यालय का घेराव किया गया था। तब भी चेताया गया था और उसके बाद 112 दिन पूरे हो चुके हैं, सरकार पर कोई असर नहीं हुआ इसीलिए मुस्लिम समुदाय ने शुक्रवार को सीएम हाऊस की तरफ कूच किया था। आंदोलनकारियों ने कहा कि सीएमओ में सबूतों के साथ अपनी बात मजबूती से रखी है। इससे पहले अल्पसंख्यक मामलात मंत्री भी जांच करवा चुके है। सभी को पता है कि खुले में गलत काम किया गया लेकिन वक्फ चेयरमैन की खुली बेशर्मी है कि वो अपना फैसला वापस लेने को तैयार ही नहीं बस करप्शन पर उतारू है। आंदोलन की अगुवाई कर रहे कुछ बुजुर्गों ने कहा कि पुलिस द्वारा हमें संवैधानिक विरोध करने से रोका जा रहा है। पुलिस कई मुकदमें दर्ज कर तानाशाही करना चाह रही है। हमारा आंदोलन वक्फ बोर्ड का करप्शन जड़ से पूरी खत्म करने के बाद ही खत्म होगा।

## पुलिस ने पकड़े चोरी के वाहन

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में यातायात पुलिसकर्मी यातायात संचालन के साथ-साथ चोरी के वाहन भी पकड़ रहे है।

पुलिस उपायुक्त यातायात प्रहलाद सिंह कृष्णियां ने बताया कि शनिवार को पुलिस निरीक्षक यातायात उत्तर द्वितीय प्रदीप सिंह के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल हवा सिंह, कांस्टेबल किशोर सिंह, रिचा, राकेश बांदरवाल गेट पर यातायात संचालन कर रहे थे। इस दौरान जलेबी चौक की तरफ से बिना हेलमेट आ रहे स्कूटी सवार को रूकवाया जाकर वाहन सम्बन्धित दस्तावेज की जानकारी चाही गई। इस पर वाहन चालक कागजात लाने की कहकर गया व काफी देर तक नहीं आने से मामला संदिग्ध लगने पर वाहन नम्बर से ई-चालान डिवाइस पर डिटेल प्राप्त कर वाहन स्वामी से बात की गई तो वाहन स्वामी ने अपना वाहन पांच दिन पहले चोरी होना बताया। प्रदीप सिंह ने यातायात नियन्त्रण कक्ष को सूचना देकर वाहन पुलिस थाना माणक चौक को कार्रवाई के लिए सुपुर्द किया।वहीं खातीपुरा तिराहे पर यातायात संचालन के लिए नियोजित हैड कांस्टेबल कन्हैया लाल,कांस्टेबल रामवतार, ललिता, अमित कुमार ने यातायात संचालन के दौरान झोटवाडा की तरफ से बिना हेलमेट आ रहे मोटरसाईकिल सवार को रूकने का ईशारा किया तो वाहन चालक वाहनवाहन छोडकर भाग गया। तैनात जाप्ते ने वाहन के रजिस्ट्रेशन नम्बर ई-चालान मशीन में चौक करने पर वाहन के ईजन चौसिस नम्बर का मिलान नहीं हो पाया। वाहन संदिग्ध लगने पर जाप्ते ने यातायात नियंत्रण कक्ष को सूचित कर वाहन वैशाली नगर पुलिस को सौंपा।

## अस्पताल परिसर में क्रिसमस-ट्री



**सवाई मानसिंह अस्पताल परिसर में अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने शनिवार को क्रिसमस ट्री लगाया।**

**जयपुर**। राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल में क्रिसमस व आगामी नववर्ष के उपलक्ष्य में शुद्ध पर्यावरण-स्वच्छ अस्पताल की थीम पर पौधारोपण किया गया। अतिरिक्त अधीक्षक व चरक भवन के नोडल ऑफिसर डॉ. मोहनीश ग्रोवर ने बताया कि अस्पताल परिसर में अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने क्रिसमस ट्री लगाया। अधीक्षक ने चिकित्सा कर्मियों से अस्पताल में भर्ती एवं आउटडोर में आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की अपील की। कार्यक्रम में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सुरेन्द्र सिंह बॉकावत ने आपसी सदभावना व भाईचारे तथा सकारात्मक ऊर्जा के प्रतीक क्रिसमस ट्री के रोपण व आगामी नववर्ष की सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में ईएनटी विभाग के डॉ. सुनील समधानी, डॉ. रेखा हर्षवर्धन, नेत्र विभाग के डॉ. जेके चौहान, डॉ. एम के झारवाल, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. प्रदीप शर्मा तथा नर्सिंग अधीक्षक सुरेश मीणा, ओमप्रकाश बैरवा, रामनेरश व्यास, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर महेश कुमार कौशल व राजेश शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में तीन लोग घायल

**जयपुर** (कासं)। प्रताप नगर इलाके में शुक्रवार रात सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए। उनमें से दो का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने देर रात ही हरियाणा नंबर को जब्त कर लिया। बताया जा रहा है कि गोनेर रोड के नजदीक इस लग्जरी कार ने आगे चल रही एक अन्य कार को टक्कर मारी थी।

कार को टक्कर मारने के बाद एक बाइक समेत एक अन्य वाहन को कार ने चपेट में लिया और उसके बाद पेड़ से टकराकर कार रुकी। लग्जरी कार के एयरबैग खुल गए और उसके बाद उसमें बैठा चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस को कार से शराब की बोतलें भी मिली हैं। माना जा रहा है कि कार चालक नशे में था और उसके बाद वह तेज रफ्तार से कार दौड़ा रहा था। पुलिस ने बताया कि राधागोविंद शर्मा अपने तीन साथियों के साथ अपने रेस्टोरेंट से प्रताप नगर स्थित घर की ओर आ रहे थे। तीनों कार में थे। इस दौरान दूसरी कार ने टक्कर मारी। राधागोविंद के साथियों कुलदीप और रोशन का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने हरियाणा नंबर की कार जब्त कर ली है।

# जलमहल की पाल पर दुकानदारों व पुलिस के बीच धक्का-मुक्की

## नाइट बाजार के विरोध में पिछले दो दिन से धरने पर बैठे थे लोग

**जयपुर** (कासं)। जलमहल की पाल पर शनिवार को दुकान लगाने वाले लोगों पर पुलिस ने लाठियां बरसाईं। हंगामे के दौरान जलमहल के पानी में कूदने की कोशिश करने वाली महिला समेत तमाम प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया। दरअसल, ये सभी लोग जलमहल की पाल पर नाइट बाजार लगाने का विरोध कर रहे थे। इस दौरान जलमहल चौपाटी व्यापार संघ के लोग धरने पर बैठ गए। संघ का कहना है कि नगर निगम द्वारा लगाई गई इस चौपाटी से उन्हें काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। नाइट बाजार लगने के कारण उनका रोज का व्यापार एक दम खत्म हो गया है।

- **लाठीचार्ज के बाद धरने पर बैठी दो महिलाओं ने जलमहल के पानी में कूदकर जान देने की कोशिश की, जिन्हें पकड़कर पुलिस ने अन्य लोगों के साथ हिरासत में लिया**

दरअसल, व्यापार संघ के लोग पिछले दो दिन से जलमहल की पाल पर धरने पर बैठे थे। शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे पुलिस प्रशासन ने धरना खत्म कर जगह खाली करने के लिए कहा। इसके बाद दोनों तरफ से बहस शुरू हो गई। करीब 12.30 बजे पुलिस ने लोगों को खदेड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान धक्का-मुक्की हो गई।

हालात बिगड़ते देख पुलिस ने लाठियां बरसाई। इस दौरान 2 महिलाओं ने जलमहल के पानी में भी कूदने की कोशिश की, जिन्हें समय रहते बचा लिया गया। करीब 1 बजे इन सभी लोगों को थाने ले जाया गया। इनके खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि जलमहल की पाल पर नाइट बाजार लगने के कारण यहां करीब 300 से 400 लोगों का रोजगार प्रभावित हुआ है। जलमहल चौपाटी व्यापार संघ के पदाधिकारियों को आरोप है कि नगर निगम प्रशासन ने नाइट बाजार के नाम पर प्राइवेट कंपनी को टैंडर दे दिया। अब नगर निगम दिन में आकर हमारा समान जब्त करती है और 3 से 5 हजार रुपये का चालान करती है। इसके बावजूद हमारा समान हमें वापस नहीं किया जाता। हमें पूरे जोर से हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

पिछले महीने भी जब नाइट बजार लगा था तो हमारे विरोध करने के बाद समझौता किया गया था कि नाइट बाजार केवल शनिवार और रविवार को लगेगा। वो भी शाम 7 बजे से रात 1 बजे तक। उससे पहले हम यहां अपना काम कर पाएंगे अपना सामान यहां बेच पाएंगे। लेकिन उस समझोते के बावजूद ये हम सभी जलमहल चौपाटी व्यापारियों पर लगातार दबाव बनाए जा रहे हैं, हमें परेशान ही नहीं मारपीट करने तक का प्रयास करते है।

# केन्द्रीय सहकारी बैंकों में 551 पदों पर भर्ती होगी

## जयपुर में 35 हजार नए किसानों को फसली ऋण मिलेगा

**जयपुर**। सहकारिता रजिस्ट्रार मेघराज सिंह रतनू ने कहा कि केन्द्रीय सहकारी बैंकों में कम्प्यूटर प्रोग्रामर, प्रबंधक एवं बैंकिग सहायक के रिक्त 551 पदों पर भर्ती की शीघ्र ही विज्ञप्ति जारी की जाएगी ताकि बैंकों में होने वाले कार्यों में गति आ सके। उन्होंने कहा कि राजस्थान राज्य सहकारी भर्ती बोर्ड को बैंकों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए पदों की सूचना भेजी जा चुकी है।

- **सहकारिता रजिस्ट्रार ने किसानों से सहकारी समिति में संचालित हो रहे कस्टम हायरिंग सेन्टर के बारे में जानकारी ली और किसानों को इससे मिल रहे लाभ के बारे में विस्तार से चर्चा की**

रतनू शनिवार को जयपुर जिले की ग्राम सेवा सहकारी समिति, धानक्या में सदस्य किसानों से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रदेश में 5 लाख नए किसानों को फसली ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें से जयपुर जिले में 35 हजार नए किसानों को फसली ऋण वितरण किया जाएगा और नवम्बर, 2022 तक 12 हजार नए किसानों को फसली ऋण दिया जा चुका है।

उन्होंने समिति में ऋण वितरण की ऑनलाइन प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली तथा मौके पर ही समिति ने सदस्य किसान की बॉयोमैट्रिक पद्धति से ऋण से संबंधित प्रक्रिया को पूरा किया। रजिस्ट्रार ने किसानों से सहकारी समिति में संचालित हो रहे कस्टम हायरिंग सेन्टर के बारे में जानकारी ली और किसानों को इससे मिल रहे लाभ के बारे में विस्तार से चर्चा की। केन्द्रीय सहकारी बैंक, जयपुर के प्रबंध निदेशक मदन लाल गुर्जर ने बताया कि समिति द्वारा कस्टम हायरिंग सेन्टर से 2.36 लाख का लाभ अर्जित किया है।

# श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ में जुटे सैकड़ों धर्मावलंबी

**जयपुर**। श्री योगेंद्र नगर युवा विकास समिति सीतापुरा के तत्वावधान में शनिवार को संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। इस भव्य कलश यात्रा के दौरान श्रीमद्भागवत पुराण को सिर पर धारण कर धर्मावलंबियों द्वारा शोभायात्रा भी निकाली गई।

समिति अध्यक्ष राकेश चौधरी ने बताया कि समिति के तत्वावधान में आयोजित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दौरान भगवत आचार्य गौरव कृष्ण महाराज धाम वृंदावन श्री मुख से भागवत कथा के प्रवचन करेंगे।



**श्री योगेंद्र नगर युवा विकास समिति सीतापुरा ने शनिवार को संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ की कलश यात्रा निकाली।**

इस संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ की शुरुआत महिलाओं द्वारा सर पर कलश धारण कर भव्य कलश यात्रा के साथ की गई। भागवत यात्रा में परीक्षित जन्म, नरसिंह अवतार, राम अवतार, कृष्ण जन्म, नंदोत्सव, बाल लीला, चीरहरण, गोवर्धन पूजा, महाराम लीला, कंस वध, रुक्मणी विवाह, सुदामा चरित्र, राजा परीक्षित मोक्ष, सुखदेव विदाई, भागवत का चिट्ठा आदि प्रसंग सुनाए गए। इस दौरान समिति के उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद, सचिव सांवरमल जाट, कोषाध्यक्ष यशवंत राव, कार्यकारिणी सदस्य राधामोहन, कुलदीप, मामराज सैनी, नरेश शर्मा, चंचल शर्मा, प्रेम बैरवा, वीरपाल चौधरी, तपेश कुमार मीणा, कैलाश सैनी, रामअवतार, जिला चौधरी रोशन लाल मीणा, नत्थू सिंह, हनुमान चौधरी व कई धर्मावलंबी मौजूद रहे।

# जेडीए ने खेड़ी गोकुलपुरा में ध्वस्त किए चार अवैध विला

## बिल्डर की अपील ट्रिब्यूनल से खारिज होने के बाद शनिवार को प्रवर्तन विंग ने दिखाई सख्ती



-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने शनिवार को वोटिका रोड पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चार अवैध विलाज़ को तोड़ दिया। इसके अलावा गांव फतेहपुरा तहसील चाकसू में करीब 8 बीघा निजी खातेदारी की जमीन पर बसाई जा रही टाउनशिप के निर्माण को भी बुलड़ोजर से ध्वस्त किया।

- **गांव फतेहपुरा में भी करीब 8 बीघा निजी खातेदारी की जमीन पर बसाई जा रही टाउनशिप के निर्माण को बुलड़ोजर से ध्वस्त किए**

मुख्य प्रवर्तन अधिकारी रघुवीर सैनी ने बताया कि पहली कार्रवाई वाटिका रोड पर ग्राम खेड़ी गोकुलपुरा में बसी तिरूपति नगर में की। यहां जेडीए की बिना अनुमति और बिल्डिंग बायलॉज के विपरित 4 प्लाट्स (43, 47, 48 व 49) पर सिंगल स्टोरी के विलाज बनाने का काम चल रहा था। बिना अनुमति निर्माण करने पर जेडीए ने बिल्डर को गत 10 सितम्बर को नोटिस जारी करके काम बंद करने के लिए कहा। इस नोटिस को बिल्डर ने जेडीए की ट्रिब्यूनल कोर्ट में चैलेंज किया। जहां सुनवाई होने के बाद ट्रिब्यूनल कोर्ट ने जेडीए के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बिल्डर की अपील को खारिज करते हुए जेडीए को कार्यवाही के निर्देश दिए। कोर्ट के इन आदेशों की पालना में शनिवार को जेडीए की टीम ने मौके पर जेसीबी मशीन से चारों विलाज को तोड़ दिया। इस कार्रवाई के अलावा वाटिका रोड के पास ही ग्राम फतेहपुरा तहसील चाकसू में भी अवैध कॉलोनी बसाने पर कार्यवाही की गई। यहां खातेदार ने निजी खातेदारी की 8 बीघा जमीन पर कॉलोनी बसाने के लिए रोड और बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कर लिया था। इन निर्माण को आज जेसीबी से तोड़ते हुए यहां कॉलोनी बसाने के लिए किए जा रहे निर्माण को रूकवाया।

## सार-समाचार

### यूनियन कबड्डी क्लब का शुभारंभ



**जयपुर**। रामनिवास बाग को पुन: स्पोर्ट्स हब बनाने के संकल्प को दिशा देते हुए शनिवार को यूनियन फुटबॉल क्लब जयपुर ने अपने क्लब ग्राउण्ड पर कबड्डी क्लब और टीम का गठन किया, जिसका नाम "यूनियन कबड्डी क्लब" रखा है। यूनियन कबड्डी क्लब के संस्थापक एवम यूनियन फुटबॉल क्लब के सचिव महिपाल स्वामी ने बताया कि रामनिवास बाग की स्थापना सवाई राम सिंह महाराज ने इसी उद्देश्य के साथ की थी कि नगरवासियों के खेल एवम मनोरंजन के लिए प्राकृतिक वातावरण में खेल संचालित हो सके। यूनियन कबड्डी क्लब में पुरुष एवम महिलाओं दोनों की टीमें बनाई गई है। इस अवसर पर राष्ट्रीय कबड्डी कोच राजनारायण, वेटलिफ्टिंग कोच रवि शर्मा, क्लब कॉर्डिनेटर अभिनव स्वामी, ग्राउण्ड इंचार्ज एवम कबड्डी क्लब के सचिव विजयदीप स्वामी और फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग एवम कबड्डी खिलाडी उपस्थित रहे। यूनियन कबड्डी क्लब की वंशानुगत मुख्य संरक्षक सांसद दीया कुमारी स्वाभाविक तौर से होंगी।

### पिंक क्लब के सदस्यों का गेट टूगेदर



**जयपुर**। पिंक क्लब ने जयपुर स्थित एक होटल में अपने सदस्यों के लिये गेट टुगेदर का आयोजन किया, जिसमें सदस्यों ने रोचक खेलों का आनन्द लिया और साथ में समाजिक कार्यो की समीक्षा भी की। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता डॉ. नेहा पारीक ने सभी को जीवन में अपने मन को जीतने की बात कही और स्पोकन इंग्लिश व व्यक्तितव विकास के टिप्स दिये। अध्यक्ष सुषमा के.के. ने कहा कि समूह के सदस्यों के लिये इस तरह के कार्यक्रम कराने से उन सबको कुछ सीखने को ही मिलता है। बेस्ट ड्रेस और गेम्ज़ का पुरस्कार उषा कोटा वाला और उषा जखोटिया ने जीते।

### पार्षद स्वाति परनामी भाजपा में शामिल



**जयपुर**। जयपुर ग्रेटर नगर निगम के वार्ड 149 की पार्षद स्वाति परनामी भाजपा में शामिल हो गई है। भाजपा राजापार्क मंडल के अध्यक्ष चंद्र मोहन खत्री ने स्वागत करते हुए बताया कि जयपुर शहर जिले के अध्यक्ष राघव शर्मा ने स्वाति परनामी का पूर्व में किया हुआ निष्कासन रद्द कर दिया है।

### बॉलीवुड गानों पर झूमे जयपुरराइट्स

**जयपुर** (कासं)। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के 16 वें नेशनल इंटरकॉलेज यूथ फेस्ट अभ्युदया द यूथ राइजेज में बॉलीवुड सिंगर स्टेबिन बेन की प्रस्तुति खास रही। रूला के गया इश्क, केसरिया, थोड़ा-थोड़ा प्यार है... जैसे गानों की प्रस्तुतियां देकर सिंगर ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। एक से बढ़कर एक पसंदीदा गानों पर युवा भी हूटिंग और तालियां बजाकर हौंसला अफजाई करते दिखे। इससे पहले मुख्य अतिथि मिस राजस्थान-2022 की रनरअप रिया जाखड़, एक्ट्रेस गरिमा शर्मा, निदेशक डॉ. प्रभात पंकज व डीन, डॉ. दानेश्वर शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर दो दिवसीय यूथ फेस्ट का शुभारंभ किया। 75 कॉलेजों के 1480 से अधिक स्टूडेंट हिस्सा ले रहे है। विभिन्न सामाजिक मुद्दों को लेकर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इस मौके पर अलग-अलग विभिन्न गतिविधियां हुई।

### शिविर में 120 यूनिट रक्त एकत्रित

**जयपुर**। एस.एस. जैन सुबोध कॉलेज की ओर से विश्व मानव अधिकार दिवस के मौके पर शनिवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिक्षा समिति सचिव राजेंद्र कुमार जैन व संजीव कोठारी, प्राचार्य डॉ. शिव कुमार चौधरी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद चौधरी मौजूद रहे। 120 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। एक अंतर महाविद्यालय मॉडल निर्माण प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक एसपी भटनागर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. स्निग्धा शर्मा, डॉ. रूचि कश्यप मौजूद रहे।

### राज्य में जैन बोर्ड के गठन की मांग

**जयपुर**। युवा कांग्रेस नेता और पार्षद प्रत्याशी मोहित जैन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, कृषि मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर पुरजोर शब्दों मे मांग की है कि राजस्थान राज्य में जैन बोर्ड का गठन किया जाए। ज्ञापन में युवा नेता मोहित जैन ने अवगत कराया है कि अल्पसंख्यक जैन की अति प्राचीन धरोहरों के संरक्षण, सुरक्षा, जीर्णोद्वार एवं जैन श्रमण संस्कृति की रक्षा के लिए प्रदेश में जैन बोर्ड का गठन किया जाना अति आवश्यक है। मोहित जैन ने कहा कि इस संबंध में विभिन्न माध्यमों से जैन बोर्ड के गठन की मांग उठाई है, परन्तु अभी तक कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई है, जिससे जैन समाज उद्वेलित है। इसलिए प्रदेश के जैन समुदाय की न्यायोजित मांग पर कार्यवाही की जाए।

### सवाई ईश्वर सिंह की स्मृति कल

**जयपुर** (कासं)। तालकटोरा के सामने स्थित पूर्व महाराजा सवाई ईश्वरी सिंह की छतरी पर रोजाना पूजा अर्चना की जा रही है। वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार सोमवार को स्मृति के तहत श्रद्धांजलि कार्यक्रम होगा। महंत रामतीर्थ पारीक के सान्निध्य में तालकटोरा स्थित छतरी पर बने स्थान पर शाम 4 बजे पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक व साफा धारण करवाया जाएगा। इस मौके पर 11 साडियां भेंट की जाएगी।



## World Choral Day

Music helps people to bond in many different ways, from making friends at different musical concerts to allowing adults and children to dance and have fun together. If there is an aspect of talent that can be said to be universally wonderful, it must be to be musically inclined. There are no words that can describe how powerful music can really be when shared in the cause of peace and togetherness. World Choral Day is dedicated to those very principles, a world-wide goal to bring peace and harmony through the musical arts.





Viswanathan Anand.

# Average age dropping, but careers getting shorter: GM Anand

> "I'm interested in sport, so I do watch. Like I've been following the football World Cup… I've always had a soft corner for Spain, sad they got knocked out in the last-16 stage… There are some match-ups which interest me… Argentina's campaign has been fascinating… Losing to Saudi Arabia in the first match and, now, making the semi-finals! That loss clearly wasn't the worst thing to have happened to Lionel Messi's team. Sometimes, shocks are helpful"





Lokendra Pratap Sahi
*Senior Journalist*

## #SHATRANJ KE USTAAD

If Prakash Padukone has been a pioneer in badminton, GM Viswanathan Anand, a five-time World champion, is primarily responsible for the chess explosion in India.

The always articulate Anand, who turns 53 today, extensively spoke to this Columnist on just about everything. Besides being deputy president of the sport's governing body, FIDE, he is Tata Steel Chess India's brand ambassador.

Excerpts…

***Q: While you haven't retired, your priorities have been shifting…***
**A:** That's right… I devote time to the WestBridge Anand Chess Academy (WACA), which I started around two years ago. Some of my core group mentees will be playing in a major tournament near Amsterdam next month, it's a Tata Steel event. Part of this month will go in helping the mentees prepare… Generally, some of my time goes into work related to my position as a FIDE vice-president… Being the brand ambassador of Tata Steel Chess India, a high-profile tournament in Kolkata, is also a responsibility… As for my playing, nothing in the next few months, but I do intend returning to the chess board in a few events later in 2023. I'll have to prepare, get back into my zone. However, the World Championships are out for me. I'm no longer a contender.

***Q: At your Academy, are you more of a mentor?***
**A:** Guide would be better… It's more about sharing my experiences, for I feel I'm uniquely placed to do so. Telling the mentees this is what I did the first time in a similar situation and got it wrong. This is what I did the second time and got it right. I don't hold classes, though… Talking to the mentees makes me aware of their requirements. I arrange what I can… I interact quite a bit with the coaches, who are good friends, and prepare schedules in consultation with them.

***Q: You've preferred 'guide' to 'mentor'. Whatever, you're largely responsible for the chess boom. No one better, then, to mentor or guide…***
**A:** Let me put it this way… You're never fully responsible for anything, be it the chess explosion or something else. Others play a part as well. My role has been unique, I became the trigger… But am I wholly responsible? No.

***Q: Your mentees have already starting making a splash…***
**A:** (Excitedly) As it turns out, yes. Rameshbabu Praggnanandhaa, Domma raju Gukesh, Arjun Erigaisi, Nihal Sarin are part of WACA. As are Pragga's sister Rameshbabu Vaishali and Savitha Sri. I have high expectations from each mentee.

***Q: Who inspired you to launch WACA?***
A: Late Mikhail Botvinnik.

***Q: To talk of the emerging generation of chess stars in India, what's the difference between them and you?***
**A:** It's a comparison between the pre-computer and post-computer eras… Night and day… I could repeat a lot of the themes, but look at the way chess is studied now. The way players train today, with the help of computers, is so unlike how I'd prepare. My notes would only be half-a-page long! Nowadays, information keeps going up all the time. Earlier, it could have taken as much as a week to analyse moves. Today, the computer does that in a matter of seconds! The average age is dropping, but careers are also getting shorter. It's harder seeing 40-year-olds hanging around for long, as players are burning out by the time they reach 40.

***Q: Why?***
**A:** One reason being computers… Chess has increasingly become a physical sport and the younger players are catching up faster in terms of knowledge. The computer has neutralised experience and skill. Games are getting longer and that takes a toll. You have to be fitter to last longer hours, need to be more energetic.

***Q: Surely, the natural ability element hasn't been reduced to zero…***
**A:** It hasn't. Indeed, at the end of the day, natural ability is the only way to separate two individuals. Information is available to all, it's what you absorb. Chess has always been about understanding. Critical is what you keep in your head as there's a difference between information and understanding. The computer gives the same information to everybody, so you have to keep working harder and harder to separate yourself from the rest.

***Q: So, essentially, there's no difference in who you'd rate a quality player today as opposed to, say, a decade ago?***
**A:** It's more or less the same. One's understanding matters, the ability to feel things… Training methods have changed, not what the sport basically is. Chess is still a struggle between two individuals.

***Q: Pragga and Gukesh, for example, are immensely gifted. How should they take their careers forward?***
**A:** They have to embrace the idea of constantly improving… If they have problems, I expect them to come to me… They could come to the Olympic Gold Quest, of which I'm a part… As youngsters, they may be wasting time on things they're not particularly well equipped to deal with. They should leave all that to somebody else.



Viswanathan Anand with PM Narendra Modi.

***Q: Reigning world champion Magnus Carlsen has decided not to defend his crown in 2023. Has mental fatigue powered that decision?***
**A:** Carlsen has an issue with the format, as far as I know. He doesn't wish to play another long Championship match. I respect his decision… It isn't about not feeling motivated, for Carlsen is still playing tournaments.

***Q: Over the years, have you ever been demotivated?***
A: Quite often.

***Q: Really?***
**A:** Yes, there were times I felt there shouldn't be another round.

***Q: How did you overcome such situations?***
**A:** I just turned up! To talk of the World Championships, I felt I shouldn't give up trying. That it was a great opportunity. Knew that a lot of players would put in the effort and energy to win.

***Q: Carlsen's first of five World Championship wins was at your expense. How great is the Norwegian?***
**A:** Personally, I don't bother making such assessments. Most acknowledge Carlsen is one of the best ever, if not the best. He has, after all, dominated the sport for so long. Having said that, how do you compare players across different eras?

***Q: Despite your achievements, how did you approach your games against Carlsen? Did you have to make a greater effort?***
**A:** The individual definitely matters… I just got ready and played.

***Q: Do you follow former World champion Garry Kasparov's repeated attacks on the Establishment in Russia?***
**A:** I'm aware of Kasparov's views… They had not got as much visibility as they have ever since the tragic Russia-Ukraine war began, almost 10 months ago.

***Q: Well, how politically conscious are you?***
**A:** I am very politically aware, it's just that I don't express my views. Keep them to myself.

***Q: How do you reflect on India's transformation over the past three decades, in particular?***
**A:** We've achieved a higher growth trajectory, aspirations have gone up a lot and India's a wealthier country... In many areas, we're competing with the best in the world. In other fields, the gap between India and the rest has narrowed… In sport, specifically, only high achievements matter now… Gold and so on… Once upon a time, when the struggles and challenges were different, even competing was an achievement! Sport wasn't anything more than a passion at one point in time. Today, society views sport differently…A lot more people watch sport… Indeed, sport has become a career option. Now, you can be passionate and make a career out ofyour chosen sport. Going back 40-50 years, you couldn't have done both.

***Q: Despite India's significant progress, which is all too apparent, challenges remain…***
**A:** Agree. The challenge of inequality, the challenge of making opportunities available to all, the challenge of universalising access… Those with money (alone) can have access to most things, a fact which can't be ignored. So, challenges are there. But, in the India of 2022, you have many instances of men and women from villages setting their sights high. Their ambitions are big… Indeed, as a country, India's very ambitious. That, perhaps, is because we're a young country and it gets reflected in the attitudes of today… Events of my childhood seem history! For this generation, 1985 is to them what 1955 was for me 40 years ago… India's such a huge country and it's difficult to get a handle on it. One lot could say something. Equally, another lot may something quite the opposite. Both, of course, could be true!

***Q: You've interacted with global leaders, including our Prime Minister, Narendra Modi. Your take on Modi?***
**A:** I'd met Mr Modi first when he was Gujarat's chief minister. The meetings (in 2010) were in connection with the world's largest simultaneous chess event, in Ahmedabad. The meetings began on time, Mr Modi used to be well briefed, and the execution as planned and promised. He came across as somebody very happy at work. I've met Mr Modi subsequently too, before and during the Chess Olympiad, in Chennai.

***Q: Inspiration away from sport…***
**A:** Many individuals, but if I had to choose one, it would be Mahatma Gandhi. Of course, with more information, you keep evaluating people who made a difference in history. Despite the fresh perspectives, Gandhi is the one to have fascinated me the most when young.

***Q: How keenly do you watch other sport?***
**A:** I'm interested in sport, so I do watch. Like I've been following the football World Cup… I've always had a soft corner for Spain, sad they got knocked out in the last-16 stage… There are some match-ups which interest me… Argentina's campaign has been fascinating… Losing to Saudi Arabia in the first match and, now, making the semi-finals! That loss clearly wasn't the worst thing to have happened to Lionel Messi's team. Sometimes, shocks are helpful.

***Q: 'Soft corner' for Spain, but no favourite team in football?***
**A:** Real Madrid, always. Maybe because of my connection with Spain, the fact that I lived there for years.

***Q: Interested in cricket?***
**A:** I know what's happening and, generally, am aware of who is doing well. That's it.

***Q: Badminton, chess, boxing, weightlifting… More and more athletes from India are making headlines on the biggest platforms. Is India getting past the obsession with cricket?***
**A:** Look, my take is that no sport competes with cricket, it's still No.1. However, in India, there's now a lot more awareness - and interest - in other sport. Definitely a good sign.

***Q: Apart from your passion for chess, as a youngster, which sport did you follow with more than casual interest?***
**A:** Tennis… (John) McEnroe made an impact in so many ways.

***Q: Impact on you?***
**A:** (Laughs) Well, McEnroe indirectly inspired me… Inspired me not to break racquets! McEnroe was an entertainer, a character.

***Q: Recently, Roger Federer announced retirement. Do top-bracket athletes experience a moment within which urges them to look at a different innings?***
**A:** Such moments don't have to come… To speak for myself, I've been playing less and less for the past two-three years. A time will come when the mind and body both say 'no more'. You have to be realistic about your chances of winning… As you know, I've taken up responsibilities and my focus is on helping build the next generation of world beaters… You've mentioned Federer, maybe Rafael Nadal will soon follow suit.

***Q: Was there a turning point during your fabulous career?***
**A:** Wasn't really a turning point… Closest would be winning my first World Championship title, in 2000.

***Q: Once you do retire, the legacy bit will come into play…***
**A:** The way I see it, I served as an inspiration. Made people excited about chess… Played a part for many years like nobody had. That, I suppose, would be my legacy.

***Q: When do we get to see chess in the Olympics?***
**A:** Talks between FIDE and the International Olympic Committee have been going on. The process is on. I'm hopeful the result will be fruitful.



Magnus Carlsen.

***Q: Is catching cheats challenge No.1 for FIDE?***
**A:** The rules of chess are amply clear: No external assistance.


***Q: As we begin to wrap up, some words for the young in India…***
**A:** Follow your passion, be patient. That's it. What else to tell today's generation?

***Q: Social media's enormous spread surely has its downside. Is it not harming the young?***
**A:** Definitely can become a huge distraction if you don't get a handle on it. You have to be careful it doesn't become an addiction.

***Q: Aruna, your wife, is always by your side. Is she more of a friend?***
**A:** My journey in chess would have been different if I didn't have her support.

***Q: Finally… Five World Championship crowns… Did you achieve all you set out to?***
**A:** I've achieved most of what I would have liked to. However, I haven't had a checklist, haven't kept ticking the boxes.

writetoarbit@rashtradoot.com



Viswanathan Anand with wife Aruna. They have a son, Akhil.

## #HAPPENINGS@QATAR

The best team in South America are going home, undone by Croatia's veterans. Lionel Messi and Argentina, though, march on, thanks in no small measure to his genius illuminating an often ugly game.



Croatia-vs-Brazil.

# Messi Joy After Brazilian Heartbreak

A.A. Banerjee

South America's best team are heading home. The world's most adored player, however, is staying on, to maintain South American interest in a competition that the continent hasn't won since 2002. Those were the key takeaways from a dramatic and bizarre night in Qatar, with the first two quarterfinals both going to the lottery that is a penalty shootout.

History will judge Tite, Brazil's coach, harshly, just as it did Tele Santana, who was unable to pilot his magical Selecao teams into the semi-finals in either 1982 or '86. It shouldn't though. Tite assembled the most watchable Brazil side in a generation, winning 61 of his 81 games in charge and losing only seven. After the dross of the Dunga years, he restored the aura of the yellow shirt with teams committed to attacking in the style of old.

Brazil scored 40 goals in 17 matches while qualifying for this tournament from an incredibly tough South American group. They finished 17 points ahead of Uruguay in third, and 19 clear of Ecuador in fourth. They conceded just five times.



At the World Cup itself, the goals that Richarlison (against Serbia) and Neymar (in the loss to Croatia) scored will never be forgotten. They were emphatic remainders of why Brazil are the neutrals' team in many parts of the world, and of the philosophy that Socrates, their 1982 captain, once spoke about. "Beauty comes first. Victory is secondary. What matters is joy."

If there is a criticism of Brazil and Tite, it would relate to game management. At 1-0, and with just three minutes of extra time remaining, there was little need for so many of them to pour forward. The outstanding Josko Gvardiol's tackle turned the ball over, and Luka Modric was able to release Nicola Vlasic down the left. He duly found Mislav Orsic, who charged to the edge of the box before squaring for Bruno Petkovic to beat Alisson via a wicked deflection off Marquinhos.

It was Croatia's only shot on target. Brazil had 11, with Dominik Livakovic making telling saves long before his shootout heroics. But don't let those numbers fool you. Brazil never had control. Croatia's experienced warhorses – Modric, Marcelo Brozovic and Mateo Kovacic - set the tempo in midfield. Lucas Paqueta and Neymar got into dangerous positions a few times, but didn't otherwise give Casemiro the support he needed to take control of the midfield.



Lionel Messi.

Croatia completed more passes than Brazil, and even without an exceptional striker in the Davor Suker-mould to pass to, the midfield trio managed to keep Brazil at bay for vast stretches of the game. Once Petkovic scored, the denouement was almost inevitable. It was Croatia's fourth straight win in a World Cup shootout, and the coolness of their penalties - the first two went straight down the middle - said much about how they fancy themselves in such situations.

The Netherlands don't have any such record to fall back on. After exiting the European Championships on penalties in three straight editions (1992, 1996 and 2000), this was their third shootout loss at the World Cup, following on from semi-final defeats to Brazil in 1998 and Argentina in 2014.

In truth, the Dutch deserved little from the game, though they did contribute one of its two gorgeous highlights with a goal that was a tribute to Argentine ingenuity from yesteryear. Teun Koopmeiners was four months old on July 1, 1998, when Juan Sebastian Veron slid a freekick through to Javier Zanetti, who crashed the ball left-footed past England's David Seaman to equalise in a match the Argentines would go on to win on penalties.

With the clock having just ticked past mid-night and on to December 10, Koopmeiners tapped his last-gasp free-kick to Wout Weghorst, standing next to the Argentine wall. He turned and finished for his second goal of the game, having come on only as a 78th minute substitute. The two goals were the Netherlands' only efforts on target, in a niggly and bad-tempered game to which they contributed little in terms of quality.

Koopmeiners' pass aside, the game's standout moment was an otherworldly assist from Lionel Messi, who somehow calibrated a perfect pass through a tangle of legs for Nahuel Molina to apply the finish. Messi wasn't as exceptional as he had been at times against Australia, but the Netherlands' lack of midfield stardust meant that he still looked a cut above.


It's now more than six years since Johan Cruyff, the man at the heart of the Netherlands' legendary Total Football side, passed away. It would have been fascinating to know what he made of Louis van Gaal's tactics as the clock wound down. Cruyff, whose coaching at Barcelona and elsewhere emphasised the players making smart on-field decisions, was often critical of van Gaal's more regimental methods, with the system paramount.

At the Lusail Stadium, what we saw wasn't a system so much as a throwback to English football from a couple of generations ago. Once Weghorst came on, the Netherlands' tactics consisted largely of knocking the ball long for him or even Virgil van Dijk, pushed forward from centre-back, to nod down. Wimbledon won an FA Cup against Liverpool in 1988 playing that way, and while it wasn't pretty to watch, van Gaal succeeded in finally ruffling an Argentine defence that hadn't been unduly troubled till then.



Brazil's coach- Tite.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman




## Edutainment

**Mind-blowing** facts about Physics every student must know

- Saturn can float on water like ice
- Water can boil and freeze at the same temperature
- The sun doesn't change colour during sunset
- Steel is more elastic than rubber
- Time goes faster at the top of the building
- Pi is an irrational number
- Particles can behave differently when observed
- Light travelling faster is not entirely true
- Theory of Special Relativity: According to Einstein's Theory of Special Relativity, the faster you go, the slower time passes for you relative to your surroundings. Strange? Not really!
- Dark Matter: Scientists believe dark matter accounts for more than 95% of the mass in the universe.
- Hydrogen everywhere?: 74% of the atoms in the Milky Way galaxy are hydrogen atoms.
- Double Slit Experiment: The mere act of observation can completely change the outcome of an event!

# दो गाड़ियों की भिड़ंत में एक की मौत, दस जने घायल

## एनएच पर कितासर से डेढ किलोमीटर आगे हुआ हादसा

**बीकानेर, (कासं)।** श्रीडूंगरगढ़ में सड़क हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। देर रात यहां बोलेरो और डिजायर के बीच हुई। आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दस अन्य घायल हो गए। इसमें सात को पीबीएम अस्पताल में भर्ती किया गया है। इनमें कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है।

नेशनल हाईवे पर कितासर से लगभग डेढ़ किलोमीटर आगे एक बोलेरो और डिजायर कार में भयंकर भिड़ंत हुई। एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। श्रीडूंगरगढ पुलिस दल घटना स्थल पर पहुंचा और एम्बुलेंस से घायलों और मृतकों को अस्पताल लाया गया। एएसआई हेतराम ने बताया कि मृतक युवक को सीएचसी को मोर्चरी में रखा गया है। 7 घायलों को बीकानेर रैफर किया गया है।

एएसआई हेतराम ने बताया कि डिजायर में सवार यात्री बीकानेर शादी में जा रहे थे। वहीं बोलेरो में सवार 7 लोग ठुकरियासर से शेला सातड़ा चूरू शादी में जा रहे थे। पुलिस को बोलेरो सवार एक घायल ने बताया कि वो लोग बोलेरो से चूरू की ओर जा रहे थे। हमारे आगे एक पिकअप चल रही थी। तभी सामने से आ रही एक डिजायर कार का पिछला हिस्सा पिकअप से टकराया और डिजायर अनियंत्रित होकर हमारी बोलेरो गाड़ी से टकरा गई।

डिजायर में 4 सवारियां थी और बोलेरो में 7 सवारियां थी। डिजायर में सवार यात्रियों में अलवर के नीमराना निवासी राकेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा तरुण कुमार पुत्र रविन्द्र यादव निवासी दौलतसिंहपुरा, तहसील नीमराना, जिला अलवर, अजयसिंह पुत्र सतीश कुमार यादव निवासी डुंगरोली, तहसील नीमराना, जिला अलवर, अजीत कुमार पुत्र बलबीर कुम्हार निवासी डुंगरोली, तहसील नीमराना, जिला अलवर घायल हुए हैं। इसके अलावा बोलेरो की सवारियां में भी कुछ को बीकानेर रैफर किया गया। इनमें जयराम पुत्र रामकिशन सुथार निवासी परसनेऊ, तहसील रतनगढ़, रामकिशन पुत्र रामेश्वर लाल सुथार, निवासी ठुकरियासर, तहसील श्रीडूंगरगढ़, रामकिशन पुत्र गोपालराम सुथार निवासी परसनेऊ, गणेश सुथार पुत्र रामप्रताप सुथार निवासी ठुकरियासर को बीकानेर रैफर किया गया है।

इसके अलावा सीएचसी श्रीडूंगरगढ़ में महावीर पुत्र गोपाल सुथार निवासी परसनेऊ, रचना पुत्री रामकिशन मनोज पुत्र शोभचंद सुथार निवासी बिग्गा बास श्रीडूंगरगढ़ का इलाज चल रहा है।

# एटीएम लूटने का प्रयास कर रहे बदमाश सायरण बजने से भागे

## पुलिस ने नाकाबंदी कर छह बदमाशों को पकड़ा

**बस्सी, (निसं)।** बस्सी थाना इलाके की पुलिस ने देर रात एटीएम काटने का प्रयास कर रहे 6 बदमाशों को नाकेबंदी कर पकड़ने में सफलता हासिल की है।

जानकारी मुताबिक शुक्रवार देर रात्रि को कुछ बदमाश जटवाडा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में छेडछाड करने का प्रयास कर रहे थे लेकिन सायरन बजते ही बदमाश वहां से भाग निकले। बस्सी थाना इंचार्ज यशवंत ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम से बस्सी थाना पुलिस को सूचना मिली थी की जटवाडा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से कुछ लोग छेडछाड कर रहे हैं। इस पर बस्सी थाने में तैनात ड्यूटी ऑफिसर एएसआई बलवीर सिंह अपने पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे।


बस्सी थाना पुलिस ने जाप्ते के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस को आता देख बदमाश गैस कटर और अन्य औजार लेकर मौके से भाग गए। जिस पर बस्सी थाना पुलिस ने इलाके में कडी नाकेबंदी लगाई। इसके साथ ही पुलिस ने एटीएम में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उन्हें सर्च करना भी शुरू कर दिया। नाकेबंदी के दौरान तुंगा थाना पुलिस ने एक कार को रुकवाया जिसमें छह लोग बैठे हुए थे। पूछताछ के दौरान युवकों ने अलग-अलग बात बताना शुरू किया। इस पर पुलिस को इन सभी पर शक हुआ तो पुलिस इनको लेकर बस्सी थाने पहुंची। इसके बाद एटीएम से मिली फोटो के आधार पर इन युवकों की पहचान होने पर बदमाशों ने एटीएम काटने का अपराध करना माना।

पूछताछ में सामने आया कि यह सभी बदमाश आसपास के इलाके में ही किराए के मकान में रहते हैं। पुलिस ने जिन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है उनमें सवाई माधोपुर निवासी विष्णु कुशवाह, टोडारायसिंह टोंक निवासी विनोद चौधरी, चौथ का बरवाडा निवासी विनोद कुशवाह, सवाई माधोपुर निवासी गिराज मीणा, बस्सी थाना इलाके का रहने वाला मुकेशसिंह, बस्सी मीठावास निवासी शुभम सिंह शामिल है। बदमाश जिस एटीएम को काटने का प्रयास कर रहे थे उसमे जमा करीबन 8 लाख 31 हजार रुपये की राशि एकदम सुरक्षित है।

# पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज युवक टंकी पर चढ़ा

**नागौर, (निसं)।** जिले के पांचौडी थाने की पुलिस की कार्यप्रणाली से परेशान होकर शनिवार को एक युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया। जैसे-जैसे लोगों को इसका पता चला वे पानी की टंकी की तरफ दौड़े और उससे समझाइश करने लगे लेकिन वो नहीं माना। आखिर में काफी समझाइश और मशक्कत के बाद युवक पानी की टंकी से नीचे उतरा। लेकिन वो वहां से भाग गया। दरअसल, परबतसिंह नाम का युवक पुलिस की कार्यशैली से नाराज हो पानी की टंकी पर चढ़ गया था।

जानकारी अनुसार पुलिस द्वारा झूठे मुक़दमे में फंसाने का आरोप भी लगा रहा था। युवक का कहना था कि उसने अपराध नहीं किया था, बावजूद इसके पुलिस उसको झूठे मुकदमें में फंसा रही है। वहीं दूसरी ओर पानी पर चढ़े युवक को लोगों की समझाइश के बाद उतारा गया। वही युवक के पिता पूर्व उप सरपंच रूपसिंह ने थाने के हैडकांस्टेबल सुख राम पर आरोप लगाया की पिछले काफी दिनों से हैडकांस्टेबल युवक को परेशान कर रहा था और युवक द्वारा दी गई रिपोर्ट पर हेडकांस्टेबल मुकदमा दर्ज नहीं कर रहा था। युवक तीन दिन से रोजाना थाने के चक्कर लगाकर परेशान हो गया था। इस पूरे घटनाक्रम से परेशान हो युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया। जोकि बाद में समझाइश कर युवक को टंकी से नीचे उतारा गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में लगी है।


युवक को मशक्कत के बाद नीचे उतारा जा सका।

## विवाहिता ने फांसी लगाई

**टोंक, (निसं)।** मेहंदवास थाना क्षेत्र के रसूलपुरा गांव में शनिवार को सुबह विवाहिता ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दोपहर बाद विवाहिता के पीहर पक्ष के लोगों के आने के बाद शव को उतारा गया और सआदत अस्पताल में शव लगाकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस थाना मेहंदवास थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह ने परिजनों से मिली जानकारी पर आत्महत्या की पुष्टि की। विवाहिता का पति टोंक जनाना अस्पताल में अपने रिश्तेदार की डिलीवरी आया हुआ था। मामले की जानकारी मिलने पर वह गांव पहुंचा। मामले की जानकारी मिलने पर मेहंदवास थाना प्रभारी देवेन्द्र सिंह मय जाब्ते मौके पर पहुंची। वहीमामले की जानकारी विवाहिता के पीहर पक्ष को मिली तो उन्होंने गांव नहीं पहुंचने तक शव नहीं उतारने की बात कही। दोपहर करीब 2 बजे बाद पीहर के लोगों के पहुंचने के बाद पुलिस ने शव उतरवाकर सआदत अस्पताल पहुंचाया, जहां मेडिकल बोर्ड का गठन कर विवाहिता का पोस्टमार्टम करवाया गया।

# आक्रोशित परिजनों ने चिकित्सकों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की

- परिजनों ने विभिन्न मांगों लेकर एडीएम सीटी को दिया ज्ञापन
- पुलिस ने जाप्ते के साथ शव उसके गांव रवाना किया

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सरदारपुरा स्थित कल्पना नर्सिंग होम में उपचाररत महिला की मौत होने पर आक्रोशित परिजनों ने चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही एवं मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर एडीएम सीटी ओपी बुनकर को ज्ञापन दिया तथा शव लेने से इंकार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाइश कर शव को जाप्ते के साथ गांव रवाना किया।

जानकारी के अनुसार 24 नवंबर को इसरवास डांगिया सलूम्बर निवासी पद्मिनी बाई पत्नी गोता मीण को परिजनों ने सरदारपुरा स्थित कल्पना नर्सिंग होम में भर्ती करवाया था। जिसका ऑपरेशन कर चिकित्सकों गांठ निकाल कर केंसर रोग होने की परिजनें को जानकारी दी। 8 दिसंबर को पद्मिनी बाई की मौत होने पर शव एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। परिजनों के नहीं आने पर पुलिस ने पोस्टमर्टम नहीं करवाया।

इधर शुक्रवार को पुलिस ने मृतका का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को दिया लेकिन साधन नहीं होने से परिजन शव नहीं ले गए। शनिवार को पुन: गांव से आए परिजनों ने मुआवजा दिलाने, लापरवाह चिकित्सक को बर्खास्त करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर एडीएम सिटी ओपी बुनकर को ज्ञापन दिया। इधर मृतका का शव ले जाते समय कलक्ट्री के बाहर प्रदर्शन करने का अंदेशा होने पर मृतका के शव को पुलिस जाप्ते के साथ उसके गांव रवाना किया।

## "रेल कौशल विकास योजना" प्रशिक्षण

**अजमेर, (कासं)।** रेल कौशल विकास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 के आगामी बैच के लिए अजमेर कारखाना समूह द्वारा लोकों कारखाना एवं कैरिज कारखाना में नवयुवकों/नवयुवतियों के लिए 3 सप्ताह के प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मशिनिष्ट और वैल्डिंग ट्रेड सम्मिलित है। इस प्रशिक्षण हेतु इन ट्रेड में प्रमाण-पत्र धारक होना अनिवार्य नहीं है। इस प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण शुल्क देय नहीं है और प्रशिक्षणार्थी को अपने रहने खाने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। प्रशिक्षणार्थी को हाई स्कूल उत्तीर्ण और उम्र 18 से 35 वर्ष होना चाहिए। आवेदन 20 दिसंबर 2022 तक किया जा सकेगा।

# पुश्तैनी जमीन विवादों में फंसने के डर से नहीं बनवा रहे पट्टे

- जोनल सर्वे नहीं होने से पट्टे बनाने में आ रही दिक्कत

**बीकानेर, (कासं)।** प्रशासन शहरों के संग अभियान बीकानेर में विवादों की भेंट चढ़ गया। पहले चरण में अधिकारियों को पट्टे बनाने में जोनल सर्वे ना होने कारण दिक्कत हो रही थी, लेकिन अब जब सर्वे हो गए तो मेयर-कमिश्नर के बीच विवाद इतना गहरा गया कि लोग खुद ही पट्टा नहीं लेना चाहते। ताजा हालात तो ये हैं कि जब से एकल हस्ताक्षर से पट्टे बनाने के नियमों पर सवाल उठे तो एक महीने में सिर्फ 25 ही पट्टे बने। उसमें भी सार्वजनिक पांच ही किए।

16 नवंबर को एकल हस्ताक्षर से पट्टे देने के आदेश जारी हुए थे। मेयर ने उस आदेश को निरस्त कर दिया फिर भी पट्टे एकल हस्ताक्षर से ही बने तो मेयर ने पंजीकरण विभाग को पट्टों को रजिस्टर्ड करने से मना कर दिया। यही वजह है कि एक महीने में करीब 25 पट्टे बनाए गए। पट्टे बनवाने के बाद फाइलें पांच ही दिखाई। इसके पीछे वजह ये कि पट्टों की फाइलें कुछ कार्मिक मेयर को दिखा रहे थे। इसलिए आयुक्त ने 20 पट्टों की फाइलें रखवा ली, लेकिन लोगों तक पट्टे पहुंच गए।

सरकार ने प्रदेश में 15 लाख पट्टे जारी करने लक्ष्य तय किया था। अक्टूबर 2021 से मार्च तक साढ़े तीन लाख पट्टे जारी किए थे। दूसरा चरण जुलाई में शुरू हुआ और करीब इतने ही पट्टे अब तक और बनाए गए हैं। अब कलेक्टरों पर दबाव है। बीकानेर कलेक्टर ने कुछ दिन पहले ही नगर मित्रों की मीटिंग ली। कुछ नगर मित्रों ने कहा कि कोई व्यक्ति जब पुराना पट्टा सरेंडर करता है तो उसके लिए बोर्ड सक्षम है, लेकिन एक राजस्व अधिकारी के पास बोर्ड के अधिकार नहीं हो सकते। अब एकल हस्ताक्षर से पट्टे मिलने लगे। लोग अपना पट्टा विवादों में नहीं डालना चाहते, इसलिए आवेदन नहीं कर रहे। ऊपर से मेयर के पत्र के बाद उनके रजिस्ट्रेशन पर भी खतरा हो गया। इसलिए अब लोगों का रुझान पट्टा लेने की ओर नहीं हो रहा।

पट्टों को लेकर सबसे ज्यादा विवाद बीकानेर और जयपुर ग्रेटर नगर निगम में रहा। यही वजह है कि प्रदेश के 10 नगर निगमों में ये दोनों आठवें और नौवें नंबर पर शामिल हैं। बीकानेर के समकक्ष उदयपुर नगर निगम पट्टा मामले में शुरू से ही टॉप पर बना हुआ है। भरतपुर, कोटा नॉर्थ और अजमेर ने अपनी स्थिति बेहतर रखी, लेकिन जयपुर और बीकानेर में शुरू से ही मेयर-कमिश्नर विवाद और मेयर के स्थायित्व को लेकर असर हुआ। गोपालराम विरदा, आयुक्त निगम ।का कहना है कि एकल हस्ताक्षर से पट्टे बिलकुल लीगल हैं। रजिस्ट्रेशन भी होंगे। लोग भ्रम में ना आएं और आवेदन करें। हम पट्टा देंगे और उसे कोई चैलेंज भी नहीं कर सकता। एक महीने में करीब 25 पट्टे जारी कर दिए हैं।

## पति ने पत्नी को मारी टक्कर

**पावटा, (निसं)।** जान से मारने की नियत से पति ने पत्नी पिकअप से टक्कर मारने का मामला सामने आया। इस संबंध में प्रागपुरा थाने में मोहनलाल जाट पुत्र गणपत राम जाट निवासी भाबरु तहसील विराटनगर जिला जयपुर ने अपने जीजा सुरेश कुमार पुत्र बोदुराम जाट निवासी ग्राम तुलसीपुराक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। घटना तुलसीपुरा में 9 दिसंबर सुबह लगभग 10 बजे के आसपास की है। इस संबंध में प्रार्थी मोहन लाल जाट ने बताया कि 9 दिसंबर को मेरे जीजा सुरेश कुमार ने मेरी बड़ी बहन तारा देवी को जान से मारने की नियत से अपनी पिकअप गाडी से टक्कर मार दी। टक्कर से मेरी बहन तारा देवी के सिर में व शरीर पर गंभीर चोट आई हैं। वहीं पडौसियों ने मेरी बहन तारा देवी को पावटा एक पाईवेट अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से डॉक्टरों ने उसे रैफर कर दिया।

# गीता को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए जुटेंगे 25 हजार युवा


**अजमेर, (कासं)।** केशव माधव परमार्थ मंडल अजमेर और औंकार सेवा संस्थान चेरिटेबल ट्रस्ट श्रीडूंगरगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में पुष्कर रोड स्थित कर्णिका सदन में पिछले एक सप्ताह से चल रही भागवत कथा का समापन शनिवार को हुआ। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। हवन यज्ञ के यज्ञमान वरिष्ठ पत्रकार व ब्लॉगर एसपी मित्तल पत्नी अचला मित्तल, समाजसेवी सुभाष काबरा, आनंद अरोड़ा, भंवरलाल शर्मा, कन्हैयालाल बैरवा आदि ने यज्ञ पूर्णाहूति प्रदान की। कथा वाचक पूज्य भाई संतोष सागर महाराज से आशीर्वाद लिया।

कथा समापन के अवसर पर संतोष सागर महाराज का कहना रहा कि अजमेर के लोग बहुत ही धर्मपरायण हैं। हजारों लोगों ने प्रतिदिन श्रद्धा भाव से भागवत को सुना। भागवत कथा के दिनों में ही उन्होंने स्कूल, कॉलेजों में जाकर युवाओं से गीता पर संवाद किया और सभी युवाओं को अपने ओंकार सेवा संस्था चेरीटेबल ट्रस्ट श्री डूंगरगढ़ के माध्यम से गीता पुस्तकें नि:शुल्क दी।

संतोष सागर महाराज अब तक 2 लाख से भी ज्यादा गीता पुस्तकों का वितरण कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि 25 फरवरी से 5 मार्च तक जयपुर में भागवत कथा और गीता पुस्तक के वितरण का बड़ा कार्यक्रम होगा। कथा के समापन वाले दिन जयपुर में 25 हजार विद्यार्थियों और युवाओं की सनातन धर्म यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर एक ज्ञापन राज्य सरकार को देकर स्कूली पाठ्यक्रम में गीता को शामिल करने का आग्रह भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गीता एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि जीवन जीने की कला भी है। इसमें युवाओं के हर सवाल का जवाब है। यदि स्कूली पाठ्यक्रम में गीता को शामिल किया जाता है तो बच्चों की नींव मजबूत होगी। बच्चे अनेक बुराइयों से बच सके। भागवत कथा के साथ गीता पुस्तकों के वितरण का उद्देश्य भी यही है कि देश की युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाए जाए।

कथा के आयोजन को सफल बनाने में समाजसेवी आनंद अरोड़ा, सुभाष काबरा, मोहनलाल खंडेलवाल, श्याम बिहारी शर्मा, केशव माधव परमार्थ मंडल से जुड़े अनिल कुमार जोशी,भंवर ङ्क्षसह चौहान, हर्ष सिंह चौहान, शंकर सिंह राठौड़, सुरेश माहेश्वरी आदि ने सेवाएं दी।

# अवैध पिस्टल सहित आरोपी गिरफ्तार


लांगरा थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

**करौली, (नि.स.)।** लांगरा थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक बदमाश से अवैध पिस्टल व तीन कारतूस बरामद कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस के निर्देशन में जिले में अवैध हथियार के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत मुकेश कुमार उप निरीक्षक थानाधिकारी लांगरा मय टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए कांकेटपुरा के जंगलों में किसी संगीन वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूमते हुए आरोपी रामबाबू मीना पुत्र करनसिहं मीना निवासी कांकेटियापुरा तन भांकरी थाना लांगरा को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से अवैध हथकड देशी पिस्टल व तीन कारतूस बरामद कर आर्म्स एक्ट के नवीनतम प्रावधानों के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज किया गया।

## अवैध जिप्सम लेकर जा रहे तीन डम्फर जब्त

**हनुमानगढ़, (निसं.)।** जिले में अवैध खनन के खिलाफ चल रहे अभियान के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए खनिज विभाग की टीम ने शुक्रवार रात जिप्सम भरकर ले जा रहे तीन अवैध ट्रकों को जब्त कर रावतसर थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया। खान एवं भू-विज्ञान विभाग के सहायक खनि अभियंता एस.सी अग्रवाल ने बताया कि अधीक्षण खनि अभियंता, बीकानेर के निर्देशानुसार अवैध खनन एवं निर्गमन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत 9 दिसम्बर शुक्रवार को रात्रि में खनिज विभाग हनुमानगढ़ व श्रीगगांनगर की संयुक्त टीमों द्वारा खनिज जिप्सम के अवैध खनन/निर्गमन की संयुक्त चैकिग के दौरान हरदासवाली रोड़ तहसील रावतसर पर तहसील सुरतगढ़ के ग्राम हनुमान खेजड़ी व ठेठार से अवैध रुप से खनिज जिप्सम भरकर लाये जा रहे 3 ट्रक/डम्पर को चेक करने पर अवैध जिप्सम पाये जाने पर पुलिस थाना, रावतसर की सुपुर्दगी में दिया गया। अग्रवाल ने बताया कि एक डम्पर मालिक से खनिज जिप्सम की शास्ती राशि एक लाख चालीस हजार रुपये वसूल की गई तथा 2 डम्पर पुलिस थाना रावतसर की सुपुर्दगी में खडे॰ हुये है जिनसे जुर्माना राशि वसूली की कार्यवाई की जा रही है। विभाग द्वारा आगे भी अवैध खनन/निर्गमन के विरुद्ध प्रशासन व पुलिस विभाग के सहयोग से लगातार कार्यवाई जारी रहेगी।

# किसानों को रेवड़ी बांटना बंद करें सरकार: रामनिवास

## 'खेतों तक चंबल का पानी पहुंचाये सरकार किसान सरकार को गेहूं की बोरियां दे देंगे'

- 'सरकार ने ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किया तो किसान दिल्ली कूच करेंगे'
- ईआरसीपी की जागरूकता के लिए बीजबड बालाजी पर हुई किसान सभा

**हिण्डौन सिटी, (निस)।** किसान नेता रामनिवास मीना ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह मुफ्त की रेवड़ी बांटना बंद कर दे। किसानों को सस्ते गेहूं के बजाय खेतों तक चंबल का पानी पहुंचा दे। इसके बदले किसान सरकार को अपने घरों से गेहूं की बोरियां देने को तैयार हैं। इस बात का सभी किसानों ने हाथ उठाकर समर्थन किया।

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने किसानों को आव्हान किया है कि ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए एकजुटता दिखाएं। चंबल का पानी नहरों के माध्यम से खेतों तक आएगा तो गांव की बेहतरीन तस्वीर बनने के साथ किसानों की तकदीर बदल जाएगी। प्रदेशाध्यक्ष मीना शनिवार को टोडाभीम उपखंड मुख्यालय स्थित बीजबड बालाजी मंदिर पर आयोजित किसान सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष मीना का समर्थन करते हुए किसान सभा में उपस्थित हजारों किसानों ने एकजुटता का संकल्प लिया और ईआरसीपी नहीं तो वोट नहीं का एलान किया।

आम जनता टोडाभीम की ओर से महंत नारायण दास महाराज के सानिध्य में बीजबड बालाजी मंदिर पर किसान सभा एवं कन्हैया दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें टोडाभीम और नादौती क्षेत्र के किसान हजारों की संख्या में शामिल हुए। आमजन को ईआरसीपी के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए आयोजित इस किसान सभा में टोडाभीम के लोगों ने मुख्य अतिथि के रूप में किसान नेता भामाशाह रामनिवास मीना को आमंत्रित किया। किसान सभा को संबोधित करते हुए मीना ने कहा कि ईआरसीपी पूर्वी राजस्थान के निवासी लोगों के लिए नया जीवन है। ईआरसीपी के राष्ट्रीय परियोजना बनने से 13 जिलों में सिंचाई


टोडाभीम के बीजबड बालाजी मंदिर पर किसान नेता मीणा का स्वागत किया।

और पीने के पानी की कोई कमी नहीं रहेगी। किसान नेता रामनिवास मीना ने सभा में कहा कि सरकार ने ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किया तो किसान दिल्ली कूच करेंगे।

उन्होंने कहा कि एक जनवरी से धौलपुर के राजाखेड़ा से किसानों द्वारा ट्रैक्टर रैली निकाली जाएगी, जो 13 जिलों के 83 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेगी। इस रैली में 13 जिलों के हजारों किसान शामिल होंगे। किसान नेता रामनिवास मीना 100 गाड़ियों के काफिले के साथ किसान सभा में शामिल हुए। आयोजन स्थल से पहले रास्ते में पचासों स्थानों पर टोडाभीम क्षेत्र के लोगों ने उनका माला और साफा पहनाकर जोरदार स्वागत सत्कार किया। इस दौरान लोगों ने पानी वाले बाबा की जय के नारे भी लगाए। इस दौरान किसान नेता रविन्द्र मीना,भरत सिंह डागुर, राजेश गुर्जर, दीनदयाल सारस्वत, पूर्व पार्षद कैलाश मीना, सियाराम मीना, ओमप्रकाश मीना, भरत अदावली, हरिमोहन आजाद, पिंटू एकोरासी, अमर सिंह बेनीबाल, कामराज डागुर, रामभान जगर, लोकेश सकरवाड़ा, जीतू बालाजी, संदीप बालाजी, अमर सिंह बडापुरा, प्रकाश बड़ापुरा आदि ने भी किसान सभा में विचार व्यक्त किए।



हमने अच्छा स्कोर बनाया था। लेकिन मुझे लगता है कि हम क्षेत्ररक्षण में बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। हमने कुछ ढीली गेंदबाजी भी की थी। हमें श्रृंखला में वापसी करने के लिये मूर्खतापूर्ण गलतियों से बचना होगा। - दीप्ति शर्मा

भारतीय क्रिकेटर, ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध हार के बाद।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## मैनुएल नेउर



**जर्मनी** और बायर्न म्यूनिख के कप्तान मैनुएल नेउर स्कीइंग के दौरान पैर में फ्रैक्चर के बाद बाकी सत्र के लिए बाहर हो गए हैं। एक दिग्गज गोलकीपर ने शनिवार को एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि शुक्रवार को उनकी सर्जरी हुई।इस पोस्ट में वह अस्पताल के बिस्तर पर है, जिसमें उनके दाहिने पैर में प्लास्टर है और बायें हाथ में पट्टी लगी है। नेउर ने इस दुर्घटना पर निराशा जताते हुए कहा, "मैं क्या कह सकता हूं, साल का अंत निश्चित रूप से बेहतर हो सकता था।स्कीइंग के दौरान जब मैं अपना सिर चोटिल होने से बचा रहा था तो पैर के निचले हिस्से में फ्रैक्चर हो गया।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट मैच में लगातार पगबाधा आउट होने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के डब्लू वाटसन के नाम है। वाटसन सात पारियों में लगातार पगबाधा आउट हुए थे।

# पुर्तगाल को चौंका मोरक्को सेमीफाइनल में




दोहा, 10 दिसंबर। मोरक्को ने यूसुफ़ एन नेसरी के दर्शनीय गोल की बदौलत शनिवार को फीफा विश्व कप 2022 के क्वार्टरफाइनल में पुर्तगाल को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में कदम रखा। अल सुमामा स्टेडियम पर खेले गये रोमांचक मुकाबले में नेसरी ने 42वें मिनट में गोल किया और मोरक्को विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम बन गयी।

पहले हाफ में एक गोल से पिछड़ने के बाद पुर्तगाल ने दूसरे हाफ में कई मौके बनाये, लेकिन मोरक्को के गोलकीपर यासीन बोनो ने बॉल को नेट तक नहीं पहुंचने दिया। इस हार के साथ क्रिस्टियानो रोनाल्डो का विश्व कप जीतने का सपना भी टूट गया है। विजय पताका लहराकर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली मोरक्को अब फाइनल में जगह बनाने के लिये इंग्लैंड या फ्रांस में से किसी एक का सामना करेगी।

पुर्तगाल ने 16 साल बाद सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों के साथ मैच की शुरुआत की, हालांकि रोनाल्डो को एक बार फिर शुरुआती एकादश में शामिल नहीं किया गया। मोरक्को ने एक टीम के रूप में काम करते हुए शुरुआती मौके बनाये और पहला हाफ खत्म होने से पहले उन्हें सफलता भी मिली। अतियतल्लाह ने बाईं ओर से नेट की ओर निशाना लगाया। बॉल पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा के हाथ में जा रही थी लेकिन एन-नेसरी ने करीब आठ फुट ऊंची छलांग लगाकर हेडर मारा और मोरक्को को 1-0 की बढ़त दिला दी।

एन-नेसरी का यह गोल निर्णायक साबित हुआ क्योंकि पुर्तगाल का कोई खिलाड़ी मोरक्को के रक्षण को नहीं भेद सका। पुर्तगाल ने पहले हाफ में पिछड़ने के बाद 52वें मिनट में रोनाल्डो को स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में पिच पर बुलाया। रोनाल्डो ने मैच के 83वें मिनट में अपनी टीम के लिये एक मौका भी बनाया। फेलिक्स ने रोनाल्डो से पास लेकर गोल पर निशाना लगाया, लेकिन बोनो ने अपनी बाईं ओर छलांग लगाकर गोल नहीं होने दिया। पेपे ने इंजरी टाइम के सातवें मिनट में पुर्तगाल के लिये आखिरी प्रयास किया मगर उनका निशाना चूक गया और पुर्तगाल विश्व कप से बाहर हो गयी। मोरक्को फीफा विश्व कप के इतिहास में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम है। इससे पहले कैमरून (1990), सेनेगल (2002) और घाना (2010) क्वार्टरफाइनल से आगे नहीं बढ़ सकी थीं।

## रोमांचक मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में अर्जेंटीना

लुसैल, 10 दिसंबर। गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज़ के शानदार रक्षण के दम पर अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2022 के क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड को शूटआउट में 4-3 (2-2) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। लुसैल स्टेडियम पर शुक्रवार को खेले गये मुकाबले में नाहुएल मोलीना (35वां) और लियोनेल मेसी (73वां मिनट) ने अर्जेंटीना के गोल किये, जबकि वाउट वेगोर्स्ट (83वां, 90 11वां मिनट) ने नीदरलैंड के दोनों गोल जमाये। आधिकारिक समय के बाद अतिरिक्त समय में भी स्कोर बराबर रहने पर मैच पेनल्टी शूटआउट में पहुंच गया। एमिलियानो मार्टिनेज़ ने वर्जिल वैन डिज्क और स्टीवन बर्गुइस की पेनल्टी रोकी, जबकि अर्जेंटीना की ओर से चार खिलाड़ियों ने पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया। इससे पूर्व, अर्जेंटीना ने कप्तान मेसी की बदौलत आधिकारिक समय में बढ़त हासिल कर ली थी। मेसी ने पहले हाफ में मोलीनी को असिस्ट करके अर्जेंटीना को शुरुआती बढ़त दिलाई, जबकि दूसरे हाफ में पेनल्टी पर गोल करके बढ़त दोगुनी कर दी। अर्जेंटीना 2-0 के स्कोर के साथ जीत की ओर अग्रसर थी लेकिन वेगोर्स्ट के दो गोलों ने मैच का रुख पलट दिया। स्थानापन्न खिलाड़ी वेगोर्स्ट ने 83वें मिनट में हेडर मारकर गोल किया। इसके बाद भी नीदरलैंड 1-2 से पीछे थी, लेकिन इंजरी टाइम खत्म होने से ठीक पहले वेगोर्स्ट ने फ्री किक को गोल में तब्दील करके मैच में जान भर दी। नीदरलैंड ने दूसरे हाफ में वापसी करके मैच को शूटआउट में पहुंचा दिया, हालांकि वह मेसी की टीम से जीत नहीं छीन सका।

## कतर में विश्व कप कवरेज के दौरान अमेरिका के पत्रकार की मौत

दोहा, 10 दिसंबर। अमेरिका के पत्रकार ग्रांट वाहल का कतर में फीफा फुटबाल विश्व कप में कवरेज के दौरान निधन हो गया है। यूएस सॉकर ने शुक्रवार शाम अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर एक बयान में कहा, "पूरे यूएस सॉकर परिवार को यह जानकर दुख हुआ है कि हमने ग्रांट वाहल को खो दिया है।"

ग्रांट ने फुटबॉल को अपना जीवन लिया और उनका शानदार लेखन अब हमारे साथ नहीं रहेगा।" यूएस सॉकर ने वाहल के जुनून और खेल में विश्वास की प्रशंसा की और उनकी पत्नी सेलीन गाउंडर और उनके प्रियजनों के साथ अपनी संवेदना साझा की। गाउंडर ने यूएस सॉकर के बयान को ट्विटर पर पोस्ट किया और लिखा: "मैं अपने पति ग्रांट वाहल के फुटबॉल परिवार और इतने सारे दोस्तों के समर्थन के लिए बहुत आभारी हूं, मैं पूरी तरह सदमे में हूं।"

उनकी वेबसाइट के अनुसार वाहल ने पहले स्पोर्ट्स इलस्ट्रेटेड के लिए फुटबॉल को कवर किया था, जिसमें 11 विश्व कप शामिल थे और खेल पर दो किताबें लिखीं। इससे पहले शुक्रवार को वाहल ने अर्जेंटीना-नीदरलैंड क्वार्टर फाइनल मैच के बारे में ट्वीट किया था। उन्होंने एलजीबीटीक्यू अधिकारों के समर्थन में एक इंद्रधनुषी टी-शर्ट पहनी हुई थी, इसलिए उन्हें विश्व कप मैच में प्रवेश से इनकार कर दिया था।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा कर्मचारियों ने टी शर्ट बदलने के लिए कहा था क्योंकि "इसकी अनुमति नहीं है," और उनका फोन ले लिया था। वाहल ने कहा कि उन्हें हिरासत में लेने के 25 मिनट बाद रिहा कर दिया गया। इसके लिए स्टेडियम में फीफा के एक प्रतिनिधि और सुरक्षा दल के एक वरिष्ठ सदस्य ने माफी मांगी थी।

## ब्राजील के कोच टिटे पद छोड़ेंगे

दोहा, 10 दिसंबर। ब्राजील के कोच टिटे ने पुष्टि की है कि कतर फीफा फुटबाल विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में शुक्रवार को क्रोएशिया के हाथों पेनल्टी शूट में मिली हार के कारण वह पद छोड़ देंगे। इस हार से ब्राजील विश्व कप से बाहर हो गया है। टिटे जुलाई 2016 में ब्राजील टीम के कोच बने थे और उन्होंने पहले ही विश्व कप के बाद पद छोड़ने के अपने इरादे की घोषणा की दी थी और कहा कि वह अपना निर्णय नहीं बदलेंगे। टिटे ने पत्रकारों से कहा, यह बहुत मुश्किल है , मेरा कार्यकाल पूरा हो गया है और यह मैंने डेढ़ साल पहले ही कह दिया था।उनसे जब यह पूछा गया कि आप विरासत में क्या छोड़ेंगे, 61 वर्षीय टिटे ने कहा कि इसका जवाब समय देगा। टिटे के नेतृत्व में ब्राजील ने 2019 में कोपा अमेरिका कप खिताब की मेजबानी की और 81 मैंचो में से 61 जीते और सात हारे।

## मैच फिक्सिंग के आरोप में छह स्नूकर खिलाड़ी निलंबित

लंदन 10 दिसंबर। विश्व स्नूकर टूअर से छह खिलाड़ियों को मैच फिक्सिंग के आरोपों में निलंबित कर दिया गया है। विश्व पेशेवर बिलियर्डस और स्नूकर एसोसिएशन (डब्ल्यूपीबीएसए) ने शुक्रवार को यह घोषणा की। डब्ल्यूपीबीएसए के एक बयान में कहा गया है, डब्ल्यूपीबीएसए के अध्यक्ष जेसन फर्ग्यूसन ने तत्काल प्रभाव से लू निंग, ली हैंग, झाओ जियानबो, बाई लैंगिंग और चांग बिंग्यू को विश्व स्नूकर टूअर से निलंबित करने का निर्णय लिया है।" डब्ल्यूपीबीएसए के अनुसार सभी छह खिलाड़ियों का निलंबन तब तक बना रहेगा जब तक कि जांच पूरी नहीं हो जाती है। इन खिलाड़ियों को इस फैसले के खिलाफ अपील करने का अधिकार है।" इस वर्ष की शुरुआत में लियांग को डब्ल्यूपीबीएसए द्वारा अगस्त तक चार महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था क्योंकि उन्हें घरेलू हमले का दोषी ठहराया गया था।

## जीत से छह विकेट दूर ऑस्ट्रेलिया

एडिलेड, 10 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को वेस्ट इंडीज को 497 रन का विशाल लक्ष्य देने के बाद उनके चार विकेट 38 रन पर गिरा दिये। वेस्ट इंडीज को टेस्ट जीतने के लिये दो दिनों में 459 रन की जरूरत है, जबकि ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से सीरीज जीतने के लिये सिर्फ छह विकेटों की दरकार है। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन की शुरुआत में वेस्ट इंडीज को 214 रन पर ऑलआउट करके 297 रन की बढ़त बना ली। स्टीव स्मिथ की टीम ने हालांकि विंडीज को फॉलो-ऑन देने के बजाय दोबारा बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कंगारुओं ने दूसरी पारी में तेज बल्लेबाजी की और 31 ओवर में 199/6 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी। उस्मान ख्वाजा ने 50 गेंदों पर सात चौकों के साथ 45 रन बनाये, जबकि ट्राविस हेड ने 27 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों के साथ नाबाद 38 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विंडीज की शुरुआत निराशाजनक रही।

## आनंद ने जीता खिताब

जयपुर, 10 दिसम्बर। रामबाग गोल्फ क्लब में इंडियन गोल्फ यूनियन की ओर से 6 से 9 दिसंबर को नॉर्दन इंडिया अमेच्योर गोल्फ चैम्पियनशिप-2022 का आयोजन किया गया। रामबाग गोल्फ क्लब के मानद सचिव हेम सिंह खंगारोत ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पूरे भारत वर्ष के लगभग 70 अमेच्योर गोल्फर्स ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में प्रथम स्थान पर कर्नाटक के आर्यन रूपा आनंद, द्वितीय स्थान पर पंजाब के युवराज सिंह व तृतीय स्थान पर उत्तर प्रदेश के हरिमोहन सिंर रहे।

रामबाग गोल्फ क्लब के गोल्फर समृद्ध शर्मा द्वारा अंतिम दिन तक खेले व अपना अच्छा प्रदर्शन दिखाया, पहले दिन का खेल इन्होंने 73 (3 ओवर) का कार्ड खेलकर शुरू किया व अंतिम दिन का खेल खेलते हुए 53वें स्थान पर रहे। इसके अलावा रामबाग गोल्फ क्लब के ही मोहित गोठवाल रहे।

# भारत ने बांग्लादेश को 227 रन से रौंदा

चटगांव, 10 दिसंबर। भारत ने ईशान किशन (210) के विस्फोटक दोहरे शतक और विराट कोहली (113) के शानदार शतक की बदौलत बंगलादेश को तीसरे एकदिवसीय मैच में शनिवार को 227 रन से रौंद दिया।

भारत ने बंगलादेश के सामने 50 ओवर में 410 रन का विशाल लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में बंगलादेश 182 रन पर ढेर हो गयी। यह एकदिवसीय क्रिकेट में बंगलादेश की सबसे बड़ी हार है, जबकि भारत के लिये यह इस प्रारूप में तीसरी सबसे बड़ी जीत है।

किशन और कोहली ने भारत की इस विशाल जीत की कहानी लिखते हुए दूसरे विकेट के लिये 290 रन की साझेदारी की। किशन ने अपने करियर का पहला शतक और दोहरा शतक जड़ते हुए 131 गेंदों पर 24 चौकों और 10 छक्कों के साथ 210 रन बनाये। किशन 24 साल 145 दिनों में यह दोहरा शतक बनाकर यह कीर्तिमान रचने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गये। साथ ही उन्होंने 200 रन के आंकड़े तक पहुंचने के लिये सबसे कम गेंदें (126) भी खेलीं।

किशन का साथ देते हुए कोहली ने भी अपने एकदिवसीय करियर का 44वां शतक बनाया। कोहली ने 91 गेंदों पर 11 चौकों और दो छक्कों के साथ 113 रन बनाये और वनडे में शतक के 40 माह लंबे इंतजार को समाप्त किया। कोहली ने इससे पहले 14 अगस्त 2019 को वेस्ट इंडीज के खिलाफ वनडे शतक जड़ा था।

कोहली (72) ने इसी के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक जड़ने के मामले में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पॉन्टिंग (71) को पीछे छोड़ दिया। इस सूची में उनसे आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर (100) हैं।

बंगलादेश इस विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए किशन से 28 रन कम बनाकर ऑलआउट हो गयी। भारत के लिये शार्दुल ठाकुर ने तीन विकेट लिये, जबकि अक्षर पटेल और उमरान मलिक को दो-दो विकेट हासिल हुए। कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर और मोहम्मद सिराज ने एक-एक सफलता अपने नाम की। इस हार के बावजूद बंगलादेश ने तीन मैचों की शृंखला 2-1 से जीत ली।

बंगलादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया लेकिन कुछ देर बाद ही यह फैसला उन पर भारी पड़ गया। शिखर धवन (तीन रन) के मामूली स्कोर पर आउट करने के बाद किशन-कोहली की जोड़ी ने मोर्चा संभाल लिया। कोहली ने जहां संयम और सूझ-बूझ के साथ बल्लेबाजी की, वहीं किशन ने विकेट पर कदम जमाने के बाद गेंदबाजों पर प्रहार शुरू कर दिया। पारी के 23वें ओवर में अपना शतक पूरा करने के बाद भी किशन रुके नहीं और विस्फोटक रूप से बल्लेबाजी करना जारी रखा।

## कोहली ने तीन वर्ष बाद जड़ा वनडे में शतक

चटगांव, 10 दिसंबर। क्रिकेट की दुनिया के बेताज बादशाह विराट कोहली ने बंगलादेश के खिलाफ शनिवार को शतक बनाकर एकदिवसीय (वनडे) क्रिकेट में तीन साल बाद 100 रन का आंकड़ा छुआ। कोहली ने ज़हूर अहमद चौधरी स्टेडियम पर खेले गये तीसरे वनडे में 91 गेंदों पर 11 चौकों और दो छक्कों के साथ 113 रन बनाये। कोहली ने इससे पहले एकदिवसीय क्रिकेट में 14 अगस्त 2019 को वेस्ट इंडीज के खिलाफ शतक बनाया था। कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 72 शतक बनाकर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पॉन्टिंग (71) को पीछे छोड़ दिया है।

## 300 रन बना सकता था : इशान

चटगांव, 10 दिसंबर। आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले इशान किशन एकदिवसीय क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक बनाकर खुश हैं लेकिन उन्हें इस प्रारूप में पहला तिहरा शतक बनाने के सुनहरे अवसर से चूकने पर अफसोस जताया। इस 24




साल के खिलाड़ी ने अपने 10वें एकदिवसीय मैच में बेखौफ बल्लेबाजी करते हुए 131 गेंद की पारी में 24 चौके और 10 छक्के की मदद से 210 रन बनाये। इशान ने 126 गेंद में अपना दोहरा शतक पूरा किया जो इस प्रारूप का सबसे तेज दोहरा शतक है। इससे पहले पुरुष क्रिकेट में यह रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था। उन्होंने 2015 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ 138 गेंद में दोहरा शतक पूरा किया था। वह पारी के 36 वें ओवर में आउट हुए। उनकी इस आक्रामक पारी से भारत ने आठ विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इशान ने भारतीय पारी के बाद प्रसारणकर्ता 'सोनीलिव' से कहा, " जब मैं आउट हुआ था तब 15 ओवर (14.1 ओवर) बचे हुए थे। मेरे पास 300 रन बनाने का मौका था।" झारखंड का यह बाएं हाथ का बल्लेबाज दोहरा शतक बनाने वाला चौथा भारतीय बल्लेबाज है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने तीन बार इस कारनामे को किया है।

## पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण विश्व चैम्पियनशिप में अचिंता श्युली का अभियान खत्म

बोगोटा, 10 दिसंबर। राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन भारोत्तोलक अचिंता श्युली को यहां पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अंतिम समय में विश्व चैंपियनशिप से हटना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप की पुरुषों की 73 किग्रा स्पर्धा के ग्रुप सी में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार पश्चिम बंगाल के इस भारोत्तोलक के बाएं पैर की मांसपेशियों में शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा से ठीक पहले वार्म अप के दौरान खिंचाव आ गया। भारोत्तोलक जो उच्चतम प्रवेश भार दर्ज करते हैं उन्हें समूह ए में रखा जाता है, उसके बाद बी और फिर आगे के ग्रुप बनते हैं। मुख्य कोच विजय शर्मा ने शनिवार को पीटीआई को बताया, "वजन करने के बाद वार्म अप के दौरान अचिंता की पैर की मांसपेशियों में चोट लग गई थी। हम चोट को बढ़ाना नहीं चाहते थे इसलिए हमने अंतिम लम्हों में प्रतियोगिता से हटने का फैसला किया। भारत ने टूर्नामेंट में एक पदक जीता है।

## इशान दो सो गेंदों का पावर हिटिंग और होटल कमरे में भी करते है अभ्यास : कोच

नयी दिल्ली, 10 दिसंबर। भारतीय टीम इस साल जून में जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतराष्ट्रीय मैच के लिए दिल्ली पहुंची तो क्रिकेट कोच उत्तम मजूमदार का फोन बजा और उनसे आईटीसी मौर्या होटल पहुंचने का निवेदन किया गया। फोन कॉल पर दूसरी तरफ उनके चहेते शिष्य इशान किशन थे। ग्रेटर नोएडा में अपनी क्रिकेट अकादमी चलाने वाले मजूमदार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, " इशान चाहता था कि मैं हर दिन होटल जरूर आया करूं। जब वह मैदान में अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं होता था तब वह एनरिच नोर्किया और कगिसो रबाड़ा जैसे गेंदबाजों की शॉर्ट पिच गेंद का सामना करने की तैयारी कर रहा था। वह अपने सिर को सही स्थिति में रखना चाहता था जिससे बाउंसर गेंदों पर कोई परेशानी ना हो। " अपने शिष्य की रिकॉर्ड दोहरी शतकीय पारी पर गर्व जताते हुए उन्होंने कहा, "इशान का होटल कमरा अभ्यास सत्र का विस्तारित हिस्सा बन गया था। मैच से चार से पांच दिन पहले वह पुल शॉट का अभ्यास करना शुरू कर दिया करता था। इसमें उनकी कोशिश मानसिकता को मजबूत करने की थी। उस मैच में उन्होंने पारी का आगाज करते हुए 76 रन बनाए थे।

## किशन ने बनाया वनडे में सबसे तेज दोहरा शतक

चटगांव, 10 दिसंबर। ईशान किशन बंगलादेश के खिलाफ तीसरे वनडे में शनिवार को 210 रन की तूफानी पारी खेलकर एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक जमाने वाले बल्लेबाज बन गये। ईशान ने ज़हूर अहमद चौधरी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में 131 गेंदों पर 24 चौकों और 10 छक्कों के साथ 210 रन बनाये। उन्होंने 126 गेंदों पर अपना दोहरा शतक पूरा किया, जबकि इससे पहले क्रिस गेल ने 2015 में 138 गेंदों पर दोहरे शतक का आंकड़ा छुआ था।

इसके साथ ही किशन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाले सातवें बल्लेबाज भी बन गये। किशन के अलावा इस प्रारूप में रोहित शर्मा ने तीन, जबकि सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, गेल, फखर ज़मान और मार्टिन गप्टिल ने एक-एक दोहरा शतक जड़ा है। यह जनवरी 2020 के बाद भारत के किसी सलामी बल्लेबाज का पहला शतक भी है। रोहित शर्मा के अंगूठे में चोट लगने के बाद 24 वर्षीय किशन को टीम में मौका दिया गया था।

## साफ्ट टेनिस : बालिका टीम इवेंट में तमिलनाडु ने जीता खिताब

लखनऊ 10 दिसम्बर। तमिलनाडु ने 17वीं जूनियर नेशनल साफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन के साथ बालिका वर्ग की टीम इवेंट की विजेता ट्राफी पर कब्जा बरकरार रखा। गोमतीनगर विजयंत खंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में तमिलनाडु ने मेजबान उत्तर प्रदेश की लड़कियों को एकतरफा मुकाबले में 2-0 से मात दी। बालिका टीम इवेंट के फाइनल में पहला मुकाबला युगल वर्ग का खेला गया। इस मुकाबले में तमिलनाडु की सुष्मिता व नरमुगई ने यूपी की सासा कटियार व शक्ति मिश्रा को 3-1 (2-4, 4-0, 4-2, 5-3) से हराया। टीम इवेंट के दूसरे एकल मुकाबले में तमिलनाडु की रागाश्री ने उत्तर प्रदेश की तनुश्री पाण्डेय को 3-2 (1-4, 4-1, 8-6, 7-9) से हराया। इससे पहले खेले गए सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश ने गुजरात को 2-0 से हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया था। इसके अलावा दूसरे सेमीफाइनल में तमिलनाडु ने छत्तीसगढ़ को 2-0 से हराया था। बालिका वर्ग का कांस्य पदक गुजरात व छत्तीसगढ़ की टीम ने साझा किया।

## कभी नहीं सोचा था कि मैं आईओए अध्यक्ष बनूंगी : उषा

नई दिल्ली, 10 दिसंबर। ट्रैक एवं फील्ड की दिग्गज खिलाड़ी पीटी उषा ने शनिवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की पहली महिला प्रमुख चुने जाने के बाद कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह एक दिन आईओए अध्यक्ष बनेंगी। चुनाव के दौरान 58 वर्षीय उषा को आधिकारिक तौर पर शीर्ष पद के लिए चुना गया जिससे भारतीय खेल प्रशासन में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई। अध्यक्ष चुने जाने के बाद उषा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, "अपने पूरे जीवन में मैंने खेलों के बिना सिर्फ 13 साल गुजारे हैं। अन्यथा मैं एक खिलाड़ी, कोच और प्रशासक के रूप में विभिन्न भूमिकाओं में खेल के साथ जुड़ी रही हूं।"

# नगर गांव में जन आक्रोश यात्रा को युवाओं ने दिखाए काले झण्डे

**मालपुरा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश की कांग्रेस सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल को भ्रष्टाचार रूपी करार देते हुए प्रदेश भर में निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा के अर्न्तगत शनिवार की देर शाम मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के नगर गांव में पहुंची जन आक्रोश यात्रा व रथ को युवाओं ने काले झण्डे दिखा भाजपा जनप्रतिनिधि मुर्दाबाद व सचिन पायलट जिन्दाबाद के नारे लगाए।

■ भाजपा मुर्दाबाद व सचिन पायलट जिन्दाबाद के नारे लगाए



मालपुरा के नगर गांव में भाजपा की जन आक्रोश यात्रा को युवाओं ने काले झण्डे दिखाए।

मामले के अनुसार मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र में बीते तीन दिन से गांव-गांव घूम रहे जन आक्रोश रैली का काफिला शनिवार की देर शाम नगर गांव पहुंचा। आक्रोश यात्रा रथ के साथ मौजूद पंचायत समिति प्रधान सकाराम चौपडा सहित विधानसभा यात्रा सहसंयोजक नरेन्द्र जैन, विनय जैन सहित अन्य भाजपाईयों के वाहनों को नगर चौराहे पर एकत्रित युवाओं ने काले झण्डे दिखा जमकर नारे बाजी की तो भाजपाई अपने वाहनों के सीसे चढ़ा युवाओं के आक्रोश को भांप चौराहे से आगे निकल गये।

निर्धारित स्थान पर जनआक्रोश यात्रा की नुक्कड सभा का आयोजन तो किया गया लेकिन नुक्कड़ सभा में महज एक दर्जन का आंकडा भी ग्रामीणों का पूरा नहीं हो सका। नुक्कड सभा स्थल पर पहुंचे युवाओं व ग्रामीणों ने मौजूद भाजपाईयों को जमकर खरी खोटी सुना सांसद, विधायक, प्रधान, सीआर व डीआर तक कड़ी से कड़ी भाजपा की जुड़ी होने के बावजूद नगर पंचायत में विकास कार्य नहीं होने तथा बीते दिनों सरकारी विद्यालय में शिक्षकों की लेट लतीफी से आंक्रोशित ग्रामीणों द्वारा तालाबंदी किये जाने के बाद शिक्षक द्वारा सरपंच व ग्रामीणों के विरूद्ध नामजद मामले दर्ज करवाये जाने व मामले में कई बार ग्रामीणों द्वारा सांसद व विधायक सहित उपखण्ड व जिला प्रशासन को अवगत करवा सरपंच व उनके पति सहित ग्रामीणों पर लगे मुकदमें वापस हटवाये जाने की गुहार के बावजूद आज तक कोई कार्यवाही नहीं होने सहित विकास के नाम पर पूर्ण अनदेखी के चलते आज सम्पूर्ण नगर वासीयों ने भाजपा के प्रति कड़ी नाराजगी व आक्रोष व्याप्त है। काले झण्डे दिखाने वाले युवाओं में भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल रहे।

## रेलवे पेंशनर समाज की बैठक

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की न्यू कॉलोनी, अण्डरपास के निकट स्थित वरिष्ठ नागरिक परिषद भवन परिसर में रेलवे पेंशनर समाज की मासिक बैठक का आयोजन भूराभाई कोविद की अध्यक्षता में किया गया।

सचिव लाल चन्द कुमावत ने बताया कि पिछले पेंशन अदालत में दिये गये सभी 40 केशों के निपटारे की जानकारी दी गई। वहीं बैठक के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि दर्द निवारण जागरूकता अभियान के तहत निशुल्क परामर्श शिविर की जानकारी एवं शिविर संयोजक अनुराग शर्मा ने सभी पेंशनर सदस्यों और शिविर के बारे में जानकारी दी एवं बताया कि प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर का आयोजन डॉ. रेखा गुप्ता द्वारा सभी मरीजों का परामर्श दिया जाएगा।

जिसका सभी को पेंशनर्स अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। बैठक के दौरान संरक्षक रामेश्वरदास कुमावत, गिरधर गोपाल, रमेश चन्द कुमावत, एसएम खान ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

मंच का संचालन श्याम लाल सैनी के द्वारा किया गया। साथ ही किशन लाल माली, गुलाब चन्द, ललित मोहन, शेषनारायण सैनी, अशोक कुमार शर्मा, बनवारी लाल एल, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, देवेन्द्र कुमार, हरीश बाबू माथुर, उमर फारूक, चेनाराम, देवेन्द्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जनाक्रोश चौपाल में कांग्रेस की विफलताओं को बताया



जनाक्रोश यात्रा के तहत गांव थोई में आयोजित किसान जनाक्रोश चौपाल को श्रीमाधोपुर विधानसभा प्रभारी डॉ. सुमन कुलहरी गढ़वाल ने संबोधित किया।

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** जनाक्रोश यात्रा संवाद कार्यक्रम के तहत थोई में आयोजित किसान जनाक्रोश चौपाल में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष व श्रीमाधोपुर विधानसभा प्रभारी डॉ. सुमन कुलहरी गढवाल ने थोई मंडल अध्यक्ष व बीजेपी कार्यकर्ताओं व आमजन का जनाक्रोश यात्रा में स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ,आत्मनिर्भर भारत योजना ,जैविक खेती , एफपीओ जैसी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए राजस्थान की कांग्रेस सरकार की विफलताओं को उजागर किया।

डॉ. सुमन ने राज्य सरकार के जंगलराज, कुशासन, भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जा रही जन आक्रोश यात्राओं से आमजन के जुड़ाव पर संतोष व्यक्त करते हुए सरकार को आड़े हाथों लिया। इस अवसर पर श्रीमाधोपुर के पूर्व विधायक पूर्व जिला अध्यक्ष झाबर सिंह खर्रा ने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए केंद्र सरकार द्वारा लाई गई नई शिक्षा नीति के मसौदे पर प्रकाश डालते हुए लोगों को भारत के गौरवशाली इतिहास के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर सीकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनवारी लाल यादव, अजीतगढ़ के प्रधान शंकर लाल यादव, एसटी मोर्चा के अध्यक्ष पूरण मीणा, गोपाल सिसोदिया, पवन साईं ,निर्मला चौधरी, एडवोकेट रामकिशोर सैनी ,मनोज मील निदेशक सनराइज कॉलेज रामलाल चौधरी,श्रवण आचार्य, रामअवतार मेहरडा, विनोद यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

## लूट प्रकरण में पुलिस के हाथ खाली

**पावटा, (निसं)।** लुटेरों ने बुधवार की रात को सरेराह कार चालक पिंटू यादव को पिस्तौल की नौक पर फायरिंग करते हुए डरा धमकाकर कार, मोबाइल की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस जल्द ही आरोपियों को दबोचकर घटना के खुलासे की बात कह रही थी, लेकिन अभी तक पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी तो दूर उनकी शिनाख्त तक नहीं कर सकी है।

## समस्या व सुझाव के पत्र भरवाए

**निवाई, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान द्वारा भेजे गए प्रपत्रों को भाजपा शहर मंडल युवा मोर्चा के शहर मंडल अध्यक्ष हंसराज कसाना एवं महामंत्री जितेंद्र विजय के नेतृत्व में जन आक्रोश यात्रा को लेकर अहिंसा सर्किल व बडा बाजार में स्थानीय समस्या व सुझाव पत्र भरवाए गए। महामंत्री जितेंद्र विजय ने बताया कि प्रपत्र में स्थानीय समस्या एवं सुझाव भरवाए गए। इस अवसर पर मंत्री जितेंद्र सेन, बबलू जैन, खुशीराम गुर्जर, रवि तोमर, लालचंद, हिमांशु, लालाराम एवं गणेश सहित कई कार्यकर्ताओं ने लोगों से पत्र भरवाए।

# राजस्थान की कांग्रेस सरकार किसान व नौजवान विरोधी: यादव

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** गांव-गांव, चौपाल-चौपाल पहुंच रही भाजपा की जन आक्रोश यात्रा में साथ चल रहे पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव सीएम अशोक गहलोत वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार व सरकार में सहयोगी क्षेत्रीय बसपा विधायक दीपचंद खेरिया पर जमकर हल्ला बोल रहे हैं।

भाजपा की जन आक्रोश यात्रा के क्रम में 18 दिसंबर को भाजपा के राष्ट्रीय नेता ओम माथुर किशनगढ़ बास आएंगे। माथुर किशनगढ्र बास में घंटाघर चौक पर विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जन आक्रोश यात्रा के दौरान पूर्व विधायक यादव गांव ढाणी शहर की चौपाल पर सरकार की विफलताए बताने के साथ लोगों को 18 दिसंबर को किशनगढ्र बास पहुंचने का निमंत्रण दे रहे हैं। यात्रा के दौरान पूर्व विधायक रामहेत यादव ने ग्रामीणों को कहा कांग्रेस सरकार नौजवान व किसान विरोधी है। प्रदेश में चारों ओर लूटो खाओ, मौज करो का खेल चल रहा है। रिश्वत लेते बड़े बड़े अधिकारी कर्मचारी और नेताओं के सगे संबंधी पकड़े जा रहे हैं। अपराध रोकने में सरकार पूरी तरह विफल हो रही है।



किशनगढ़ बास के मेवात अंचल में जन आक्रोश यात्रा के दौरान पूर्व विधायक रामहेत यादव ने ग्रामीणों को संबोधित किया।

राहुल गांधी 4 साल पहले भी विधानसभा चुनाव में मालाखेड़ा आए थे 1 से 10 तक गिनती गिनकर किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ करने की बात कह कर गए थे। किसानों ने भरोसा किया और कांग्रेस की सरकार बन गई और भूल गई कि किसानों से कोई वादा किया हैं। यूरिया खाद के लिए किसानों को लाइन में लगना पड़ रहा है घंटों लाइन में लगने के बाद भी किसानों को भरोसा नहीं है कि खाद के कट्टे मिल जाएंगे।

■ किशनगढ़ बास में 18 को जनाक्रोश यात्रा के तहत भाजपा का धरना, ओम माथुर करेंगे संबोधित

खाद के कट्टे खुलेआम बाजार में कालाबाजारी हो रहे है और सरकार के नुमाइंदे खुली आंखों से देख रहे हैं। यादव ने कहा घर-घर पानी पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से बजट जारी किए जाने के बाद भी राजस्थान की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घर घर पानी पहुंचाने की योजना का लाभ जनता को नहीं देना चाहती है। जन आक्रोश यात्रा के दौरान चेयरमैन पार्षद सरपंच पंचायत समिति सदस्य जिला पार्षद सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा की जन आक्रोश यात्रा जारी

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की जन आक्रोश यात्रा लगातार जारी है। यात्रा का रथ शनिवार को दक्षिण मण्डल के बीठलोदा, सुजातनगर, भूरी भड़ाज, मांजूकोट, ककराना, पंडितपुरा, चक्रतीर्थ, भौनावास, फतेहपुरा खुर्द, रूपपुरा, ढ्राणी बागोरी, टसकोला, टोरडा, राजमपुरा, चांदोली, दूदावास तथा बूचारा गावों में पहुंचा। जहाँ रथ के साथ चल रहे भाजपा पदाधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ जनसम्पर्क कर उनकी समस्याऐं सुनी। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लिखकर रथ की शिकायत पेटिका में डाली तथा आगामी चुनावों में भाजपा की सरकार बनाने की बात कही।

## पांच घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

**खैरथल, (निसं)।** रविवार को किशनगढ़बास सहित उससे जुड़े विद्युत ग्रिड स्टेशनों पर आवश्यक रखरखाव कार्य किए जाने के कारण सुबह 9 बजे से 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। अधिशासी अभियंता ने बताया कि इसमें खैरथल, हरसौली, राता खुर्द और रीको क्षेत्र भी शामिल हैं।

## सार-समाचार

### पदयात्रियों का समर्थन किया



**बहरोड़/ मुंडावर, (निसं)।** मुंडावर में पूर्व आईएएस जगरूप सिंह के नहर लाने की पदयात्रा में शामिल होकर संपूर्ण रुप से क्षेत्र की जनता को जागरूक करने के दौरान शनिवार को रोहिताश्व चौधरी के नेतृत्व में चल रही पदयात्रा के दौरान क्षेत्र के कृषि भूमि हेतु नहर लाने के पद यात्रियों की अथक प्रयासों को क्षेत्र के लोगों ने गहराई से लेकर पदयात्रा को आंदोलनकारी रूप देने का वचन दिया। मुंडावर में नहर का पानी लाने की पदयात्रा के क्षेत्र के पेहल, सीतलपुर, रैनागिरी, श्योपुर और मोहम्मदपुर में पहुंची। नेतृत्वकर्ता रोहताश चौधरी के साथ पूर्व आईएएस जगरूप सिंह ने बताया कि नहर लाने की पदयात्रा को मुंडावर क्षेत्र की जनता का भारी जनसमर्थन प्राप्त होता देख पद यात्रियों का हौसला निरंतर बढ्रता जा रहा है। वहीं क्षेत्र के किसानों का इस तरह से बखूबी समर्थन मिलने से सरकारों को किसानों के साथ ही क्षेत्र की जनता के सामने झुकना होगा जो अलवर जिले के मुंडावर क्षेत्र की जनता की सबसे बड़ी जीत होगी।

### टोंक स्थापना की तैयारी बैठक

**टोंक, (निसं)।** जिला कलेक्टर के निर्देश पर शनिवार को टोंक स्थापना महोत्सव कोर कमेटी के सदस्यों ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी देशलदान से मुलाकात कर उन्हें स्थापना महोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रमों की जानकारी दी, जिनका आयोजन आगामी 24 से 26 दिसम्बर तक किया जा रहा है। बैठक में समिति के गोरधन हिरोनी ने 1990 से समिति द्वारा आयोजित किए जा चुके कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। समिति के नरेश बंसल ने बनास महोत्सव और टोंक स्थापना महोत्सव के कार्यक्रमों को संयुक्त रूप से मनाने की बात कही। बैठक में एसीईओ मुरारी लाल शर्मा, अजीत सिंहल, रिजवान अहमद आदि मौजूद रहे।

### 34 महिलाओं ने नसबंदी कराई

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जननी केंद्र में शनिवार को परिवार नियोजन के तहत 34 महिलाओं ने नसबंदी कराई। एफआरएचएस एनजीओ द्वारा आयोजित नसबंदी शिविर में करीब 40 महिलाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें डॉ.श्रीराम मीणा ने करीब 34 महिलाओं की नसबंदी की व 6 महिलाओं को रिजेक्ट किया। नसबंदी के पश्चात महिलाओं को अस्पताल प्रबंधन की ओर से 108 व निजी वाहनो की सहायता से घर पहुंचाने की व्यवस्था की गई। इस दौरान महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगिनी ने महिलाओं को नसबंदी के लिए प्रेरित किया।

### सड़क का पुनः निर्माण करने की मांग

**नरैना, (निसं)।** भाजपा नरैना किसान मोर्चा अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुर्जर व भाजयुमो अध्यक्ष बलवीर गुर्जर ने फुलेरा विधानसभा क्षेत्र विधायक निर्मल कुमावत को नरैना नगर पालिका के वार्ड 2 में भरतोलाव से लीलवा की ढाणी तक जो कि नरैना से किशनगढ रोजाना जाने वाले मजदूर वर्ग और आमजन की सुविधा के लिए सुगम मार्ग है के लिए डामरीकरण सड़क का पुन:निर्माण करवाने हेतू ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विधायक कुमावत ने सड़क निर्माण कार्य को जल्द शुरू करवाने का आश्वासन दिया।

# उप जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया

**चाकसू, (निसं)।** आमजन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग का प्रमुख उद्देश्य है चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के इस अहम उद्देश्य को चाकसू उपखंड क्षेत्र के आम नागरिक तक विशेषकर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लेने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉक्टर बाबूलाल मीणा ने अचानक जिला चिकित्सालय चाकसू का औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे और संस्थान पर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया

एस.डी.एच. डॉक्टर बाबूलाल मीणा ने चिकित्सा संस्थान की समस्त सेवाओं का आकलन एवं मरीजों हालचाल जाना और चिरंजीवी वार्ड महिला वार्ड लेबर रूम आपातकालीन एवं समस्त गतिविधि पर बारीकी से जानकारी ली संस्थान के कोरोना वैक्सीनेशन की स्थिति विभिन्न सरकारी चिकित्सा संस्थान में मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की गहराई से जानकारी लेकर अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना व जांच योजना, मेडिकल बायो वेस्ट निस्तारण, साफ सफाई व स्टाफ की उपस्थिति सम्बन्धित रिकॉर्ड का गहराई से निरीक्षण किया एवं स्वास्थ्य विभाग की राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं की वर्तमान स्थिति के बारे में प्रभारी से जानकारी लेते हुए कहा कि सभी नागरिकों एवं मरीजों को समय पर सुविधा मिले यह ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग का अहम उद्देश्य है व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान में आवश्यकतानुसार मेन पावर उपलब्ध नहीं होने के बावजूद संस्थान सभी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहा है जो सराहनीय है। इस दौरान संस्थान में मौके पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ ॠतुराज मीणा डिप्टी कंट्रोलर डॉ राजेंद्र कुमार कुड़ी कमल राम मीणा सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सुरेश कुमार वर्मा स्टोर इंचार्ज सुरेंद्र यादव एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पूनिया अध्यक्ष बने

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** कस्बे की ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए मतदान हुआ। अध्यक्ष पद पर श्यामसुंदर पूनिया व उपाध्यक्ष पद पर सोहनलाल निठारवाल निर्वाचित हुए।चुनाव प्रभारी रामेश्वर लाल ऐचरा ने बताया कि मतदान के लिए अध्यक्ष पद व उपाध्यक्ष पद के लिए तीन - तीन नामांकन दाखिल हुए थे जिसमें नाम वापसी पर 1-1 नामांकन वापस ले लिया। जिसके चलते अध्यक्ष पद के लिए दो और उपाध्यक्ष के लिए दो प्रत्याशी मैदान में रहे मतगणना में अध्यक्ष पद के लिए श्यामसुंदर पूनिया को 9 मत मिले वहीं शिवपाल सिंहमार को 3 मत मिले। इसके साथ उपाध्यक्ष पद के लिए सोहनलाल निठारवाल को सात मत मिले व शंकरलाल बलोदा को पांच मत मिले।

# मंत्री टीकाराम जूली ने जनसुनवाई की

**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा कारागार मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण के कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम गहलोत की मंशा है कि समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। जूली शनिवार को मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई कर रहे थे। जिले भर से बडी संख्या में परिवेदनाऐं लेकर पहुंचे आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 7 दिन में आमजन के लंबित प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि, केन्द्र सरकार जहां युवाओं को रोजगार के नाम पर ठग रही है वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राज्य सरकार ना केवल सरकारी बल्कि प्राइवेट सैक्टर में भी युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला रोजगार कार्यालय के माध्यम से रोजगार मेले लगाकार केन्द्र सरकार से हताश बैठे युवाओं को लगातार रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को भी 153 युवाओं को प्राइवेट सैक्टर में रोजगार सुनिश्चित किया गया है। इस दौरान राजगढ निवासी मोनू बैरवा एवं प्रकाश महावर, बानसूर निवासी मंजीत सैनी एवं सुरेन्द्र कुमार तथा अलवर निवासी देवेन्द्र सैनी को नियुक्ति पत्र सौंपा।

# पावटा में कई सालों से खराब पड़े सीसीटीवी कैमरे

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के पावटा कस्बे में अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए कई जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। लेकिन रखरखाव के अभाव में पुलिस की तीसरी आंख कमजोर हो गई है। इसका भरपूर फायदा अपराधियों को मिल रहा है।

इन कैमरों के काम नहीं करने से इसमें रिकॉर्डिंग भी नहीं हो पा रही है। ऐसे में सीसीटीवी फुटेज नहीं मिलने से अपराधी पकड़े नहीं जाते। कस्बे की निगरानी अब प्राइवेट भवनों, दुकानों में लगे कैमरों पर आश्रित हो गई है। ऐसे में मुख्य बाजारों, कॉलोनियों में घटनाएं घटने के समय का घटनाक्रम तलाशना मुश्किल हो रहा है। गौरतलब है कि लाखों की लागत से ग्राम पंचायत द्वारा सीएचसी कट, भोनावास रोड, सुभाष चौक, घंटाघर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, इसका कंट्रोल रूम प्रागपुरा थाना पुलिस के कार्यालय में बनाया गया है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल ने बताया कि पूर्व सरपंच पूजा अग्रवाल के कार्यकाल में भामाशाहों ने 10 सीसीटीवी कैमरे कस्बे की सुरक्षा हेतु लगवाए थे, लेकिन कैमरे पिछले कई सालों से सुधार व रखरखाव की कमी के कारण बंद पडे हैं। वहीं प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह का कहना है कि खराब होने की जानकारी देने के बाद भी कैमरों को दुरुस्त नहीं किया गया है। पुलिस अपने लगाए कैमरा की जगह प्राइवेट संस्थान और घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से अपराधियों की तलाश करती रह जाती है। इसमें काफी समय बर्बाद होता है जब तक अपराधी शहर से बाहर निकल चुके होते हैं।



पावटा कस्बे में अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए कई जगह पर लगाए गये सीसीटीवी कैमरे रखरखाव के अभाव में खराब हो गये हैं।

■ अपराधियों को मिल रहा भरपूर फायदा

■ नगरपालिका को सही करने के लिए कई बार करवाया अवगत

कैमरा काम नहीं करने की वजह से कंट्रोल रूम को घटना की जानकारी नहीं मिल पाती है। हालांकि अपनी इस परेशानी को लेकर नगरपालिका को कई बार अवगत करा चुके हैं, लेकिन कही से कोई जवाब नहीं मिल पा रहा है। लगभग 2-3 वर्ष से यह कैमरे खराब हैं इनको ठीक कराने के लिये कई बार नगरपालिका को अवगत भी करा दिया। लेकिन इनकी मरम्मत नहीं हो पा रही। वही पावटा प्रागपुरा नगरपालिका मनीषा यादव का कहना है कि जल्दी ही खराब सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत व मुख्य स्थलों को चिन्हित कर वहां सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव भेजा जाएगा।

## 'एक शाम गौ माता के नाम' कार्यक्रम का पोस्टर जारी

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ग्राम बामनवास में 14 दिसम्बर को सांयकाल 6.15 बजे आयोजित होने वाले गौ सेवार्थ एक शाम गौ माता के नाम कार्यक्रम में प्रख्यात भजन गायक तथा गौ भक्त प्रकाश दास महाराज के पावन सानिध्य तथा राघवाचार्य रेवासा धाम, बलदेवदास महाराज कालाकोटा ,ओंकारदास महाराज बावड़ी आश्रम श्रीमाधोपुर, मनोहर शरण शास्त्री गोपाल मंदिर पलसाना, घनश्याम दास चारोड़ा धाम खण्डेला, नवल बाईसा सीकर सहित अनेक सन्तो ओर जन प्रतिनिधियों तथा गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति में आस पास के गो सेवको तथा भामाशाहो का सम्मान भी किया जाएगा। दिलीप सिंह शेखावत के अनुसार उक्त कार्यक्रम के लिए हिन्दू जागरण मंच के दिलीप सिंह, लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के मुकेश शर्मा, विवेकानन्द युवा संगठन के जोरावर सिंह, राकेश कुमावत तथा कार्यक्रम संयोजक शुभम शर्मा सहित अनेक संगठनों ने पलसाना ,रेवासा, बुधगिरी मढ़ी फतेहपुर,सीकर सहित अनेक गांवों और कस्बों में पोस्टर विमोचन कर सैकडो लोगो को आमंत्रण भेजकर आमन्त्रित किया है।

# भारत जोड़ो यात्रा के दौरान आपातकालीन व्यवस्थाओं को लेकर बैठक

**लालसोट, (निसं)।** चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने पंचायत समिति परिसर स्थित प्रधान कक्ष में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान चिकित्सा आदि आपातकालीन व्यवस्थाओं को लेकर विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक बैठक ली। इस बैठक के दौरान चिकित्सा मंत्री मीणा ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान चिकित्सा व्यवस्थाओं से संबंधित आपातकालीन व्यवस्थाओं को लेकर विचार विमर्श करने के साथ चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए।

■ विशेषज्ञ चिकित्सकों को दिए दिशा निर्देश

चिकित्सा मंत्री मीणा ने यात्रा के दौरान मौजूद जनसमूह को देखते हुए एंबुलेंस की उपलब्धता एवं एंबुलेंस को किन-किन जगहों पर तैनात करना है इस पर विचार विमर्श किया। साथ ही एंबुलेंस के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी एवं आवश्यक चिकित्सा सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सीएमएचओ सुभाष बिलोनिया को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। इस दौरान एडवोकेट प्रधान नाथू लाल मीणा, खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. धीरज शर्मा, जिला अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर संजय पामेचा सहित कई विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सा अधिकारी प्रभारी मौजूद रहे।



आपातकालीन चिकित्सा आदि व्यवस्थाओं को लेकर चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की बैठक ली।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने बताया कि राहुल गांधी द्वारा निकाली जा रही भारतीय जोड़ो यात्रा 14 दिसंबर को लालसोट विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करेगी एवं 15 दिसंबर तक लालसोट विधानसभा में प्रवास करेगी। इस भारत जोड़ो यात्रा की धूमधाम से अगवानी एवं विशेष तौर पर स्वागत करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न जगहों पर बड़े तोरण द्वार बनाए जाएगे। उन्होंने बताया कि वहीं दूसरी ओर पेयजल के लिए क्षेत्र की महत्वपूर्ण परियोजना ईसरदा बांध के पेयजल प्रोजेक्ट का भी राहुल गांधी द्वारा शिलान्यास कराने की पूरी तैयारियां रखी गई है लेकिन ईसरदा पेयजल प्रोजेक्ट के शिलान्यास को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

# छठे दिन राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा बून्दी से शुरू

बून्दी, 10 दिसम्बर (निसं)। बूंदी के गुडली में एक दिन के विश्राम के बाद शनिवार को केशोरायपाटन से भारत जोड़ो यात्रा सुबह 8:40 बजे शुरू हुई। राहुल गांधी सवाई माधोपुर में सोनिया गांधी का जन्मदिन मना कर सुबह केशोरायपाटन पहुंचे और सीधे रिलायंस पैट्रोल पंप से यात्रा में शामिल हुए।

बूंदी के केशोरायपाटन से शुरु हुई भारत जोड़ो यात्रा लगभग 14 किमी का सफर तय करके अरनेठा पहुंची, जहां यात्रा ने टी ब्रेक लिया। अरनेठा से ही पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट यात्रा में शामिल हुए। यहां से पुनः दोपहर 3.30 बजे शुरू होकर यात्रा ने अगले पड़ाव कापरेन के बालापुरा चौराहे तक 9.6 किमी का सफर तय किया। यहाँ पर यात्रियों के लिए नाश्ते पानी की व्यवस्था की गई थी।

- **अरनेठा में टी ब्रेक हुआ और यहीं से पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट यात्रा में शामिल हुए, इससे पूर्व वे शेरबाग पैलेस होटल गये जहां सोनिया व प्रियंका रुकी हुई हैं।**
- **सी.एम. गहलोत, सांसद अधीर रंजन चौधरी सहित कई बड़े नेता भारत जोड़ों यात्रा में शामिल हुए।**
- **धर्म गुरू और सफाईकर्मी भी राहुल गांधी के यात्रा में सहयात्री बने।**
- **यात्रा के दौरान स्थानीय नेताओं से खुलकर चर्चा की।**
- **राहुल की झलक पाने को क्षेत्रवासी बेताब दिखे।**

यात्रा में शनिवार को दस किलोमीटर के सफर में अलग-अलग धर्मगुरुओं को भी राहुल ने अपना सहगामी बनाया, जिनके साथ उन्होंने राजस्थान के संदर्भ में चर्चा की। वहीं, राहुल गाँधी सफाई कर्मियों के साथ भी लंबी दूरी तक चलते नजर आए। राहुल ने सफाईकर्मियों के गले में हाथ डालकर फोटो खिंचवाया और उनके काम के बारे में बातचीत की। शनिवार की यात्रा में सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी के शामिल होने की अपुष्ट जानकारी मिल रही थी, ऐसे में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों में एक अलग ही उत्साह व जोश था, जो इनके नहीं आने से थोड़ा कमजोर पड़ा।

ज्ञातव्य है कि यात्रा सुबह 6 बजे गुड़ली से रवाना होनी थी। लेकिन बाद में यात्रा 8:40 बजे केशोरायपाटन से प्रारंभ की गई, जिससे स्थानीय आमजन और ग्रामीण निराश नज़र आए।

बूंदी में यात्रा के पहले दिन पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट सवाईमाधोपुर से यात्रा से जुड़ने के लिए अरनेठा पहुंचे और टी ब्रेक के बाद यात्रा में राहुल गांधी के साथ चले।

भारत जोड़ो यात्रा में आज छठे दिन राहुल गांधी के साथ सांसद अधीररंजन चौधरी, वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, जयराम रमेश, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द डोटासरा, पूर्वउपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रभारी मंत्री जाहिदा खान, खेल मंत्री अशोक चांदना, राजस्व मंत्री राम लाल जाट, पीसीसी प्रदेश उपाध्यक्ष हरिमोहन शर्मा, पीसीसी सदस्य राकेश बोयत, सत्येश शर्मा, पूर्व विधायक सी.एल.प्रेमी, जिला वक्फबोर्ड अध्यक्ष इकरामुद्दीन बबलू सहित राजस्थान मंत्रीमंडल के सदस्य और पार्टी के कई राष्ट्रीय व प्रदेश के नेता शामिल हुए। बूंदी जिले से हरिमोहन शर्मा, राकेश बोयत और अशोक चांदना के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए।



*राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा शनिवार को बूंदी के केशवरायपाटन से शुरु हुई। यात्रा में धर्म गुरुओं के साथ-साथ सफाईकर्मी भी शामिल हुये। पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट शेरगढ़ गैस काण्ड के पीड़ितों से मिलने जोधपुर गये हुये थे इसलिए वे टी ब्रेक के बाद अरनेठा से यात्रा में शामिल हुये।*

पचपदरा विधायक मदन प्रजापत आज भी नंगे पैर भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। बालोतरा को जिला बनाने तक जूते नहीं पहनने का संकल्प लिए हुए मदन प्रजापत झालावाड़ से ही यात्रा में शामिल हैं, और कहा जा रहा है कि, राजस्थान में पूरी यात्रा के दौरान बिना जूते पहने चलेंगे। आज की यात्रा में एक दिव्यांग यात्री भी शामिल हुआ। कांग्रेस ने, "हम होंगे कामयाब" लिखकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह फोटो शेयर किया। भारत जोड़ो यात्रा में आज का दिन महिलाओं के लिए तय किया गया था, लेकिन अब 12 दिसंबर को राहुल के साथ मुख्य घेरे में केवल महिला यात्री ही चलेंगी। प्रियंका गांधी भी इस दिन यात्रा का हिस्सा होंगी। इसे महिला शक्ति पदयात्रा नाम दिया गया है।

पूरी यात्रा के दौरान राहुल गांधी केशोरायपाटन विधानसभा प्रत्याशी राकेश बोयत व खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना से लंबी चर्चा करते हुए दिखाई दिए। राहुल ने दोनों ही नेताओं के साथ जिले एवं प्रदेश की राजनीतिक स्थिति को लेकर लंबी चर्चा की।

यात्रा के दौरान बेरोजगार युवाओं ने भर्ती घोटाले रोकने का बैनर लहराया। शनिवार शाम करीब पांच बजे टी ब्रेक के लिए जब राहुल गांधी रुके थे तभी, करीब साढ़े पांच बजे यात्रा जैसे ही आगे बढ़ी कि, बूंदी के कापरेन में युवाओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। छतों पर खड़े युवा हाथ में बैनर लिए हुए थे। बैनर पर भर्ती घोटाले रोकने, कार्तिक भील को न्याय देने और कांकरी डूंगरी मामले में आदिवासियों पर दर्ज केस वापस लेने की मांगें लिखी हुई थीं।

# और यात्रा के दौरान बीच में राहुल गांधी ने सचिन पायलट को रोककर अलग से चर्चा की

## टी ब्रेक के दौरान मुख्यमंत्री के जाने के बाद हुई चर्चा राजनीतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है

- **इससे पहले सचिन पायलट सवाई माधोपुर के होटल शेर बाग पैलेस गए थे जहां सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी रूकी हुई हैं।**
- **यात्रा के दौरान राहुल गांधी सफाई कर्मियों से मिले और करोना के दौरान अपने पिता को खो चुकी एक बच्ची को पूरी मदद का भरोसा दिलाया।**

जयपुर, 10 दिसम्बर (का.प्र.)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के छठे दिन वैसे तो रोजाना की तरह ही यात्रा आगे बढ़ती रही है, लेकिन राजस्थान के लिहाज से एक राजनीतिक घटना हुई। हुआ यूँ कि, टी ब्रेक के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के रवाना होने के बाद राहुल गांधी ने सचिन पायलट को रोका और अलग ले जाकर करीब 5 मिनट तक दोनों नेता चर्चा करते रहे। दोनों नेताओं के बीच किस विषय को लेकर चर्चा हुई, यह ज्ञात नहीं है, क्योंकि चर्चा के वक्त तीसरा व्यक्ति मौजूद नहीं था। लेकिन गुजरात और हिमाचल प्रदेश के नतीजों के बाद इन दोनों नेताओं के बीच की यह वार्ता काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

इससे पहले सचिन पायलट सवाई माधोपुर के होटल शेर बाग पैलेस रुकते हुए यात्रा में पहुंचे। ज्ञातव्य है कि सवाई माधोपुर के शेरबाग पैलेस होटल में सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी ठहरी हुई हैं।

उल्लेखनीय है कि, गुजरात में वरिष्ठ पर्यवेक्षक के रुप में अशोक गहलोत को चुनाव की जिम्मेवारी दी गई थी, उन्होंने वहां कई बार यात्रा की, जनसभाएं की, चुनाव मैनेजमेंट किया, लेकिन गुजरात के नतीजे कांग्रेस के लिए अब तक के सबसे खराब नतीजे आए हैं। वहीं, दूसरी ओर सचिन पायलट को वरिष्ठ पर्यवेक्षक भूपेश बघेल के साथ पर्यवेक्षक के रुप में हिमाचल प्रदेश भेजा गया था।

सचिन पायलट ने हिमाचल प्रदेश में 20 से ज्यादा रैलियां की थीं, जिनमें से 13 सीटों पर कांग्रेस को जीत मिली। इस संदर्भ में राहुल गांधी की सचिन पायलट से यात्रा के दौरान अलग से चर्चा करना राजनीतिक जानकारों के लिए उत्सुकता का विषय बन गया है।

शनिवार को राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा बूंदी के कापरेन के पास बालापुरा चौराहे पर शाम करीब सवा छह बजे पूरी हुई। यह यात्रा सुबह केशोरायपाटन के गुडली चौराहे से शुरू हुई थी, जिसमें कुल 23 किलोमीटर का सफर तय किया गया।

बच्चों से मुलाकात करते समय एक बच्ची से जब उसके परिवार, पढ़ाई तथा माता-पिता के बारे में पूछा, तो बच्ची फूट-फूट कर रोने लगी। इस बच्ची के पिता का करोना के दौरान निधन हो चुका है। राहुल गांधी ने बच्ची को हौसले से काम लेने को कहा, तथा हर संभव मदद का भी भरोसा दिलाया। राहुल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से बच्ची का ध्यान रखने और उसकी मदद करने को कहा। नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयराम रमेश ने गुजरात चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी और ए. आई. एम. आई. एम. पर हमला बोलते हुए कहा कि दोनों पार्टियां वोट कटवा हैं। जहां भी कांग्रेस-भाजपा में सीधा मुकाबला होता है, वहां ये दोनों वोट काटने पहुंच जाते हैं। ये दोनों भाजपा की बी टीम हैं। गुजरात में हार के लिए जयराम रमेश ने कमजोर पार्टी संगठन को जिम्मेदार बताया।

## सुक्खू का दावा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जीता। वह साढ़े छह वर्ष के रिकॉर्ड समय तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे। उन्हें उस पद से हटाया गया, लेकिन पार्टी हाईकमान ने उन्हें राज्य चुनाव कमेटी का अध्यक्ष बना दिया। हमीदपुर जिले की पांच विधानसभा सीटों में से चार को कांग्रेस की झोली में डालने का श्रेय सुखू को जाता है। पांचवी सीट पर एक निर्दलीय जीता है जो भी उनके समर्थन में आ गया है। इस प्रकार से उन्होंने हमीरपुर जिले के "भाजपा मुक्त" कर दिया है। ऐज फैक्टर भी उनके पक्ष में रहा। प्रतिभा सिंह की आयु 66 वर्ष है, जबकि उनकी 58 वर्ष है। हिमाचल के निचले भाग का निवासी होना भी उनके पक्ष में गया क्योंकि इस क्षेत्र से कोई अब तक मुख्यमंत्री नहीं बना है।

# 'गांव में आठवीं तक का ही स्कूल, लड़कियां आगे नहीं पढ़ पातीं'

## एलन स्टूडैंट ने राहुल गांधी के सामने समस्या रखी

- **राहुल गांधी ने यह सुनकर वहां मौजूद मु.मंत्री गहलोत को इशारा किया तो गहलोत ने तुरंत अधिकारियों को सवाईमाधोपुर के झोपड़ी सुमनपुरा गांव स्कूल को क्रमोन्नत करने के आदेश दिए।**
- **भारत जोड़ो यात्रा के दौरान शनिवार को राहुल गांधी ने अरनेठा में कोटा के कोचिंग छात्रों से मुलाकात की, छात्रों ने खुल कर राहुल गांधी से अपने मन की बातें कहीं।**

कोटा, 10 दिसम्बर (निसं)। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान शनिवार को राहुल गांधी बूंदी जिले के अरनेठा में कोटा के कोचिंग स्टूडैन्ट्स से मिले और उनके साथ करीब पौन घंटे तक खुलकर बात की। स्टूडैन्ट्स ने शिक्षा व्यवस्था, संसाधन, करियर से जुड़ी बातें की और राहुल गांधी ने भी अपना मत रखा। कुछ स्टूडैन्ट्स ने अपनी समस्याएं बताईं, जिनके समाधान भी उपलब्ध करवाए गए।

ये सभी छात्र वो हैं जिन्हें राज्य सरकार की अनुप्रति कोचिंग योजना के अंतर्गत कोचिंग मिल रही है। इस चर्चा में एलन करियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के 8 छात्र भी शामिल हुए, जिनके साथ एलन के वाइस प्रैसिडैंट पंकज काबरा व सीनियर फैकल्टी विनोद शर्मा भी थे।

भूमिका गौड़, खुशी मेघवाल, देवेन्द्र चौधरी, सचिन कुमार भास्कर, गिरधर सुमन, सिद्धार्थ सेन, विष्णु पारेता और दुर्गेश वैष्णव आदि छात्रों के साथ राहुल गांधी की चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा भी मौजूद थे।

चर्चा के दौरान एलन के दुर्गेश वैष्णव ने कहा, मैं सवाई माधोपुर के खण्डार तहसील के गांव झौपड़ी सुमनपुरा से हूं। यहां आठवीं तक ही स्कूल है। लड़के तो इसके बाद बाहर जाकर पढ़ लेते हैं लेकिन लड़कियों की पढ़ाई छूट जाती है, मेरे गाँव में स्कूल 12वीं तक होना चाहिए।

इसके बाद राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तरफ इशारा किया और गहलोत ने तुरंत अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए। एलन की छात्रा खुशी मेघवाल ने कहा, मैं इंजीनियरिंग करना चाहती हूं और साथ में ताइक्वांडो भी सीखना चाहती हूँ, इसकी कोई कोचिंग नहीं है, फिलहाल मैं यू-ट्यूब से सीख रही हूं।

खुशी का नयापुरा स्टेडियम में संचालित की जाने वाली ताइक्वांडो अकेडमी में एडमिशन करवाया गया।

छात्रों से बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने कहा, "आप सभी इंजीनियरिंग या मेडिकल की कोचिंग कर रहे हैं। मैं कन्याकुमारी से चलकर यहां तक आ रहा हूं, बच्चों से बात करता हूं तो हर बच्चा डॉक्टर या इंजीनियर बनने की बात कहता है, ऐसा क्यों ?, आप स्वयं बनना चाहते हैं या किसी दूसरे की इच्छा इसमें शामिल है। आपको खुद को जानना चाहिए।

इसके बाद देखना चाहिए कि आपकी इच्छा क्या है, फिर अपने लक्ष्य को पहचानें और उसे पाने के लिए मेहनत करें। यदि ऐसा करेंगे तो आप अपना बेस्ट दे सकेंगे और उस क्षेत्र में देश को आगे ले जा सकेंगे।"

छात्रों से बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने जब कहा कि, आप लोग डॉक्टर या इंजीनियर बनने तक ही सीमित क्यों रहते हैं, तो छात्रों ने जवाब दिया, हम दूसरे क्षेत्रों में करियर के बारे में नहीं जानते। इस पर राहुल गांधी ने कहा, यह हमारी शिक्षा व्यवस्था की कमजोरी है।

आप दूसरे विषयों के बारे में सोचें, उनमें करियर की संभावनाओं को समझें, दूसरे विषय या इनके अलावा किस-किस क्षेत्र में करियर बनाया जा सकता है, यह जानें, एक्सपर्ट्स से मिलें, समझें। मल्टिपल करियर ऑप्शन्स को समझेंगे तभी कुछ अलग कर सकेंगे।

## भूंगरा गैस विस्फोट कांडः चार और लोगों की मौत

जोधपुर, 10 दिसम्बर (कासं)। जोधपुर के निकटवर्ती शेरगढ़ तहसील स्थित भूंगरा गांव में गुरूवार को शादी समारोह में हुए गैस काण्ड में लगी आग से झुलसने वाले चार और लोगों की शनिवार सुबह मौत हो गई। इसमें दो बच्ची और एक वृद्ध महिला, एक युवक है।

हादसे में मृतकों की संख्या बढक़र 12 हो गई है। इनकी संख्या और भी बढ़ सकती है। कई लोग अब भी 70 फीसदी से ज्यादा झुलसे हुए है। बर्न यूनिट में संक्रमण का खतरा भी बना हुआ है। शनिवार की सुबह भूंगरा की ही 10 साल की सज्जन कंवर पुत्री उत्तम सिंह, 60 साल की सुआकंवर पत्नी अमरसिंह एवं 12 साल की पूनम पुत्री बाबूसिंह तथा एक युवक की मृत्यु हुई है। इससे पहले शुक्रवार की देर शाम तक छह लोगों की मौत हो गई थी और गुरूवार को हादसे के बाद दो बच्चों की मृत्यु हुई थी।

पुलिस के अनुसार इस हादसे में अभी तक 13 साल की धापू देवी पुत्री भंवरसिंह, 40 साल की चंद्रकंवर पत्नी धनसिंह एवं कंवरूकंवर पत्नी मदन सिंह, खुशबू पुत्री गणपत सिंह और रतन सिंह पुत्र सांगसिं धापूकंवर पुत्री बाबू सिंह एवं 16 साल की प्रकाशकंवर पुत्री नरपतसिंह की भी मौत हो गई थी।

गौरतलब है कि, जिले के शेरगढ़ स्थित भूंगरा गांव में सगतसिंह की ढाणी में उनके पुत्र सुरेंद्र सिंह की शादी थी। बारात रवानगी से पहले ही दोपहर में गैस रिसाव के साथ भीषण आग लगी और दो गैस सिलेण्डर फट गए। उस समय घर मेहमानों से भरा हुआ था। जिससे घर परिवार रिश्तेदारी के 54 लोग आग में झुलस गए थे।

## कांग्रेस ने साफ मैसेज दिया, मेहनत व पार्टी के प्रति...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बोर्ड या कॉरपोरेशन के अध्यक्ष भी नहीं रहे।

वर्ष 1981 में शिमला के गवर्नमैन्ट डिग्री कॉलेज की 11वीं कक्षा में जब वह कक्षा प्रतिनिधि बने तो राजनीति में यह उनका पहला कदम था। तब से लेकर कांग्रेस संगठन के विभिन्न स्तरों पर उनका उत्थान ही हुआ है चाहे वह एन.एस.यू.आई. हो, यूथ कांग्रेस हो या राज्य कांग्रेस हो।

वर्ष 2003 में वह विधानसभा के लिए पहली बार निर्वाचित हुए। उसके बाद वह 2007 और 2017 में भी जीते, लेकिन अब चौथी जीत ने तो उन्हें सीधे राज्य के शीर्ष पद पर पहुंचा दिया है।

सुक्खु वर्ष 2007 से 2012 तक कांग्रेस विधायक दल के चीफ व्हिप रहे। वह प्रत्येक चरण को व्यावहारिक रूप से पार कर मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचे हैं। वह शिमला म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन (एस.एम.सी.) में दो बार पार्षद निर्वाचित हुए। पहले तो वर्ष 1992-97 के कार्यकाल के लिए और फिर वर्ष 1997 से 2002 तक के लिए। इसके बाद वह विधायक बने।

साधारण पृष्ठभूमि से मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने वाले सुखविंदर के पिता सरकारी सेवा में थे। सुखविंदर को 6 बार के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का घोर विरोधी माना जाता था और शायद इसीलिए उन्हें ऐसे नेता के रूप में अलग जगह बनाने में मदद मिली जो वीरभद्र जैसे दिग्गज नेता को भी चुनौती दे सकते है। इसके लिए सुखविंदर का रानी प्रतिभा सिंह ने विरोध भी किया पर नवनिर्वाचित 40 विधायकों में से अधिकांश का समर्थन प्राप्त होने से उन्हें मदद मिली।

वे संगठन के नेता हैं और कांग्रेस की तीनों शाखाओं एन.एस.यू.आई., युवा कांग्रेस और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रमुख रह चुके है। यह योग्यता अभी शायद किसी के पास भी नहीं है। वे कॉलेज के जमाने से ही राजनीति में सक्रिय हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश युनिवर्सिटी से एम.ए., एल.एल.बीच की है। वे 10 साल तक युवा कांग्रेस और 6 साल तक युवा कांग्रेस और 6 साल तक हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख रहे।

निजी जीवन की बात करें तो उनकी पत्नी कमलेश एक पूर्व सैनिक की पुत्री हैं और गृहिणी है। उनके दो बेटियां हैं, जो दिल्ली में पढ़ती हैं। छात्र जीवन में उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। पढ़ाई के खर्चे के लिए उन्होंने न्यूज़ पेपर एजेंट के रूप में भी काम किया। सुक्खु के सामने कड़ी चुनौती है उन्हें प्रदेश अध्यक्ष रानी प्रतिभा के साथ लेकर चलना होगा। सांसद प्रतिभा वीरभद्र सिंह की पत्नी हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए दावा किया था, पर उन्हें विधायकों का समर्थन नहीं मिला। उन्हें मनाना सुक्खु के लिए कड़ी चुनौती होगी।

## भारी सुरक्षा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की बात का खुलासा एक आर.टी.आई. तहत पूछे गए सवाल के जवाब में महेशचन्द्र मीना ने किया। जो पत्थर चोरी हुए हैं, उन्हें शाहजहां और मुमताज की कब्र से निकाला गया है। मुख्य इमारत और राजसी गेट पर लगे बहुमूल्य पत्थर भी चोरी हुए हैं। मौलवी मोइनुद्दीन द्वारा लिखित ऐतिहासिक पुस्तक "द ताज एण्ड इट्स एनवायरमैंट" के अनुसार ताजमहल में जड़वाने के लिए करीब 42 प्रकार के बहुमूल्य पत्थर विभिन्न देशों से मंगवाए गए थे। इनमें तिब्बत से फिरोजा, बगदाद से 540 अकीक के अलावा 143 मूंगे, 74 नीलम, 42 जवाहरात और 142 माणक भारत से थे। आर.टी.आई. प्रत्युत्तर के अनुसार ए.एस.आई. ने ताज की दक्षिणी और पश्चिमी मीनारों पर नए पत्थर लगाने में 15.77 लाख रूपए खर्च किए। उसने वर्ष 2018-19 में 51 लाख, वर्ष 2017-18 में 42 लाख, वर्ष 2015-16 में 20 लाख रूपए नवीन कार्यों पर व्यय किए।



*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया सीकर और नागौर में जन आक्रोश रथयात्रा कार्यक्रम के तहत ग्राम चौपालों और रात्रि चौपालों को संबोधित कर रहे हैं। सुबह 11 बजे उन्होंने सीकर जिले के फतेहपुर शेखावाटी में जन आक्रोश रथयात्रा के तहत आमजन, व्यापारियों और दुकानदारों से मुलाकात कर उनसे संवाद किया।*

## प्र.मंत्री मोदी राष्ट्रपति ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

देशों द्वारा निंदा की जाती रही है। भारत ने इसके बजाए रूस से तेल की खरीद में इजाफा किया क्योंकि यह तेल अन्तर्राष्ट्रीय बाजार की प्रचलित कीमतों से कम कीमत पर बेचा जा रहा है। अब रूस के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन से इंकार करने का भारत का निर्णय विदेश नीति को लेकर उसके स्वतंत्र रूख के प्रति एक स्पष्ट बयान होगा। इन्टरनैशनल डीलिंग्स में ताकत का इस्तेमाल करने को लेकर यह भारत के सैद्धांतिक रूख को भी स्पष्ट करेगा।

हालांकि इस कदम में भारत के लिए गंभीर जोखिम भी हैं। इस तरह का निर्णय रूप को नाराज कर सकता है और उसके राष्ट्रपति भारत की डिफैंस सप्लाई पर रोक लगा सकते हैं। भारत के खिलाफ चीन की शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों और सीमाई झड़पों के जारी होने को देखते हुए हथियार और सैन्य उपकरणों की रूस की सप्लाई में लगने वाले किसी भी प्रतिबंध से भारत गंभीर समस्या का सामना कर सकता है। आखिरकार हथियार और गोलाबारूद के एक सिस्टम को हटाकर रातों-रात दूसरा सिस्टम लागू नहीं किया जा सकता। इस प्रकार का घटनाक्रम भारत को सीधे अमेरिका और पश्चिमी देशों की गोद में बिठा सकता है। इसके लिए पश्चिम के डिफैंस नैटवर्क के साथ भारत के निकट समायोजन की जरूरत होगी। वास्तव में, यह भारत और पश्चिमी देशों के बीच "नाटो" जैसे किसी लिंक का विस्तार हो सकता है। ऐसे कुछ घटनाक्रम पहले ही हो चुके हैं। क्वाड देशों के संगठन सदस्य के रूप में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ एशिया में युद्धाभ्यास करता है। चीन क्वाड की स्पष्ट आलोचना और विरोध करता रहा है। वास्तव में यूक्रेन युद्ध ने अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था में मूलभूत बदलाव किए हैं और उक्त परिवर्तन नवीनतम हो सकते हैं।

## डॉ. सतीश...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को शांत कर पाएंगे? क्या उस मामले को लेकर एक्शन ले पाएंगे? अवैध खनन केवल भरत सिंह के शब्दों से ही नहीं, राजस्थान में जितना माफिया पनपा, उसमें अशोक गहलोत की कांग्रेस पार्टी की सरकार के शासन में राजस्थान की जनता के सामने जो सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न है वह अवैध माइनिंग है, क्या उस पर आप लगाम लगा पाएंगे?

# दिल्ली में "ऑनलाइन" दवाओं की सेल व टैस्टिंग को रेगुलेट करने के लिए कोई कानून नहीं है

## दिल्ली सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट में शपथ पत्र दायर कर यह तथ्य स्वीकार किया

-यादवेंद्र शर्मा-

- **इससे पूर्व 2202 में दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार को आदेश दिये थे कि वह इन दोनों मुद्दों पर नियंत्रण पाने के लिए कोई व्यवस्था अथवा कानून तैयार करे।**
- **दिल्ली सरकार ने अपने शपथ पत्र में कहा है कि, दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार मई 2022 में एक "गाइडलाइन" पारित की थी, जिसकी क्रियान्विति की जिम्मेदारी जिला मजिस्ट्रेट्स के हाथ में है।**
- **इस मामले में याचिकाकर्ता डॉक्टर रोहित जैन की ओर से पैरवी कर रहे वकील शशांक देवसुधि ने कहा कि, "गाइडलाइन" केवल गाइडलाइन होती है और कानून-कानून होते हैं।**

जयपुर, 10 दिसम्बर। दिल्ली हाईकोर्ट में गैरकानूनी रुप से ऑनलाइन कोविड टैस्ट करने का दावा कर रहे "ऑनलाइन फार्मेसी" के खिलाफ दायर मामले में अदालती आदेशों के बाद दिल्ली सरकार की ओर से शपथ पत्र पेश किया गया। इस मामले में दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव वीरेन्द्र सिंह रावत ने अदालत को कहा कि दिल्ली सरकार ने ऐसा कोई भी कानून पारित नहीं किया है, जिसके तहत अवैध तरीके से ऑनलाइन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का दावा कर रही कंपनियों के खिलाफ कार्यवाही की जा सके। उन्होंने सरकार की ओर से दायर शपथ पत्र में कहा कि दिल्ली सरकार ने इसी मामले में 9 मई 2020 को पारित आदेशों की पालना के अनुसार 31 मई 2022 को डिज़ास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत गाइड लाइन पारित की थी, परंतु इन गाइड लाइंस की पालना करवाना जिला मजिस्ट्रेट के हाथों में ही है। यह मामला डॉक्टर रोहित जैन की ओर से दायर किया गया है जिसमें कई "ऑनलाइन एग्रीगेटर" या "ऑनलाइन फार्मेसी" के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की गई है, क्योंकि यह कंपनियां कोविड तथा अन्य गंभीर बीमारियों की जांच का दावा करती हैं, परंतु यह कंपनियां ना तो सरकार द्वारा, ना ही आई.सी.एम.आर. या एन.ए.बी.एल. द्वारा प्रमाणित हैं। यहां तक कि यह पुष्टि भी नहीं की जा सकती कि इन लैबों ने मरीजों से प्राप्त सैंपलों की जांच भी की है कि नहीं।

डॉ.रोहित जैन जयपुर के निवासी हैं और उनकी ओर से इस मामले में पैरवी अधिवक्ता शशांक देवसुधि कर रहे हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट से करोना संक्रमण की मुफ्त जांच कराने के लिये अधिवक्ता शशांक देवसुधि ने ही जनहित याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका के पक्ष में फैसला करते हुए आदेश पारित किये थे कि पूरे देश में आई.सी.एम.आर. और एन.ए.बी.एल. द्वारा प्रमाणित लैब ही करोना की जांच कर सकती हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2017 में भी आदेश पारित किये थे कि बड़ी लैबों में एम.डी.स्तर के डॉक्टर ही टैस्टिंग के लिये जिम्मेवार हों और वे ही टैस्ट की रिपोर्ट भी हस्ताक्षरित करें।

इस मामले में जब अधिवक्ता शशांक देवसुधि से बात हुई तो उन्होंने कहा कि देश की राजधानी में भी इन "ऑनलाइन एग्रीगेटर" कंपनियों की ठगी को रोकने के लिये कोई कानून नहीं है, जबकि सुप्रीम कोर्ट मेडिकल लैब, जो करोना तथा अन्य गंभीर बीमारियों की टैस्टिंग करती हैं, उनके संदर्भ में दो बार फैसला दे चुका है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा पारित "गाइड लाइन" कोई कानून नहीं है और कानून के अभाव में मुजरिमों के खिलाफ कैसे कार्यवाही की जायेगी? उन्होंने कहा कि इस गाइड लाइन में मुजरिमों को क्या दंड दिया जाये, इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है। उन्होंने कहा कि यह मामला दिल्ली की परिसीमा के भीतर का ही नहीं है, क्योंकि करोना जैसी बीमारियों की "ऑनलाइन" जांच करने का दावा कर रही कंपनियां पूरे देशभर में सक्रिय हैं और जिन्हें नियंत्रित करने का कोई कानून नहीं है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908




बड़ी बचत S-PRESSO ₹61 000* WAGONR ₹57 000* ALTO ₹57 000*

ऑफ़र सिर्फ़ स्टॉक रहने तक मान्य है।

S-PRESSO WAGONR ALTO

E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk orders, mail at: bharat.mittal@maruti.co.in

AUTHORISED DEALERS: JAIPUR CITY: PREM MOTORS PVT. LTD: CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: CALL: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: CALL: 4411111, 9785023000. AURIC MOTORS PVT LTD.: MANSAROVAR: CALL: 8929207471. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: CALL: 9209056789. VIPUL MOTORS PVT. LTD.: TONK ROAD: CALL: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: CALL: 4065555, 9660000363. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: ADARSH NAGAR: CALL: 4074444, 9549650361. BANIPARK: CALL: 4072222, 2201365, 8698003009. SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.: MALVIYA NAGAR: CALL: 2523400, 8302890000. SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.: TONK ROAD: CALL: 2793924/5/6/7, 4110100, 9772210902. JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.: DAUSA: CALL: 9773364861. LALSOT: CALL: 9773364863. BANDIKUI: CALL: 9773364864. MAHWA: CALL: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: CALL: 9773364865. UNIARA: CALL: 7742944482. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: PHULERA: CALL: 7412077062. SAMBHAR: CALL: 7412068410. ACHROL: CALL: 7412077078. FORTUNE CARS: KARAULI: CALL: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: CALL: 9214794314 / 8875007758. PREM MOTORS PVT. LTD.: BASSI: CALL: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: CALL: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: CALL: 8058794021. BAGRU: CALL: 8058401166. KOTPUTLI: CALL: 8058794121. JOBNER: CALL: 8058796065. RENWAL: CALL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: CALL: 8058794042. DUDU: CALL: 8058406655. PHAGI: CALL: 8058403338. KANOTA: CALL: 8058794167. TUNGA: CALL: 8058794137. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: TONK: CALL: 9549651924. CHAKSU: CALL: 9549651926. SHAHPURA: CALL: 8696925275. DEOLI: CALL: 8696934957. MALPURA: CALL: 9549650513. NIWAI: CALL: 9667777114. PAOTA: CALL: 9549650495. VIRATNAGAR: CALL: 6350612446. JAMWA RAMGARH: CALL: 6350612727. SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.: CHOMU: (MORIJA ROAD): CALL: 9772210096 / 9772210906. GOVINDGARH: CALL: 9772210451. AJMER: RELAN MOTORS: CALL: 0145-2610106, 9214444222. AJMER AUTO: CALL: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. ALWAR: MG MOTORS: CALL: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. BIKANER: DUDI AUTOMOBILES: CALL: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: CALL: 7412075151. AURIC MOTORS: CALL: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS: CALL: 8955559963. DUDI AUTOMOBILES: PADAMPUR: CALL: 7412075151. SIKAR: JAMU AUTOMOBILES: CALL: (01572) 245515 / 246219. NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES: CALL: 9785644715. JHUNJHUNU: AURIC MOTORS: CALL: 8955664400. CHURU: AURIC MOTORS: CALL: 01562-250696, 8875010502. KOTA: BHATIA & COMPANY: CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: CALL: 0744-2365092, 9829035100. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: CALL: 0744-2439000, 9829799009. SUWALKA MOTORS PVT. LTD.: KUNHARI: CALL: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: CALL: 9116178527. BHAWANIMANDI: CALL: 9116178557. KHANPUR: CALL: 07430-299240, 8306333715. JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED: SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: CALL: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: CALL: 6377715171. AHORE: CALL: 9015900500. SAYLA: CALL: 9015900500. SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.: PRATAP NAGAR: CALL: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: CALL: 9928841300, 9116150669, 9929244402. L.M.J. SERVICES LTD: A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: CALL: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. NAGAUR: MANGALAM MOTORS: CALL: 9116008626, 9116008630. PALI: L.M.J. SERVICES LTD.: CALL: 02932 - 256177, 8094011136. SIROHI: NAVNEET MOTORS: CALL: 02972-222917-18, 7665010638. UDAIPUR: NAVNEET MOTORS: MADRI: CALL: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: CALL: 0294-2415142, 7230046381. TECHNOY MOTORS: GOVARDHAN VILLAS: CALL: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. BANSWARA: NAVNEET MOTORS: CALL: 9414159145, 7665010632, 7412074100. BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES: CALL: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. CHAMPION CARS: CALL: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. BHARATPUR: TM MOTORS: CALL: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY: CALL: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117.

*Offer includes consumer offer, retail support, exchange offer and ISL/ Rural offer (wherever applicable) on S-Presso (Petrol- all variants except AGS), WagonR (1.2 L Petrol- all variants except AGS) and Alto 800 (Petrol- all variant except STD). *Terms & Conditions apply. Creative visualization. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for limited period & for limited stock only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Price applicable on the date of invoice shall be applicable. Above offers are valid till 31st December 2022 or till stocks last, whichever is earlier.